खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें :- jabdesh1@yahoo.com
# देशबन्धु
जबलपुर, गुरूवार 07 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 301 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

# साँची बनी देश की पहली सोलर सिटी

## अब ऊर्जा संरक्षण क्षेत्र में पथ प्रदर्शन करेगी साँची : शिवराज



- मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण, साँची में 63 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर लगाए गए
- साँची सोलर सिटी से वार्षिक 14 हजार टन से अधिक कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी

**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज रायसेन जिले में स्थित विश्व धरोहर स्मारक स्थल साँची नगर को प्रथम सोलर सिटी के रूप में लोकार्पित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान कहा कि आज अक्षय ऊर्जा के अधिकतम उपयोग की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया और इस क्षेत्र में कार्य करने का मंत्र दिया है, उसे सामाजिक दायित्व मानकर पूरा करने की दिशा में मध्यप्रदेश आगे बढ़ा है। मध्यप्रदेश ओंकारेश्वर में भी बांध की सतह पर सोलर पैनल लगाकर 600 मेगावाट क्षमता के संयंत्र स्थापित करने की पहल की गई है। साँची से कभी विश्व को शांति का संदेश पहुँचा था।

अब साँची सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पथ-प्रदर्शन करेगा। कार्यक्रम में नवकरणीय विभाग और आईआईटी कानपुर के मध्य साँची को नेट जीरो सिटी बनाने के करारनामे पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोयले और अन्य साधनों से बिजली के उत्पादन का पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। पारम्परिक माध्यमों को छोड़कर प्रकृति को नुकसान पहुँचाए बिना सौर ऊर्जा उत्पादन की शुरूआत के लिए साँची के नागरिक, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग और सभी वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न संस्थानों से पधारे विद्वानों, वैज्ञानिकों और ऊर्जा संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों का अभिनन्दन करते हुए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह साँची और देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा है। साँची के पास नागौरी में तीन मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना के फलस्वरूप साँची सोलर सिटी बनी है। निकट भविष्य में गुलगांव में पाँच मेगावाट की सौर परियोजना स्थापित होगी जो कृषि क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची सोलरसिटी से वार्षिक 14 हजार टन से अधिक कार्बन डाईआक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 2 लाख 38 हजार से

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## सार संक्षेप

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक किए जा सकते हैं नामांकन

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण योगदान के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म पुरस्कारों के वास्ते ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिशें इस महीने की 15 तारीख तक की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित किये गये थे और इनके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### तमिलनाडु में सड़क हादसा, सात की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बुधवार को एक सड़क हादसे में एक साल के मासूम बच्ची सहित एक ही परिवार को सात लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित हादसे के समय ओमनी वैन से सलेम जा रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया तथा वाहन चिन्नगौनदनूर में खड़े ट्रक से जा टकराया। सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान पलानीस्वामी, पी. पपति, सेलवराज, मंजूला अरुणुगम तथा मासूम बच्ची संजना के तौर पर हुई है।

### एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार का कैंसर से निधन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के शीर्ष आईपीएस अधिकारियों में से एक और एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। चार साल पहले, उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केरल छोड़ दिया था और विशेष सुरक्षा समूह से जुड़े थे। वह इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सेवा विस्तार दिया गया था।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-एक बिस्किट कम निकलने पर उपभोक्ता ने फोरम के जरिए कंपनी से एक लाख जुर्माना ले लिया।
**चुहिया- हां प्रिये**- हम तो बार-बार कह रहे हैं उपभोक्ता का जागरूक होना बहुत जरूरी है।

## अपने मंत्रियों से बोले मोदी..

# 'सनातन' पर उदयनिधि को सही तरह से जवाब देना जरूरी है



### 'इंडिया बनाम भारत विवाद पर बोलने से बचना चाहिए'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि के सनातन बयान ने राजनीति गलियारों में सियासी भूचाल लाने का काम किया है। अब इस विवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है।

मंत्रिपरिषद की बैठक में उन्होंने दो टूक कहा है कि-उदयनिधि के बयान पर सही तरह से जवाब देना बहुत जरूरी है। इसके अलावा उनकी तरफ से इस बात पर भी जोर दिया गया है कि इंडिया बनाम भारत की जो डिबेट चल रही है, उस पर खुलकर कुछ भी बोलने से बचना चाहिए।

इसी तरह जी-20 पर भी सिर्फ वहीं लोग बोलें जिन्हें इसकी जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में माना गया कि बैठक में कुछ खास मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। इसके अलावा पीएम मोदी ने मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को सलाह दी है कि जी-20 का जो डिनर आयोजित किया गया है, उसमें सभी अपनी गाड़ियों से ही आएं।

# गणेश चतुर्थी से नए संसद भवन का श्रीगणेश



## 18 को विशेष सत्र के पहले दिन पुरानी बिल्डिंग में होगा कामकाज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** बार-बार की अटकलों बीच अब नए संसद भवन में संसदीय कार्यवाही का मुहुर्त तय हो गया है। 18 सितम्बर से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। जो कि संसद की पुरानी इमारत से ही शुरू हो रहा है।

अगले दिन 19 सितम्बर यानि गणेश चतुर्थी के दिन संसद की कार्यवाही नए संसद भवन में स्थानांतरित कर दी जाएगी। नया संसद भवन पूरी तरह बनकर तैयार है। 18-22 सितम्बर तक चलने वाले संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही गणेश चतुर्थी के दिन यानि 19 सितम्बर से नए भवन से ही संचालित की जाएगी।

# चीन, मणिपुर, महंगाई सहित नौ मुद्दों पर सोनिया की मोदी को चिट्ठी



## संसद सत्र में इन मुद्दों पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली, एएनआई।** केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से पांच दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर आयोजित किया जाएगा।

हालांकि, केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए इस विशेष सत्र का मूल उद्देश्य क्या है उसकी जानकारी स्पष्ट तौर पर सामने नहीं आई है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि इस सत्र के दौरान वह देश के महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने वाली है। बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि संसद का विशेष सत्र विपक्ष से बिना किसी पूर्व चर्चा के बुलाया गया है और उन्होंने सत्र के एजेंडे की जानकारी भी मांगी है। इस चिट्ठी में मणिपुर में हिंसा सहित नौ मुद्दों को चर्चा करने की मांग की गई है।

## मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# हिमाचल-उत्तराखंड को 1664 करोड़ का आवंटन

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश तथा उत्तराखंड को औद्योगिक विकास योजना के तहत 1664 करोड़ रुपए की मदद करने का निर्णय लिया है ताकि दोनों पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास को गति मिले और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तराखंड और हिमाचल में पलायन की समस्या है। रोजगार के अवसर नहीं होने से वहां लोग बड़ी संख्या में पलायन करते हैं इसलिए वहां औद्योगिक विकास आवश्यक है। इसी जरूरत को देखते हुए सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने एक दिसम्बर 2002 को विशेष औद्योगिक पैकेज पहाड़ी राज्य हिमाचल, उत्तराखंड तथा जम्मू- कश्मीर को दिया था जिसके कारण वहां बड़े स्तर उद्योग खुले, निवेश हुआ और लोगों को रोजगार मिला।

## नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण के लिए सब्सिडी

सरकार ने देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा देने के के लिए बड़ी बैटरियों के विनिर्माण पर 3760 करोड़ रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय किया है। वर्ष 2030 तक देश की कुल ऊर्जा जरूरतों में कम से कम 50 प्रतिशत की पूर्ति गैर जीवाश्म स्रोतों से सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# एक देश एक चुनाव कमेटी की पहली बैठक आज

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के घर पर जुटेंगे सदस्य

**नई दिल्ली।** देश में वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर चर्चा चल रही है। केंद्र सरकार ने कुछ दिनों पहले वन नेशन, वन इलेक्शन के अध्ययन के लिए 8 सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में वन नेशन, वन इलेक्शन कमेटी की पहली आधिकारिक बैठक आज होने की संभावना है।

जानकारी के मुताबिक, दोपहर 3 बजे बैठक होगी। कुछ दिनों पहले रामनाथ कोविंद ने कानून मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की थी। यह बैठक रामनाथ कोविंद के आवास पर होगी।

कमेटी में कुल 8 लोग शामिल हैं। इसमें अमित शाह, अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, एनके सिंह, सुभाष कश्यप, हरीश साल्वे और संजय कोठारी अन्य सदस्य होंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने इस कमेटी से अपने आप को अलग कर लिया है। केंद्र सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन कराने के पीछे तर्क दिया है कि इससे चुनाव पर खर्च होने वाले सैकड़ों-हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। यदि एक देश, एक चुनाव लागू होता है तो पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे और मतदान भी एक ही समय पर होगा। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी कई बार एक देश, एक चुनाव की चर्चा कर चुके हैं। नवंबर 2020 में पीठासीन अधिकारियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि वन नेशन, वन इलेक्शन न केवल बहस का विषय है, बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है।

# एमबीबीएस विद्यार्थियों के लिए एनएमसी ने जारी की नई गाइडलाइन

### चार वर्ष में फर्स्ट ईयर और 10 वर्ष तक फाइनल पास नहीं किया तो नहीं मिलेगी डिग्री

**नई दिल्ली।** मेडिकल कॉलेजों और स्टूडेंट्स के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन नियम तैयार करता है। एनएमसी मेडिकल संस्थाओं की निगरानी का भी काम करता है। समय-समय पर कमीशन मेडिकल छात्रों के लिए गाइडलाइंस भी जारी करता है। ऐसे में कमीशन की तरफ से एक और गाइडलाइंस जारी की गई है। बता दें कि अब एमबीबीएस छात्रों को फर्स्ट इयर की परीक्षा 4 सालों में और पूरी एमबीबीएस की पढ़ाई 10 सालों में पास करनी होगी। ऐसे में अगर कोई भी स्टूडेंट 4 वर्ष में फर्स्ट इयर और 10 वर्ष तक फाइनल इयर की परीक्षा पास नहीं कर पाता है। तो उस छात्र को कॉलेज से बाहर कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में छात्र का

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज

# सुको ने कहा- हम दखल क्यों दें?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश में लगातार धर्मांतरण के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, स्वेच्छा से अपने धर्म को छोड़कर किसी दूसरे धर्म को अपनाना अपराध नहीं है, लेकिन अगर कोई धोखाधड़ी और लालच से जबरन किसी का धर्मांतरण कराता है, तो इसे अपराध की श्रेणी में रखा जाता है।



इसी को देखते हुए धर्मांतरण रोकने के लिए कदम उठाने की मांग वाली एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई। लेकिन, बुधवार (6 सितंबर) को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर विचार करने से इनकार कर इसे खारिज कर दिया। इस याचिका में केंद्र को देश में धोखाधड़ी से धर्मांतरण को रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

अदालत को इस मामले में क्यों प्रवेश करना चाहिए? अदालत सरकार को परमादेश की रिट कैसे जारी कर सकती है? मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता जेरोम एंटो की ओर से पेश वकील ने पीठ को तर्क दिया था कि हिंदुओं और नाबालिगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और उनका धोखाधड़ी से धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। इस पर पीठ ने जवाब देते हुए कहा,अगर कोई लाइव चुनौती है और किसी पर मुकदमा चलाया गया है तो हम उस पर विचार कर सकते हैं। पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा, ये कैसी जनहित याचिका है? जनहित याचिका एक टूल बन गई है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्‌टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

## उपभोक्ता

### पैकेट में कम निकला बिस्किट तो फोरम पहुंचा ग्राहक

# एक बिस्किट का एक लाख जुर्माना देना पड़ा

**नई दिल्ली।** महज एक बिस्किट कम होने पर उपभोक्ता ने जब दुकानदार और कंपनी तक शिकायत की और कोई सुनवाई नहीं हुई तो वह उपभोक्ता फोरम पहुंच गया और पूरा मामला सामने आने के बाद फोरम ने बिस्किट कंपनी पर एक लाख का जुर्माना ठोकते हुए ग्राहक को अदा करने का आदेश दे दिया।




एक बिस्किट के पैकेट की कीमत आमतौर पर 50 से 100 रुपये के बीच होती है। आमतौर पर ज्यादातर ग्राहक बिस्किट खाने से पहले ये चेक नहीं करते की पैकेट में बिस्किट की संख्या कितनी है। हालांकि, ज्यादातर पैकेट पर ये साफतौर पर लिखा रहता है कि एक पैकेट में बिस्किट की संख्या कितनी है।

साल 2021 में चेन्नई के एमएमडीए, माथुर के रहने वाले पी दिलीबाबू ने जानवरों को खिलाने के लिए सनफीस्ट मैरी लाइट बिस्किट का एक पैकेट खरीदा। पी दिलीबाबू ने जब पैकेट में बिस्किट की संख्या की गिनती की तो उसने देखा कि पैकेट में से एक बिस्किट गायब था यानी 16 की जगह पैकेट में 15 बिस्किट थे।

एक बिस्किट के गायब होने पर पी दिलीबाबू ने लोकल स्टोर से संपर्क किया तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने इस घटना के लिए आईटीसी से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन वहां से भी उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिले।

इसके बाद दिलीबाबू ने कंपनी और इसे बेचने वाले स्टोर के खिलाफ कंज्यूमर फॉरम में 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और अनुचित व्यापार व्यवहार और सेवा में कमी के कथित कृत्य के लिए मुआवजे के रूप में 10 करोड़ रुपये देने की मांग कर डाली।

**कंपनी ने यह दिया तर्क**-प्रथम विपक्षी पार्टी (कंपनी) के वकील ने तर्क दिया कि उत्पाद केवल वजन के आधार पर बेचा गया था, न कि बिस्किट के संख्या के आधार पर। हालांकि, कंपनी के इस तरह के तर्कों को स्वीकार नहीं किया गया। आदेश में कंपनी को बताया गया कि खरीददार वजन करके नहीं बल्कि पैकेट को देखकर बिस्किट खरीदते हैं। आयोग ने जब बिस्कुट के पैकेट का विज्ञापित शुद्ध वजन 76 ग्राम था। हालांकि, जब आयोग ने इसकी जांच की तो उन्हें पता चला कि सभी (15 बिस्कुट वाले) पैकेट की कीमत केवल 74 ग्राम थे।

हालांकि, कंपनी के वकील ने तर्क दिया कि लीगल मेट्रोलॉजी रूल्स 2011 का हवाला देते हुए, इसने तर्क दिया कि यदि पहले से पैक की गई वस्तु की घोषित शुद्ध मात्रा 50 ग्राम से 100 ग्राम के बीच है, तो ऐसी वस्तुओं पर घोषित मात्रा से 4.5 ग्राम की अधिकता या कमी की अधिकतम स्वीकार्य त्रुटि की अनुमति है।


लेकिन, 29 अगस्त को जिला उपभोक्ता मंच ने आईटीसी लिमिटेड खाद्य प्रभाग को यह आदेश दिया कि बिस्किट ब्रांड सनफीस्ट मैरी लाइट के पैकेट में दर्ज किए गए बिस्किट की संख्या में से एक बिस्किट कम पाया गया, इसलिए ग्राहक को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

# देश-विदेश

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने भाजपा से दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले मतभेदों का हवाला देते हुए बुधवार को भाजपा से इस्तीफा दे दिया। चंद्र कुमार बोस 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा के उपाध्यक्ष थे और 2020 में उन्हें हटा दिया गया था। अपने त्याग पत्र में उन्होंने लिखा है कि उन्हें बोस भाइयों - सुभाष चंद्र बोस और शरत चंद्र बोस की विचारधारा का प्रचार करने के लिए भाजपा से केंद्र या राज्य स्तर पर कोई समर्थन नहीं मिला। बुधवार को पश्चिम बंगाल भाजपा को तब झटका लगा जब नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पोते चंद्र कुमार बोस ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पार्टी को लिखे अपने इस्तीफे में उन्होंने कहा, मेरे स्वयं के उत्साही प्रचार प्रयासों को पश्चिम बंगाल में केंद्र या राज्य स्तर पर भाजपा से कोई समर्थन नहीं मिल पाया।

## चांद पर जहां लैंड हुआ विक्रम, नासा ने ली उस जगह की तस्वीर



**नई दिल्ली।** इसरो द्वारा भेजे गए चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। जिसके बाद से चांद की कई तस्वीरें सामने आई हैं। वहीं, अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर ने चंद्रयान-3 लैंडिंग साइट की तस्वीर खींची है। 23 अगस्त को अपनी सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद से अंतरिक्ष यान वर्तमान में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास है। नासा ऑर्बिटर से जुड़े कैमरे ने चार दिन बाद विक्रम लैंडर का एक तिरछा दृश्य (42-डिग्री स्लू कोण) प्राप्त किया, जिसे उसने नीचे छुआ था। 18 जून 2009 को लॉन्च किया गया, नासा ऑर्बिटर ने अब तक डेटा का खजाना एकत्र किया है, जो चंद्रमा पर ज्ञान के आधार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नासा ने कैप्चर की गई फोटो को शेयर करते हुए एक बयान में कहा कि वाहन के चारों ओर चमकीला प्रभामंडल रॉकेट प्लम के महीन दाने वाले रेजोलिथ (मिट्टी) के साथ संपर्क के कारण उत्पन्न हुआ।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सांची बनी देश की....

अधिक पेड़ों के बराबर है। ईकोफ्रेंडली सुविधाओं से पर्यावरण प्रदूषण रूकेगा। ई-व्हीकल को बढ़ावा दिया गया है। चार कमर्शियल चार्जिंग पाइंट तथा तीन ई-रिक्शा चार्जिंग पाइंट स्थापित कर दिए गए हैं। बैटरी वाहनों के चलने से 9 लाख से अधिक मूल्य के डीजल की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि साँची में करीब 7 हजार नागरिकों ने अपने घरों में सोलर स्टेंड लैंप, सोलर स्टडी लैंप, सोलर लालटेन का इस्तेमाल कर बिजली बचाने का संकल्प लिया है। हर घर सोलर की अवधारणा सफल हुई। लगभग 63 किलोवाट क्षमता के सौर संयंत्र घरेलू छतों पर लगाए गए हैं। शहर के केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों और प्रतिष्ठानों का इनर्जी आडिट करवाया गया। ऊर्जा साक्षरता आभियान के अंतर्गत साँची के लोगों ने ऊर्जा बचत और ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में जागरूकता का परिचय दिया। प्रतिवर्ष संयंत्रों के उपयोग से करीब 22 लाख रूपए के बिजली के बिल कम होंगे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि साँची को आईआईटी कानपुर के सहयोग से नेट जीरो शहर बनाने का संकल्प सराहनीय है। यह शहर पूरी दुनिया को दिशा दिखाएगा। लोक स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्री प्रभुराम चौधरी ने कहा कि साँची जो बौद्ध स्तूप के लिए प्रसिद्ध था अब सोलर सिटी के रूप में जाना जाएगा। प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2020 में सोलर सिटी विकसित करने का आव्हान किया था। साँची एक आदर्श सोलर सिटी की पहचान बनाएगा। साँची में आयोजित सोलर सिटी लोकार्पण कार्यक्रम में आईआईटी मुम्बई के प्रो. चेतन सिंह सोलंकी भी उपस्थित थे। जिन्होंने इंटर नेशनल सोलर मिशन में सक्रिय भूमिका निभाई है। श्री सोलंकी ग्यारह वर्षों से महत्वपूर्ण ऊर्जा संरक्षण अभियान से जुड़े हैं। इसके साथ ही वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीटयूट के सारांश वाजपेयी, आईआईटी कानपुर के आशीष गर्ग, राजीव जिंदल, रविशेखर, प्रो बी.के. सेठी, वी.के. सिन्हा, आरजीपीवी के कुलपति सुनील कुमार उपस्थित थे। जन-प्रतिनिधियों में किसान मोर्चा के दर्शन सिंह, रायसेन जिला पंचायत अध्यक्ष यशंवत सिंह, राकेश शर्मा उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध

### एमबीबीएस विद्यार्थियों....

डॉक्टर बनने का सपना अधूरा रह जाएगा। बीते शनिवार को एनएमसी द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के साथ सभी मेडिकल कॉलेजों और प्राचार्यों की ऑनलाइन मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग में मेडिकल शिक्षा से जुड़े बड़े फैसले लिए गए। इसके साथ ही स्टूडेंट्स की बायोमेट्री को भी अनिवार्य किया गया है। नए नियम के अनुसार, साल शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नए मेडिकल कॉलेज 150 से अधिक एमबीबीएस सीटों की पेशकश नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा एनएमसी द्वारा हर दस लाख आबादी वाले राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नए कॉलेजों के लिए 100 एमबीबीएस सीटों के अनुपात का पालन करना आवश्यक कर दिया है। एमएनसी द्वारा जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2024 में मेडिकल क्षेत्र में अधिक पारदर्शिता लाने की जरूरत है। इसलिए वार्षिक प्रवेश क्षमता के लिए नए मेडिकल कॉलेज शुरू करने के लिए अनुमति पत्र जारी किए जाएंगे। ऐसे में कॉलेजों के पास कम से कम 21 विभाग होना जरूरी है। वहीं नए क़लेजों को कक्षाओं में अस्पताल और रोगियों की देखभाल के लिए एनएमसी नियंत्रण कक्ष में लाइव-स्ट्रीम करना होगा।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड नरसिंहपुर म.प्र.**
**श्रीमती संगीता भारती राठौर**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000013/2023)
ग्यारसी बाई कोष्ठी..... आवेदक Vs आम जनता ........... अनावेदक
Process Id- / 2023 पेशी दिनांक:- 27/9/2023

प्रेषिती- (1) आम जनता पता-जिला नरसिंहपुर मप्र, (2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ग्यारसी बाई कोष्ठी पता ने मृतक दिनेश कुमार कोष्ठी पिता रामेश्वर प्रसाद बजरंग वार्ड कंदेली नरसिंहपुर तह. व जिला नरसिंहपुर म.प्र. की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27/9/2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27/9/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 2/9/2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा

**न्यायाधीश**
**श्रीमती संगीता भारती राठौर**
**न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश,वरिष्ठ खंड नरसिंहपुर म.प्र.**



### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-मण्डला (म.प्र.)

E-mail id-deodmandla01@gmail.com

क्रमांक / निर्वा./निविदा/2023/620 मण्डला, दिनांक 25/08/2023

**आगामी विधान सभा आम निर्वाचन-2023 / लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत डिजिटल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी कार्य हेतु ई-निविदा**

**आवेदन हेतु शल्क रुपये 1000.00 (एक हजार रुपये मात्र) Non Refundable (भाग एक)**

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना ( Tender ID 2023_DC_302321_1)**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक 6/5/2023/GF-2023/ Videography / 3566 दिनांक 08.06.2023 में दिये गये निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 / लोक सभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराने हेतु महत्तवपूर्ण घटनाओं, नामनिर्देशन कार्यवाही, प्रेक्षक, कानून व्यवस्था, व्यय लेखा संबंधी कार्यवाही, मतदान के समय चिन्हित मतदान केन्द्रों पर एवं अन्य समय-समय पर महत्वपूर्ण घटनाओं की डिजिटल विडियोग्राफी, फोटोग्राफी हेतु मेनपावर सहित कैमरे, किराये पर लिये जाने हेतु वेबसाईट www.mptenders.gov.in या https://mptenders.gov.in के माध्यम से GST पंजीकृत अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है। इस कार्य को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए समस्त निर्वाचन संबंधी कार्यों की महत्वपूर्ण रिकार्डिंग को बिना किसी बाधा के समय-सारणी (Time line) में पूर्ण किया जाना है। निविदा संबंधी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है-

| स.क्र. | Tender Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 28.08.2023 | 17.00 am |
| 2 | Document Sales Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 3 | Document Sales End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 4 | Bid Submission Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 5 | Bid Submission End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 6 | Technical Bid Opening Date | 20.09.2023 | 16.00 pm |
| 7 | Financial Bid Opening Date | कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार यथा समय। | |

किसी प्रकार के संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-19296/23

**(डॉ. सलोनी सिडाना) कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला (म.प्र.)**



### कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-मण्डला (म.प्र.)

E-mail id-deodmandla01@gmail.com

क्रमांक / निर्वा./निविदा/2023/583 मण्डला, दिनांक 21/08/2023

**आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 / लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित अभिलेखों की फोटोकापी/स्पायरल वाईडिंग कार्य हेतु ई-निविदा आवेदन हेतु शुल्क रु. 1000-00 ( एक हजार रुपये मात्र ) Non Refundable (भाग एक)**

**विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना ( Tender ID 2023_DC_302267_1)**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023/ लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निर्वाचन से संबंधित विभिन्न अभिलेखों (पेनड्राईव/पीडीएफ के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने वाले अभिलेखों सहित) की विभिन्न साईजों में ब्लैक एण्ड व्हाईट / कलर फोटोकॉपी एवं स्पायरल वाईडिंग कार्य हेतु GST पंजीकृत अनुभवी प्रतिष्ठित फर्मों से वेबसाईट www.mptenders.gov.in / https://mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा संबंधी कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित है-

| स.क्र. | Tender Schedule | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Published Date | 28.08.2023 | 17.00 am |
| 2 | Document Sales Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 3 | Document Sales End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 4 | Bid Submission Start Date | 29.08.2023 | 10.00 pm |
| 5 | Bid Submission End Date | 18.09.2023 | 17.00 pm |
| 6 | Technical Bid Opening Date | 20.09.2023 | 16.00 pm |
| 7 | Financial Bid Opening Date | कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार यथा समय। | |

किसी प्रकार के संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जावेगी। संशोधन संबंधित सूचनायें केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जावेगी।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-19310/23

**(डॉ. सलोनी सिडाना) कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मण्डला (म.प्र.)**



### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री मुन्ना कुशवाहा उम्र 56 वर्ष पिता श्री स्व. रामआसरे कुशवाहा निवासी-2908/1 पुरवा वीरेन्द्रपुरी वार्ड तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर के प्राप्त निर्देषों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि मेरा मंझला पुत्र नीलकण्ड लगभग 06 वर्षों से मेरे साथ निवास नहीं करता है मेरे नाम पर अन्य लोगों से लेन देन करने की कोशिश कर रहा है मैने नीलकण्ड स्वभाव को देखते हुए उसके साथ सभी संबंध समाप्त कर दिये हैं एवं आज दिनांक से नीलकण्ड के साथ मेरा कोई लेना देना नहीं है न ही नीलकण्ड एवं उसके वारिसों का मेरी समस्त चल एवं अचल संपत्तियों पर कोई अधिकार होगा तथा भविष्य में उसके साथ कोई घटना दुर्घटना होती है तो उसके लिये मेरे पक्षकार उसकी पत्नि व परिवार के अन्य सदस्य जबाबदार नहीं होगें। मेरे पक्षकार के पास चल एवं अचल संपत्ति स्वअर्जित है तथा मेरे पक्षकार ने अपनी संपूर्ण चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र नीलकण्ड कुशवाहा को निष्कासित कर दिया है अब नीलकण्ड कुशवाहा या उसकी पत्नि व वारिस और का मेरे पक्षकार के परिवार की संपत्ति पर कोई हक्क या हिस्सा नहीं होगा।

जबलपुर,
दिनांक ...........

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा**
र.नं. 1120 **जबलपुर, मो.नं. 9300122264**



### अनु. जाति/जन जाति एवं पिछडा वर्ग विद्युत मण्डल साख सहकारी मर्यादित करेली -आमसभा सूचना-

सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है अनु. जाति / जन जाति एवं पिछडा वर्ग विद्युत मण्डल साख सह. समिति मर्यादित करेली की वार्षिक साधारण आमसभा दि. 24.09.2023 को समिति कार्यालय में आयोजित की जावेगी । संबधित समितियो के सभी अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। नोटः- नियत समय पर गणपूर्ति के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घन्टे के लिए स्थगित की जावेगी । एवं आधा घन्टे बाद पुनः प्रांरभ की जावेगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी ।

**प्रबंधक**



### बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां - आमसभा की सूचना-

सभी अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नरसिंहपुर की कृषि शाखा से संबंद्ध बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की वार्षिक साधारण आमसभा निम्नलिखित दिनांकों को समिति कार्यालय में आयोजित की जावेगी । संबधित समितियों के सभी अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

| क्र. | समिति का नाम | आमसभा की दि. | आमसभा का स्थान | आमसभा का समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर | 22.9.2023 | समिति कार्यालय गोरखपुर | 11:00 बजे | |
| 2 | ऊसरी | 22.9.2023 | समिति कार्यालय ऊसरी | 12:30 बजे | |
| 3 | पाठा पिपरिया | 22.9.2023 | समिति कार्यालय मुंगवानी | 2:30 बजे | |
| 4 | देवनगर | 22.9.2023 | समिति कार्यालय देवनगर | 12:00 बजे | |
| 5 | करहैया | 22.9.2023 | समिति कार्यालय बचई | 3:30 बजे | |
| 6 | डांगीढाना | 22.9.2023 | समिति कार्यालय डांगीढाना | 2:00 बजे | |
| 7 | सगौनी | 23.9.2023 | समिति कार्यालय सगौनी | 11:00 बजे | |
| 8 | उमरिया | 23.9.2023 | समिति कार्यालय उमरिया | 12:30 बजे | |
| 9 | रामपिपरिया | 23.9.2023 | समिति कार्यालय रामपिपरिया | 2:30 बजे | |
| 10 | बैहरपौड़ी | 23.9.2023 | समिति कार्यालय बहोरीपार | 12:00 बजे | |
| 11 | धमना | 23.9.2023 | समिति कार्यालय धमना | 3:30 बजे | |
| 12 | सिंहपुर | 25.9.2023 | समिति कार्यालय सिंहपुर | 12:00 बजे | |
| 13 | लोकीपार | 25.9.2023 | समिति कार्यालय लोकीपार | 12:00 बजे | |
| 14 | कोसमखेड़ा | 25.9.2023 | समिति कार्यालय कोसमखेड़ा | 1:00 बजे | |
| 15 | करताज | 25.9.2023 | समिति कार्यालय करताज | 1:00 बजे | |
| 16 | नरसिंहपुर | 26.9.2023 | समिति कार्यालय नरसिंहपुर | 3:00 बजे | |
| 17 | विपणन करेली | 29.9.2023 | समिति कार्यालय करेली | 12:00 बजे | |

नोटः- नियत समय पर गणपूर्ति के अभाव में साधारण आमसभा की बैठक आधा घन्टे के लिए स्थगित की एवं आधा घन्टे बाद पुनः प्रांरभ की जावेगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नही होगी।

**प्रबंधक**



### भूमि कप्यूटर रिपेरिंग एवं सी.पी.सी.टी. ट्रेनिंग सेन्टर

**तहसील तिराहा, कुण्डम, मोबाईल नम्बर -7000768897**

#### क्या है सीपीसीटी परीक्षा

कंप्यूटर दक्षता प्रमाणन परीक्षा (Computer Proficiency Certificate Test) का उद्देश्य अभ्यर्थी की कंप्यूटर दक्षता चेक करना और उसका प्रमाणीकरण करना है. कई सरकारी नौकरियों में सीपीसीटी सर्टिफिकेट मांगा जाता है। चूंकि अब सभी सरकारी विभाग कंप्यूटराइज्ड हो गए हैं, इसलिए अभ्यर्थी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह कंप्यूटर ऑपरेट कर सकें।

सीपीसीटी परीक्षा में यह चेक किया जाता है कि अभ्यर्थी को कंप्यूटर का बेसिक ज्ञान हो. साथ ही कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से भी वह परिचित हो. साथ ही टाइपिंग की कुशलता भी जांची जाती है।

सीपीसीटी परीक्षा में शामिल होने की न्यूनतम आयु 18 साल है और अभ्यर्थी का 12वीं पास होना जरूरी है। सीपीसीटी परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को सबसे पहले सीपीसीटी पोर्टल पर पंजीकरण कराना जरूरी है. सहायक ग्रेड-3, सहायक ग्रेड-2, स्टेनो, डाटा एंट्री ऑपरेटर और आईटी ऑपरेटर, पटवारी जैसे पदों की भर्ती परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु सीपीसीटी स्कोर कार्ड होना आवश्यक है।


### कार्यालय परियोजना संचालक 'आत्मा' किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला शहडोल (म. प्र. )

क्र / आत्मा / प्रेस नोट / 2023-24 /113 शहडोल दिनांक 6/9/23

**प्रेस विज्ञप्ति**

#### कृषक पुरस्कार के लिये पात्र कृषकों से आवेदन 20 सितम्बर 2023 तक आमंत्रित

कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम 'आत्मा' अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2022-23 हेतु सर्वोत्तम समूह पुरस्कार एवं सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। इच्छुक कृषक निर्धारित प्रारूप में प्रविष्टियां पूर्ण कर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में 20 सितम्बर 2023 तक प्रस्तुत कर सकते है।

जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार की राशि 25 हजार, विकासखंड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार राशि 10 हजार, जिला स्तरीय सर्वोत्तम समूह पुरस्कार राशि 20 हजार रुपये दी जायेगी। जिले के ऐसे उन्नतशील कृषक जिनके द्वारा वैज्ञानिक तरीके से नवीन कृषि तकनीक अपनाकर कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन तथा कृषि अभियांत्रिकी में सर्वोत्तम उत्पादन प्राप्त किया जा रहा है। वे कृषक इस पुरस्कार के लिए पात्र होंगे। आवेदन पत्र का प्रारूप विकासखंड स्तर पर संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है ऐसे कृषक जो पूर्व में पुरस्कार प्राप्त कर चुके है उनको आगामी 10 वर्षों तक पुरस्कार हेतु शामिल नहीं किया जा सकेगा।

**परियोजना संचालक 'आत्मा'**
**किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला शहडोल**


### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला जेल के सामने बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष क्र. 07632-358737 ई-मेल :-dpepiu.balaghat@mp.gov.in

एनआईटी नं.-23/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा./एपीडी जबलपुर दिनांक 28.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| सं. क्रं | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की राशि (कार्य की लागत) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रु. में) | ठेकेदार / फर्म की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 2023_PWPIU_303365_1 | शासकीय विधि महाविद्यालय बालाघाट, जिला बालाघाट का निर्माण मय आंतरिक विद्युतीकरण कार्य। | बालाघाट | 605.56 | 605560.00 | 20000.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग से पंजीकृत | 15 माह |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 01.09.2023 समय दोपहर 1.00 बजे से दिनांक 15.09.2023 समय शाम 6.00 बजे तक तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, बालाघाट (म.प्र.)**

G-19287/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।



### कार्यालय नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Subhash Ward, Narsinghpur Phone: 07792-230402 Email: cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 1913 / ई-टेण्डर//2023-24 नरसिंहपुर, दिनांक- 04.09.2023

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है -

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2023_UAD_303689_1 06.09.2023 | महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में रेवानगर जनकार्यालय से संतोष नेमा के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 583878.00 | 2000.00 5850.00 | 25/09/2023 |
| 2 | 2023_UAD_303690_1 06.09.2023 | महाजनी वार्ड में राजपूत के मकान से सगरी नदी पुलिया तक, नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 257674.00 | 2000.00 2600.00 | 25/09/2023 |
| 3 | 2023_UAD_303691_1 06.09.2023 | महाजनी वार्ड में कलीम भाईजान से इल्लू भाईजान के घर से होते हुए कुलदीप के मकान तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 358227.00 | 2000.00 3600.00 | 25/09/2023 |
| 4 | 2023_UAD_303692_1 06.09.2023 | महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में साहू जी के प्लाट के आगे मेन रोड से लेकर चैन सिंह पटेल तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 451514.00 | 2000.00 4550.00 | 25/09/2023 |
| 5 | 2023_UAD_303693_1 06.09.2023 | महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड में भाटी जी के मकान से चक्रेश अग्रवाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य । | 02 माह 307052.00 | 2000.00 3100.00 | 25/09/2023 |
| 6 | 2023_UAD_303694_1 06.09.2023 | रेस्ट हाउस के पास एकांत पार्क में चेनलिंक फेंसिंग का कार्य। | 02 माह 423664.00 | 2000.00 4250.00 | 25/09/2023 |
| 7 | 2023_UAD_303695_1 06.09.2023 | नरसिंह वार्ड में रूप कुमार सोनी से मर्चेन्ट तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 675363.00 | 2000.00 6760.00 | 25/09/2023 |
| 8 | 2023_UAD_289140_2 06.09.2023 | कृष्णा वार्ड में सी.एम.राईज स्कूल से शुभनगर नाला तक नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 908263.00 | 2000.00 9100.00 | 25/09/2023 |
| 9 | 2023_UAD_289143_2 06.09.2023 | शिवाजी वार्ड में प्रेमसंस फर्नीचर दुकान से राजभोग स्वीट्स होते हुए सिंहपुर चौराहा तक नाली निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 01 माह 733451.00 | 2000.00 7350.00 | 25/09/2023 |
| 10 | 2023_UAD_281452_3 06.09.2023 | शंकराचार्य वार्ड में सोनम ताम्रकार के मकान के पास दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह 124341.00 | 1000.00 2500.00 | 25/09/2023 |
| 11 | 2023_UAD_281453_3 06.09.2023 | तिलक वार्ड में बाबाघाट पर बाउण्ड्रीवाल, पेवर ब्लॉक, घाट तथा चबूतरा निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह 308610.00 | 2000.00 3100.00 | 25/09/2023 |
| 12 | 2023_UAD_281454_3 06.09.2023 | तिलक वार्ड में राम कहो के घर से अशीष त्रिवेदी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह 455883.00 | 2000.00 4560.00 | 25/09/2023 |
| 13 | 2023_UAD_281455_3 06.09.2023 | तिलक वार्ड में राजा ढोल वाले के घर से मुन्नीबाई गुप्ता तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह 489123.00 | 2000.00 4900.00 | 25/09/2023 |

नोट 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा. पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर**



### इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD

आंचलिक कार्यालयः द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक सतना (म.प्र.)- 485001 फोनः 07672-222336

#### कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम- 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम- 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदारका नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंकुठपुर | **ऋणी- श्री मिथलेश सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह,** पताः मकान नं. 17/172, नरेन्द्र नगर, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा **ऋणी/बंधककर्ता- 1. श्री मिथलेश सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह,** पताः मकान नं. 17/172, नरेन्द्र नगर, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा **जमानतदार- 2. श्री श्यामलाल सिंह पिता धर्मेन्द्र सिंह,** ग्राम एवं पोस्ट- मझियार- 486440 **जमानतदार- 3. श्री ज्ञानेन्द्र सिंह पिता श्री मोती लाल सिंह,** ग्राम- बरहा, पोस्ट- कोठी, तहसील- सिरमौर, जिला- रीवा- 486220 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी- श्री मिथलेश सिंह, स्थित डायवर्टेड भूमि खसरा नं. 441/6/1, एरिया- 1611 वर्गफुट (निर्मित एरिया) स्थित ग्राम- खुटेही 135, पटवारी हल्का रीवा 31, आर.आई. सर्किल- रीवा, तहसील- हुजूर, जिला- रीवा। चतुर्सीमाः उत्तर- अरूनेश सिंह का मकान, दक्षिण- मदनेश सिंह का प्लाट, पूर्व- वैद्य का प्लाट, पश्चिम- रोड। | 19/05/2023 | 02/09/2023 | रू. 10,54,903/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | नागौद | **ऋणी/बंधककर्ता- 1. श्रीमति उपमा सिंह परिहार** **ऋणी- 2. श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार,** प्रतिनिधित्व ऋणी श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पता- वार्ड नं. 7, बरकाछी मकान, सिंहपुर चौक, तहसील- नागौद, जिला- सतना | सम्पत्ति के सभी भू- भाग सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति उपमा सिंह परिहार पत्नि श्री धर्मेन्द्र सिंह परिहार, स्थित अराजी नं.- 349/1/30, एरिया- 0.836 हेक्टे. मौजा- नमतरा, वार्ड नं. 09, प.ह.नं.- 32, राजस्व निरीक्षक मण्डल- नागौद, तहसील- नागौद, जिला- सतना (म.प्र.) (सेल डीड नं. 1069 दिनांकः 31/03/2009, पेज नं. 44 से 47, वॉल्यूम नं. 1777), चतुर्सीमाः उत्तर- अराजी नं.- 349/1/30 का बचा हुआ एरिया, दक्षिण- अराजी नं.- 349/1/30 का बचा हुआ एरिया, पूर्व- अराजी नं.- 349/1/30 का बचा हुआ एरिया, पश्चिम- अराजी नं.- 349/1/30 का बचा हुआ एरिया। | 18/05/2023 | 05/09/2023 | रू. 16,35,402/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

दिनांकः 07/09/2023
स्थान- सतना

**प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**

# देश-प्रदेश

## उवाच: प्रधानमंत्री में दिख रही घबराहट : रमेश



**नई दिल्ली।** जयराम रमेश ने इंडिया या भारत नाम विवाद पर कहा, संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत .. इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री में ना केवल घबराहट दिखाई दे रही है, बल्कि थकावट भी दिख रही है। इंडिया गठबंधन की तीन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री और उनके रणनीतिकार घबरा गए हैं।'

## जी-20 शिखर सम्मेलन : सेना का ड्रोन सिस्टम किया गया तैनात

- बम निरोधक दस्ता भी करेगा निगरानी
- 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट की सुरक्षा भारतीय सेना का खोजी दस्ता और बम निरोधक दस्ता करेगा। सेना सूत्रों के मुताबिक सेना ने ड्रोन के जरिए होने वाले संभावित हमलों को रोकने के लिए काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी तैनात किया है। इसके अलावा जी-20 सम्मेलन के 2 दिनों तक चलने वाले मुख्य आयोजन में दिल्ली पुलिस के जवानों और वॉलेंटियर्स समेत 40 हजार लोगों की ड्यूटी लगाई गई है।

### इंडिया गेट भी रहेगा बंद

दिल्ली-एनसीआर में 8 सितंबर से 10 सितंबर तक पब्लिक हॉलिडे की घोषणा की गई है। उससे पहले 7 सितंबर को जन्माष्टमी की सरकारी छुट्टी है। इतना ही नहीं, कार्मिक मंत्रालय ने पिछले महीने जारी आदेश में कहा था कि जी- 20 सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय भी बंद रहेंगे।

खंडवा में केन्द्रीय मंत्री ने किया जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ, बोले-

## देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा मप्र



**भोपाल, देशबन्धु।** जिस मध्यप्रदेश में 5-6 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, वहां अब 30 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। बच्चों को शिक्षा, किसानों को पानी और बिजली मिल रही है। गांवों में उद्योग लग रहे हैं, जिनसे लोगों को रोजगार मिलेगा। अधोसंरचना में तेजी से सुधार हो रहा है। मध्यप्रदेश में इंदौर-हैदराबाद और देहली-मुंबई हाईवे बन रहे हैं, जिनके तैयार हो जाने पर एक घंटे में ओंकारेश्वर और 2 घंटे में बुरहानपुर से इंदौर पहुंचा जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी, ट्रांसमिशन नेटवर्क का लगातार विकास हो रहा है और मध्यप्रदेश देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा है। यह बात केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खंडवा में जन-आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही।

### खंडवा मप्र में बिजली का हब है : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि जो असम्भव को संभव कर दें, उनका नाम नितिन गडकरी है। मध्यप्रदेश की सड़कों को लेकर जब-जब गडकरी जी को अवगत कराया है, उन्होंने हमारी हर समस्या का निदान कराया है। श्री चौहान ने कहा कि आज जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत हो रही है और बारिश का मौसम बन रहा है। अगर किसानों पर संकट आए तो घबराना नहीं, सरकार आपकी हर समस्या का निदान करेगी। श्री चौहान ने कहा कि हम पानी और कोयले से बिजली बना रहे हैं और खंडवा मध्यप्रदेश में बिजली का हब है।

3 दिन तक चली मैराथन बैठकों के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा- हम चुनाव के लिए तैयार

## विस चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे कर सकेंगे मतदान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में आयोग ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का विशेष ख्याल रखा है अब उन्हें घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लगातार 3 दिन चली मैराथन बैठकों के बाद देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव के लिए आयोग पूरी तरह तैयार है।

उन्होंने बताया कि इस बुजुर्ग और दिव्यांगों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए फार्म 12 डी भरकर चुनाव की अधिसूचना जारी होने के 5 दिन के भीतर निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। आयोग की टीम मतदान के पूर्व घर पहुंचेगी और डाक मतपत्र भरवाकर सीलबंद लिफाफे में जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएगी। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी।

वहीं इस बार कर्मचारियों को घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा नहीं मिलेगी। उन्हें प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले मतदान करना होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग का दल 3 दिवसीय दौरे पर भोपाल में था। इस दौरान चुनाव आयोग ने जहां राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

### नामांकन के बाद मानेंगे प्रत्याशी

भाजपा द्वारा घोषित 39 प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जा रही राशि को निर्वाचन व्यय में जोड़ने के प्रश्न पर कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशी माना जाता है और उस समय पूरी नजर रखी जाएगी।

### विधानसभा चुनाव समय पर होंगे

एक देश-एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं और लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हालिया अटकलों से जुड़े सवालों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बारे में स्पष्ट प्रावधान हैं। आयोग का काम चुनाव कराना है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पहले चुनाव कराए जाते हैं और उसके अनुसार ही समय पर चुनाव कराए जाएंगे।

### प्रत्याशी के बारे में देनी होगी जानकारी

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव में राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को भी मैदान में उतार देते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में मतदाताओं को जानने का हक है, इसीलिए चुनाव आयोग एक नई व्यवस्था कर रहा है, जिसके तहत अगर उम्मीदवार का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे अपने क्षेत्र में 3 बार प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्रसारित करना होगा, जिसमें उसे यह बताना होगा कि उस पर इस तरह के प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह राजनीतिक दल को भी यह प्रकाशित करना पड़ेगा और बताना होगा कि उनको आपराधिक पृष्ठभूमि का उम्मीदवार ही क्यों चुनना पड़ा, उन्हें बताना पड़ेगा क्या उसे क्षेत्र में कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं मिला है और उसने आपराधिक छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों बनाया।

शीर्ष अधिकारियों को दिए निर्देश

### 3 साल से एक ही जगह जमे अधिकारी हटेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निष्पक्ष चुनाव के लिए 3 साल से एक ही जगह जमें अधिकारियों कर्मचारियों को हटाया जाए। यह निर्देश कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए।

**ग्वालियर चंबल पर ध्यान दें, कोई गड़बड़ी न होने पाए**

इससे पहले श्री कुमार ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि चंबल और ग्वालियर अंचल में कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल क्षेत्र पर विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाए। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने अभियान चले और सख्ती हो। संविदा अधिकारी-कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी से पूरी तरह दूर रखें।

## आईआईटी मंडी के 10 छात्र किए गए निलंबित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की आईआईटी-मंडी ने बुधवार को बताया कि दस छात्रों को फ्रेशर्स से रैगिंग करने के आरोप में दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से निलंबित कर दिया गया है। संस्थान ने बयान में कहा आईआईटी-मंडी के पास एक मजबूत रैगिंग विरोधी नीति है। घटना की जांच करने वाली समिति ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसमें 15 हजार रुपए का जुर्माना और 20 घंटे की सामुदायिक सेवा, 20 हजार रुपए व 40 घंटे की सामुदायिक सेवा, 25 हजार रुपए व 60 घंटे की सामुदायिक सेवा और दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से 10 छात्रों का निलंबन शामिल है।


### आम सभा की सूचना

माँ शेरावली बचत एवम् साख सहकारी समिति की वार्षिक आम सभा दिनाँक 24/09/2023 को समिति कार्यालय 20/21 सेण्ड्री शॉप कृषि उपज मण्डी S.B.I चौक, विजय नगर, जबलपुर में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। समस्त सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है।



**न्यायालय-सुश्री सृष्टि अग्निहोत्री, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सिहोरा जिला- जबलपुर (म.प्र.)**
प्रो. नं. - 213/2023 आर.सी.एस.ए.57/2023
पेशी तारीख- 03/10/2023 //नोटिस//

उत्कर्ष पटेल वगैरह.... **वादीगण विरूद्ध** पुष्पलता पटैल वगैरह... **प्रतिवादीगण** प्रति- 1. पुष्पलता धर्मपत्नि सुनील गौर पटैल निवासी- सुहागी रोड (हनुमान मंदिर के सामने जाने वाले रोड पर) सुहागी स्कूल के पास पोस्ट सुहागी जिला जबलपुर (म.प्र.) 2. मनोरंजना धर्मपत्नि वीरेन्द्र पटैल निवासी- दुर्गामंदिर के पास थाना घमापुर जिला जबलपुर (म.प्र.)। यह कि आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध इस न्यायालय में वादीगण उत्कर्ष पटैल वगै. द्वारा एक सिविल सूट बटवारा स्थायी निषेधाज्ञा का दावा पेश किया गया है, जिसकी इस न्यायालय में पेशी तारीख 03/10/2023 नियत है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 03/10/2023 को 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 03/10/2023 को प्रस्तुत कर सकते है। आपको सूचित किया जाता है यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो प्रकरण की सुनवाई और इसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारण वश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। आज दिनांक 05/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगा कर जारी किया गया।

(सुश्री सृष्टि अग्निहोत्री)
मोहर — द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिहोरा जिला-जबलपुर (म.प्र.)


## यूरोप दौरे पर रवाना हुए राहुल



- 4 देशों की यात्रा करेंगे कांग्रेस नेता
- यूरोपियन यूनियन के सदस्यों से मिलेंगे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार देर रात यूरोप दौरे के लिए रवाना हुए। वह 6 सितंबर से 10 सितंबर दिन) तक 4 यूरोपीय देशों- फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स और नॉर्वे की यात्रा करेंगे। इस दौरान राहुल गांधी यूरोपियन यूनियन के सदस्यों और भारतीय समुदाय के लोगों और विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। राहुल गांधी का ये दौरा ऐसे समय हो रहा है जब देश की राजधानी दिल्ली में जी-20 सम्मेलन हो रही है। वो सम्मेलन खत्म होने के एक दिन बाद 11 सितंबर को भारत लौटेंगे। वहीं, भारत जोड़ो यात्रा का एक साल पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वो इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे।

## मणिपुर हिंसा : सुको ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों दी राहत

- किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई
- मणिपुर सरकार को नोटिस जारी, जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की ओर से दायर याचिका पर मणिपुर सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने ईजीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने पर मामले की सुनवाई शुरू की। श्री दीवान ने पीठ के समक्ष कहा कि सदस्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। तत्काल सुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष चार रिट याचिकाकर्ता हैं। हम उन में गिरफ्तारी और दंडात्मक कार्रवाईयों से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। श्री दीवान ने कहा कि गिल्ड के चार सदस्यों ने मणिपुर के कुछ लोगों का साक्षात्कार लिया और फिर एक तथ्यान्वेषी रिपोर्ट तैयार की।

तथ्यान्वेषी रिपोर्ट दो सितंबर को जारी की गई। इसके बाद उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गई। गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था।

## असम में मारपीट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में चोरी के संदेह में 19 वर्षीय किशोर पर हमला करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 14 अगस्त को हुई और इसका एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई। आरोपी मनोज साहू कछार जिले के धोलाई विधानसभा क्षेत्र में एक पंचायत अधिकारी है। 14 अगस्त की दोपहर को साहू ने कथित तौर पर पीड़ित अजय री को एक दुकान के सामने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की।

सोमवार को अजय की मां चंदा ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद साहू के खिलाफ मामला खोला गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित को गंभीर हालत में सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेजा गया और बाद में छुट्टी दे दी गई।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### Change of Name

Army No 15705728W SIGMN RAJASHEKHAR MUNENNI Resident of Village NEW RENUKA NAGAR, Post MAHANTESH NAGAR. TEH & DISTT BELAGAVI (KARANATAKA) . My son name is SAMARTH as per my Army Service Records name which is wrong. My Son correct name is SAMARTH RAJASHEKHAR MUNENNI as per his Aadhar Card and Birth Certificate. and should be corrected in my all Army Records to Son name is SAMARTH RAJASHEKHAR MUNENNI which is my actual name of my son.

### नाम परिवर्तन

मैं श्रीमती कोयना उचवानी पति श्री गुलाब कुमार उचवानी उम्र 37 वर्ष निवासी मकान नं. 1181, भैंसासुर मार्ग, चौथा ब्रिज, नेपियर टाउन जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि आधार नं. 8515 3891 7004 मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। मैं यह सत्यापित करती हूँ कि दिनांक 22/02/2007 को मेरी शादी हुई है। मेरी शादी के पहले मेरा नाम वंदना दासवानी था मेरी शादी हो चुकी है तो मेरा नाम अब श्रीमती कोयना उचवानी हो गया है। मेरा विवाह श्री गुलाब कुमार उचवानी से हिन्दू (सिंधी) रिति रिवाज से सम्पन्न हुआ है तथा मेरा नाम अब श्रीमती कोयना उचवानी हो गया है। मैं चाहती हूँ की मेरा भविष्य में मेरा नाम श्रीमती कोयना उचवानी सभी दस्तावेजों में लिखा एवं पढ़ा जायें।

पुराना नाम- वंदना दासवानी
नया नाम कोयना उचवानी

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री मनोज कुमार राम पिता श्री दोरिक राम ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक ड्यूप्लेक्स नं.-5 मां सरस्वती कालोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004065362 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1100 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 611 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 611 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती आरती जायसवाल पति आर.के. जायसवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.5/9/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कमल शर्मा पत्नी स्व. सतीशचंद शर्मा आभा शर्मा पिता स्व. सतीश चन्द शर्मा प्रतिभा झा पत्नी सचिन झा ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक एन/28 हाउसिंग बोर्ड कालोनी कांचघर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 40501215, 1000450062 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. प्रथम तल 266 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के आधार पर नगर निगम में दर्ज स्व. सतीश चन्द शर्मा पिता स्व. सुखवासी शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 705/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहन चावला श्री जुगेश चावला निवासी-672/1 हाथीताल कालोनी गुप्तेश्वर वार्ड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .......के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. 772 प.ह.नं. 24 ख.नं. 97/1/ख 97/1/ख रकवा 2400 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारानामा/हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बटांकन की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 21/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/09/2023 को जारी।
जारी दिनांक 06/09/2023
पेशी दिनांक 21/09/2023

र.नं. 1118 — नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 810/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार तनेजा पिता स्व. श्री इन्द्रनाथ निवासी-54 नर्मदा रोड आदर्श नगर के द्वारा मौजा रामपुर प.ह.नं. 28 डाय. ख.नं. 51, 52/1, 52/1 ख, 53/1 पट. ख. नं. 56/6 का भाग डाय. प्लाट नं. 13, 14/1 रकवा 2400 व.फु.को रजि. विक्रय दिनांक... के माध्यम से विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ फौती/ बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21/08/2023 को जारी।
जारी दिनांक 21/08/2023
पेशी दिनांक 11/09/2023

र.नं. 1115 — नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

प्रकरण क्रमांक/....../अ-6/23-24

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम महेशपुर, प.ह.न. 29, तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण सिंह बघेल पिता मदन सिंह बघेल निवासी पोस्ट प्रेमनगर गुप्तेश्वर वार्ड, जबलपुर के द्वारा ग्राम महेशपुर, बंदोबस्त नं. 662, प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं 30/1 में से रकवा 751 वर्गफुट भूमि पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-
पेशी दिनांक-

र.नं. 1116 — तहसीलदार गोरखपुर कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO JC-453417P, RANK- NB SUB, NAME- MANOJ KUMAR, UNIT- TRG CELL, CHQ PL, GRC JABALPUR MP 482001 निवासी VILLAGE- HAREIPUR, POST- RAMPUR MAJHILA, TEH- TIRWA, DISTT- KANNAUJ, STATE- UP, PIN-209738 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम KUMARI GAYATRI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम GAYATRI है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम GAYATRI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।
गलत नाम- KUMARI GAYATRI
सही नाम- GAYATRI

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आर्मी नंबर 15706245L Rank L/ NK Arjun Kumar पिता Lal Bahadur उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम Gopalpur urf Laludeeh Atrampur, जिला Praygraj राज्य- Uttar Pradesh पिन कोड 229412 मेरी पुत्री का नाम मेरे सर्विस रिकॉर्ड में Vaishanavi Maurya दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरी पुत्री का समस्त दस्तावेजों में नाम Vaishnavi Maurya दर्ज है जो की सही है दोनों ही नाम एक व्यक्ति के हैं मेरी पुत्री का नाम मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में नाम Vaishanavi Maurya के स्थान पर Vaishnavi Maurya दर्ज कर लिखा व पढ़ा जाये।
जबलपुर 06/09/2023

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/150 दिनांक 06.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गायत्री पवार पिता श्री शिव शंकर पवार ने मकान नं. 152 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 378+468+147 व.फु. प्रथम तल 850 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/146 दिनांक 06.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भरत मनानी पिता श्री तुलसीराम मनानी ने मकान नं. 131/एफ का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 199 व. फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/145 दिनांक 06.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भावना लालवानी पति श्री नारायण लालवानी ने मकान नं. 131/एफ का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 222.25 व. फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/149 दिनांक 06.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अंकित अग्रवाल पिता स्व. श्री विनोद कुमार अग्रवाल ने मकान नं. 141/एफएफ-01 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथम तल 1342 व. फु. मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश कुमार कलशा पिता एल.पी. कलशा ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-101 फैस-2 मां नर्मदे नगर बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 47000701, 1000377475 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1318 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1000 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अमित सेठी पिता श्री सतीश सेठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज कुमार अग्रवाल पिता श्री रतन चंद पोद्दार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 753/1 ए एपीआर-2 पानी टंकी के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46003371, 1000382635 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 620 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 560 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती ढाकरी देवी पति स्व. ज्ञानचंद धरवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### नाम सुधार सूचना

मैं अनिल झारिया पिता स्व. रतन लाल झारिया निवासी 336 ककरैया तालाब लक्ष्मी कालोनी गुप्तेश्वर गोरखपुर जबलपुर मप्र का शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1- यह कि मेरा आपके बैंक में खाता है खाता नम्बर 53011727316 है जिसमें मेरा नाम अनिल कुमार झारिया दर्ज है।

2- यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम अनिल झारिया दर्ज है।

3- यह कि मैं अपने उक्त खाते में अपना नाम अनिल झारिया दर्ज करवाना चाहता हूँ।

4- यह कि अनिल झारिया एवं अनिल कुमार झारिया यह दोनो नामों का में एक ही व्यक्ति हूँ।

5- यह कि मेरे उक्त खाते में मेरा नाम अनिल झारिया दर्ज किया जावे।

र.नं. 1113 — अनिल झारिया, शपथकर्ता

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0334/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकिशोर साहू पिता स्व. बिहारी लाल साहू नि. 1408 सिद्ध बाबा जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 141 प्लाट नं. 1/108 निर्मित रकवा/रकवा 602 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम .... प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा .... व.फु./हे. वारसान हक दिनांक...... मृत्यु दिनांक 03/04/1973 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 141 प्लाट नं. 1/108 निर्मित रकवा/रकवा 602 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम .... प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा ... व.फु. बिहारी लाल वल्द लाल साहू के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 08/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 25/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/08/2023
पेशी दिनांक 08/09/2023

र.नं. 1117 — तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0617/अ-6/2023-2024

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रताप कोरी/ स्व. दशरथ प्रसाद कोरी, नि. -म.नं. 1178 कांचघर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड ने नजूल ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 3/14 सी निर्मित रकवा/रकवा 807. 75 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा .... व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक... मृत्यु दिनांक 03/04/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 3/14 सी निर्मित रकवा/रकवा 807.75 व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा ... व.फु. भगवनिया बेवा वल्द रामप्रताप कोरी के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 को इस न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 06/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 06/09/2023
पेशी दिनांक 22/09/2023

र.नं. 1119 — तहसीलदार, रांझी, जबलपुर

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 07 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## जारी रहे भारत का जुड़ाव

राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है।

फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया।

जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंततः गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया। स्वयं राहुल की छवि एक असफल व पार्ट टाइम नेता से बदलकर एक बेहद संजीदा, फौलादी इरादे रखने वाले तथा कुशाग्र नेता के रूप में उभरी और लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल को पहचानने में भूल की।

वैसे यह भी जानना होगा कि इतना बड़ा पैदल मार्च छवियों के बनने-बिगड़ने तक सीमित नहीं था। वह घृणा बनाम प्रेम और तोड़ने व जोड़ने के बीच का संघर्ष था। इन दो मानवीय भावों की बुनियाद में जो दो विचारधाराएं टकरा रही थीं, यह उसकी लड़ाई थी। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी व बहुलतावादी विचारधारा है जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय जनता पार्टी तथा मोदी करते हैं तो उसका प्रतिकार कांग्रेस करती है जिसके नुमाइंदे राहुल हैं। यह महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, बीआर अंबेडकर सम्प्रति महान मानवतावादियों द्वारा निर्मित दर्शन है जिसने आज का देश गढ़ा है, एक ऐसा हिन्दुस्तान जो संविधान के मार्ग पर चलता हुआ आया है। उसका विश्वास किसी एक वर्ग या वर्ण की श्रेष्ठता या आधिपत्य में नहीं है, जो समस्त संसाधनों व अवसरों के समान वितरण में यकीन करता है तथा वह कुछ लोगों का नहीं बल्कि सभी का सशक्तिकरण करना चाहता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज उसका लक्ष्य है तथा उसके लिए धर्मनिरपेक्षता व बन्धुत्व राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।

यात्रा का यही सबसे बड़ा प्रदेय है कि समाज को उसकी खोई हुई राह मिल गई है। 'इंडिया' नामक विपक्षी गठबन्धन का कांग्रेस नेतृत्व करता है। यही मोदी व भाजपा की तकलीफों का सबब है। मोदी के 9 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को जो पलीता लगा है, लोगों के बुनियादी हक जो मारे गये और देश की जो बड़ी बदहाली हुई है उसके कारण मोदी की छवि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर दरकी है। पांच राज्यों सहित आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा की बड़ी पराजय का खतरा मंडरा रहा है। आर्थिक संकटों के बाद भी जी-20 के खर्चीले आयोजन से मोदी की छवि के पुनर्निर्माण की कोशिश तथा विशेष सत्र बुलाकर कोई बड़ा दांव खेलने की तैयारी भाजपा कर रही है। मोदी-भाजपा को बैकफुट पर लाना भारत जोड़ो यात्रा का ही असर है।

# ये बनाम वो, हासिल आया शून्य

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

गैरजरूरी मुद्दों के अंधेरे कुएं में एक बार फिर देश को धकेलने का काम सत्तारूढ़ भाजपा ने किया है। इस बार भारत बनाम इंडिया का मुद्दा खड़ा किया गया है। संविधान के आर्टिकल एक में इंडिया यानी भारत लिखा हुआ है। जिसका मतलब यही है कि इंडिया और भारत एक ही देश के दो नाम हैं, दोनों समानार्थी हैं, दोनों में कोई अंतर या भेद नहीं है। लेकिन भारत को मध्ययुग की मानसिक गुलामी में जकड़ने की कोशिश कर रहे लोगों को बिना भेदभाव की बातें कहां समझ आती हैं। उनके लिए तो सियासत का असल मकसद ही भेदभाव को बढ़ावा देना है, ताकि सत्ता हासिल हो सके। अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो का यह गुर ऐसे लोगों ने बहुत अच्छे से सीखा है। खेद की बात ये है कि ऐसे लोगों को देश की 33 प्रतिशत जनता ने अपना मत दिया और अब उन्हें लगता है कि देश के भाग्यविधाता केवल वही हैं। देश में भाषायी, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अंतर होने के बावजूद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन सब भाई-भाई ही कहलाते आए हैं, मगर अब इस भाईचारे में सियासत की सेंधमारी हो चुकी है। भेदभाव का यह दायरा एक ही राज्य के बीच दो समुदायों में खड़ा हो चुका है। इसी वजह से मणिपुर पांच महीनों से सुलग रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात वहां बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को हटाने या राष्ट्रपति शासन लागू करने की जगह उन संपादकों, पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज हो रही है, जो मणिपुर की सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। देश में एक के बनाम दूसरे को खड़ा करने का कितना घातक असर हो चुका है, ये अभी देश के लोगों को समझ नहीं आ रहा है। जब अमृतकाल का खुमार उतरेगा, तब पता चलेगा कि जिसे अमृत समझ कर हर-हर, घर-घर के नारे लगा रहे थे, वो असल में विष जैसा असर कर रहा है। अब तक देश को बदलने की सनक राष्ट्रवाद की खाल ओढ़ाकर पेश की जा रही थी। अब देश का नाम ही बदला जा रहा है और जो इसके विरोध में कुछ बोल रहा है, उसे देशविरोधी कहा जा रहा है। एक और एक ग्यारह होते हैं, लेकिन यहां एक बनाम एक करके सब कुछ शून्य किया जा रहा है। हिंदुत्व बनाम इस्लाम, हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाएं, उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत, सनातन बनाम द्रविड़, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, जय श्रीराम बनाम अल्लाह हू अकबर, कुकी बनाम मैतेई, गांधी बनाम भगत सिंह, नेहरू बनाम पटेल, शाकाहार बनाम मांसाहार, और अब इंडिया बनाम भारत। लगता है सहअस्तित्व की सारी विरासत को ध्वस्त करने का प्रण भाजपा ने ले लिया है।

हिंदुस्तान का इतिहास इस बात का गवाह है कि यहां बाहर से बहुत लोग आए, और सब दूध में मिसरी की तरह घुल-मिल गए। इस सुंदर देश की तुलना महासागर से अकारण नहीं की जाती है। जैसे सागर में सारी नदियां आकर एक हो जाती हैं, प्रकृति के इसी सुंदर सिद्धांत को हिंदुस्तान ने सच करके दिखाया। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गई, मगर हिंदुस्तान बचा रहा। गुलाम हुआ, विभाजन का शिकार हुआ, लेकिन फिर भी बचा रहा, क्योंकि अनेकता में एकता की प्राणवायु को हमारे पुरखों ने कभी खत्म नहीं होने दिया। आज उसी प्राणवायु को बाधित किया जा रहा है और दावा है कि ये सब देशप्रेम के नाम पर हो रहा है। क्या जिससे हम प्यार करते हैं, कभी उसके जीवनस्त्रोत को बंद कर सकते हैं। लेकिन अभी वही हो रहा है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति नदी की भांति अविरल बहती रहे, तभी बच पाएगी, राष्ट्रवाद का बांध उसे गंदले तालाब जैसा बना देगा। इस वक्त इसी बांध में भारत की सदानीरा विरासत को रोका जा रहा है वो भी इसलिए ताकि सत्ता मिल सके। भाजपा को विचार करना चाहिए कि वह किस तरह के पानी में अपना कमल खिलाना चाहती है। सत्ता तो उसे 1996 में भी हासिल हुई थी, और 2014 में भी, अगर जनता की मर्जी हुई तो 2024 में भी भाजपा को सत्ता पर बिठाएगी और नहीं हुई तो हटा देगी। लोकतंत्र के इस चलन को ऐसे ही चलते रहना चाहिए। मगर अभी श्री मोदी को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, जिसे संक्षिप्त में इंडिया कहा गया, उससे शायद खौफ हो रहा है। इसलिए उन्होंने पहले इंडिया को इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से जोड़ा, फिर परिवारवाद क्विट इंडिया जैसे नारे लगाए और अब इंडिया शब्द को औपचारिक पत्रों से हटाने की खबरें सामने आई हैं।

राष्ट्रपति भवन से जी-20 सम्मेलन के मौके पर 9 सितंबर को एक औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। इसी तरह आसियान सम्मेलन के लिए जारी बुकलेट में प्रधानमंत्री मोदी को इंडिया की बजाय भारत के प्रधानमंत्री लिखा गया है। जबकि विदेशों में देश की पहचान भारत से अधिक इंडिया के रूप में होती है। अब कहा जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में इंडिया नाम हटाने का विधेयक पेश किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंडिया की जगह भारत बोलने का आह्वान किया। फिर भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने संविधान में संशोधन कर इंडिया की जगह भारत शब्द करने की मांग की है। श्री यादव का कहना है कि इंडिया को अंग्रेज गाली की तरह इस्तेमाल करते थे। उनसे पहले भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है। अगर भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है।

> **भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है।**

जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है। वर्ल्ड हिस्ट्री वेबसाइट के मुताबिक 300 ईसा पूर्व पहली बार यूनान के राजदूत मेगस्थनीज ने सिंधु नदी के पार के इलाके के लिए इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। अंग्रेजों के लिए भी इंडिया बोलना आसान था, क्योंकि अंग्रेजी में भ का उच्चारण नहीं है। लेकिन भाजपा इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, उपनिवेशवाद और देशप्रेम से जोड़कर देश की डिक्शनरी से हटाने की कवायद में लगी है और इसके लिए जो भी तर्क दिए जा रहे हैं, उन्हें केवल कुतर्कों की श्रेणी में ही रखा जा सकता है। भाजपा के इस खेल में अमिताभ बच्चन और वीरेन्द्र सहवाग जैसे कुछ नामी लोग भी शामिल हो चुके हैं, ताकि जनता को भरमाने में आसानी हो। मगर जनता को याद रखना चाहिए कि उसका जीवन संविधान के कारण ही आसान बना रहेगा, देश का नाम बदलने से नहीं। और भाजपा के लोग बार-बार संविधान बदलने के इरादे जतला रहे हैं। 15 अगस्त को पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने 'देयर इज़ ए केस फॉर वी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉस्टिट्यूशन' शीर्षक के लेख में ये सलाह व्यक्त कर दी कि अब संविधान को बदल देना चाहिए। इससे पहले 2017 में, मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री अनंत हेगड़े, ने कहा था कि भाजपा 'संविधान बदलने' के लिए सत्ता में आई है और 'निकट भविष्य' में ऐसा किया जाएगा। और अब ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कई कदम उठाए जा चुके हैं। देश का नाम केवल भारत तक सीमित करने में भाजपा बहुमत के कारण सफल भी हो जाए, तो भी इसका कुछ अच्छा संदेश दुनिया में नहीं जाएगा। अब तक शहरों, सड़कों, स्टेशनों का नाम भाजपा ने बदला, अब उसे इंडिया शब्द से राजनैतिक उलझन हो रही है, तो देश का नाम बदलने चली है। लेकिन इससे हासिल क्या होगा, ये विचार 9 सालों से सत्ता में बैठे लोगों को करना चाहिए।

# इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी

■ कल्याणी शंकर

नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में एक ठोस गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में पिछले सप्ताह एक सकारात्मक कदम उठाया। यह निर्णय उनकी तीसरी बैठक के दौरान लिया गया। पहली दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में हुई थीं। गठबंधन का लक्ष्य लक्ष्य 1977 या 2004 के परिदृश्य को दोहराना है जब कमजोर विपक्ष ने सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ जीत हासिल की थी।

मुंबई में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय बैठक के लिए 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। 63 उपस्थित लोगों ने साझा अभियान रणनीति और एनडीए का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद, गठबंधन ने घोषणा की कि वे अपनी 'सर्वोत्तम क्षमता के साथ मिलकर' चुनाव में भाग लेंगे। वे 'समझौते की सहयोगी भावना' का उपयोग करते हुए, तुरंत राज्य सीट-बंटवारे की व्यवस्था का आयोजन शुरू कर देंगे। इसके अतिरिक्त, उनका लक्ष्य जल्द से जल्द देश भर में सार्वजनिक रैलियां आयोजित करना है। 13 सदस्यीय समन्वय भी स्थापित किया गया।

फिर भी विपक्षी नेताओं को अहसास है कि आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की कई बाधाओं से पार पाना बाकी है। गठबंधन को क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया टीम को गठबंधन सहयोगियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों पर काबू पाने की कठिन चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें निर्बाध सीट आबंटन के लिए लेन-देन की नीति पर सहमत होना होगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करना होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे स्वीकार किया। उदाहरण के लिए, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आप राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में अपनी-अपनी राजनीतिक स्थिति है। केरल में वामपंथी और कांग्रेस की भी बड़ी हिस्सेदारी है। ममता बनर्जी ने 2 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र जारी करने का सुझाव दिया, जबकि अरविंद केजरीवाल ने अगले महीने के अंत तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव रखा।

मुख्य बात अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है, जो भाजपा के नौ साल के कार्यकाल से प्रभावित हुआ है। कई लोग अगले पांच साल तक राजनीतिक जंगल में रहने को तैयार नहीं हैं। इसलिए, सबसे उपयुक्त उम्मीदवार चुनना और विशिष्ट सीटों पर आम सहमति बनाना महत्वपूर्ण है। लेन-देन की नीति इस संबंध में मदद कर सकती है। अपने उम्मीदवार की जीत और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं सहित उनके समूह के सभी लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। ये कार्यकर्ता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि जिस पार्टी के खिलाफ वे कल तक लड़ते रहे हैं, उसका समर्थन कैसे करें।

अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर निर्णय होना बाकी है। गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने और एक नयी कहानी विकसित करने के लिए एक व्यवहार्य उम्मीदवार की पहचान करनी चाहिए। संयोजक या प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। इन सभी में, कांग्रेस ही इंडिया ब्लाक में सच्चे अर्थों में मुख्य अखिल-राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है।

पिछले दशक में ताकत में गिरावट का अनुभव करने के बावजूद, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी अपील वाली एकमात्र राजनीतिक इकाई है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतीं और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। उन्हें 12 करोड़ से अधिक वोट मिले, जबकि संयुक्त विपक्षी गुट को कम वोट मिले। उनकी किस्मत में कोई भी बदलाव देश की राजनीति पर काफी असर डाल सकता है।

कांग्रेस और भाजपा लोकसभा की एक तिहाई सीटों पर सीधी टक्कर में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है, जहां कुल मिलाकर 155 लोकसभा सीटें हैं।

एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि अगला चुनाव कब होगा। भाजपा को अपने पिछले अनुभव के कारण समय से पहले आम चुनाव कराने में झिझक हो सकती है। 2004 में भाजपा जीतने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें हरा दिया। भाजपा की हिंदी पट्टी में मजबूत उपस्थिति है, लेकिन दक्षिण में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है, जहां 129 सीटों पर कब्जा करना बाकी है।

> **लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।**

हालांकि, कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री, जैसे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल का अनुमान है कि 2024 के लोकसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ मेल खा सकता है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की वकालत की है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

मोदी का लक्ष्य विपक्ष की अराजकता का फायदा उठाकर तीसरा कार्यकाल जीतना है। भाजपा ने हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तैयारी की है। इसने करीब सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में 100,000 बूथों को कवर करने के लिए 40,000 बूथ कार्यकर्ताओं को जुटाया है।

सत्तारूढ़ भाजपा अपनी योजनाओं को गुप्त रखती है और अपनी ताकत बरकरार रखते हुए विपक्ष के प्रभाव को कम करना चाहती है। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी, और बीआरएस जैसी पार्टियों के साथ तटस्थता शामिल है। पार्टी नेतृत्व का अंतिम उद्देश्य भाजपा के लिए अधिक धन प्राप्त करते हुए धन को विरोधी पक्ष में जाने से रोकना है।

अगले कुछ महीनों में दोनों खेमों में उग्र गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मोदी की लोकप्रियता, भाजपा के वित्तीय संसाधन और मजबूत संगठन अभी भी सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़त दिला सकते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव आने वाले समय की झलकी हो सकते हैं।

## पावन प्रसंग

### उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

उपवास करने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अति प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। विभिन्न मानसिकता वाले लोगों के लिए भिन्न-भिन्न दिनों किसी न किसी देवी-देवता के बहाने उपवास करने का विधान शास्त्रों में जोड़ा गया है। गुरुवार एवं रविवार के उपवास पर विशेष बल दिया गया है और यह स्पष्ट किया किया गया है कि व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में एक बार तो उपवास करना ही चाहिए। लगभग सभी भारतीय धर्मों में उपवास की महत्ता को स्वीकार किया गया है। मुसलमानों में रोजा इसी का परिचायक है। भारतीय साधना पद्धति में चंद्रायण साधना को इसीलिए महत्व दिया गया है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए, गंदगी की सफाई के लिए उपवास का अपना अलग महत्व है। अधिकांश लोगों का उपवास करने का कारण धार्मिक होता है। कुछ लोग चिकित्सकीय सलाह या अन्य कारणों से उपवास करते हैं। भोजन प्राणिमात्र के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए उपवास प्रकृति के विपरीत प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं है। उपवास से कई फायदे हैं। मानव शरीर पर उपवास का प्रभाव सकारात्मक होता है या नकारात्मक यह जानने का प्रयास वैज्ञानिक समय-समय पर करते रहते हैं।

उपवास का शाब्दिक अर्थ भोजन का पूर्ण रूप या आंशिक रूप से त्याग है। समाज में उपवास का भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ लोग उपवास में जल भी ग्रहण नहीं करते (जैसे निर्जला एकादशी के दिन, भादो मास के तीज के दिन) तो कुछ लोग परंपरागत अनाज छोड़कर फलादि खाते हैं। कुछ लोग एक समय भोजन करने को ही उपवास मानते हैं किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से जल के अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करना उपवास की श्रेणी में आता है। पतंजलि के योग सिद्धांतों में भी उपवास की महत्ता को स्वीकारा गया है। बापूजी का लंबा व्रत सुप्रसिद्ध है। विनोबा भावे भी उपवास किया करते थे। नवरात्रि के दिनों में ऋतु-परिवर्तन के कारण उपवास एवं अनुष्ठान को हर मनुष्य के लिए अनिवार्य बताया गया है। जो भोजन हम मुंह द्वारा अंदर लेते हैं, वह सीधे हमारे शरीर का भाग नहीं बन जाता। शरीर में मुंह से लेकर मलद्वार तक एक लंबी नली पाई जाती है। मुंह से भोजन इस नली में प्रवेश करता है जब भोजन आहार नाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है पाचक रसों के प्रभाव से भोजन के प्रमुख अंश विलय अवस्था में आ जाते हैं। जब भोजन आहार नाल के छोटी आंत वाले हिस्से में पहुंचता है तो भोजन के विलय अंश अवशोषित कर रक्त में मिला दिए जाते हैं शेष भाग मलाशय में मल के रूप में एकत्रित हो जाता है। रक्त में आए अंशों का शरीर के विभिन्न भागों में वितरण कर दिया जाता है। छोटी आंत की भीतरी भित्ति पर पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए विशिष्ट प्रकार की रचनाएं पाई जाती हैं, जिन्हें सूक्ष्मांकुर करते हैं, सूक्ष्मांकुरों के कारण आंतों की भीतरी सतह का क्षेत्रफल बहुत बढ़ जाता है। भोजन के पचे हुए भाग को अवशेषित कर उसे रुधिर में मिलाने की जिम्मेदारी मूलतः ये सूक्ष्मांकुर करते हैं, जब सूक्ष्मांकुर बनाने वाली कोशिकाएं वृद्ध हो जाती हैं तो इनकी कार्यक्षमता भी क्षीण हो जाती हैं। अंततः ये कोशिकाएं मर जाती हैं तथा उनके स्थान पर नई कोशिकाएं बन जाती हैं। प्रतिस्थापन की इस प्रक्रिया में शरीर को बहुत अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। उपवास के समय पुरानी कोशिकाओं को ही पुनः प्रभावकारी बना दिया जाता है तथा कम खर्च करने में ही आहार नाल की अवशोषण प्रक्रिया सही बनी रहती है।

उपवास हमारे शरीर की एंजाइम प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने में सहायक होते हैं। पाचन क्रिया के फलस्वरूप भोजन की अतिरिक्त मात्रा को ग्लाइकोजन व वसा में बदलकर शरीर में एकत्रित कर लिया जाता है। जब शरीर को भोजन नहीं मिलता तब जिगर में संगृहीत ग्लाइकोजन व वसा को ग्लूकोज में बदलने की क्रिया एक विशिष्ट एंजाइम तत्र द्वारा संपन्न होती है। स्पष्ट है कि यह एंजाइम तंत्र भी तभी सक्रिय होता है, जब शरीर भूखा होगा। उपवास करते रहने से इस एंजाइम तंत्र को सक्रिय बने रहने में मदद मिलती है। उपवास न करने की स्थिति में इस एंजाइम तंत्र के धीरे-धीरे निष्क्रिय होते चले जाने का खतरा रहता है। उपवास का लाभ कैंसर रोकने में भी होता है।

अमेरिका के स्वास्थ्य विज्ञानी डॉ. ग्रासीकराउप ने अपने प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शरीर में भोजन रूपी कैलोरिकआपूर्ति कम होने पर जंतुओं और मानव में कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। उपवास के बाद प्रीति ओपनास्टिक कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। उन कोशिकाओं के ही कैंसर कोशिकाओं में बदलने की आशंका रहती है। इन प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उपवास शरीर के लिए नितांत उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी है। उपवास के दौरान जीवन प्रतिरोधी क्षमता (इम्युनिटी) भी बढ़ जाती है। मन भी पवित्र होता चला जाता है इसीलिए उपवास को अनिवार्य बताया जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### चौक चौराहों पर वाहन चलाने वालों की व दूकानदारी करने वालों की मनमानी

राजधानी की सड़कों पर यातायात व्यवस्था का आलम यह है कि आमापारा चौक विशाल मेगा मार्ट वाले चौक पर तो अघोषित रिक्शा ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है। आमापारा से लेकर पूरे जी.ई. रोड, आमानाका तक रास्ते के किनारे जो रेहड़ी वाले राजकुमार कॉलेज के सामने लगने वाले ठेले, कपड़े व मच्छड़दानी बेचने वाले, फल बेचने वाले अपनी दूकान का माल दूकान के बाहर रोड तक फैलाकर रखते हैं तथा खरीदी करने वाले अपनी कार व दुपहिया वाहन दूकान के बाहर खड़ी कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो जाता है। शाम 6 एवं 7 बजे के बीच गाड़ियों का रेला लगा रहता है। ई-रिक्शा वाले तो बीच में कहीं भी रास्ते पर रोक कर सवारी बैठाने का काम करते हैं। पीछे से आने वाले वाहन भले ही टकरा जाए उनकी बला से। उन्हें तो सवारी बिठाना है। यातायात के नियम का पालन तो किसी को करना ही नहीं है। सब वाहन चालकों को मनमानी करना है। चलो ट्रेन पकड़ने वालों की बात समझ में आती है जिन्हें रोज ही आना जाना पड़ता है लेकिन दुपहिया वाहन एवं कारों का काफिला तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कोई भी एक तरफ से रास्ता पार कर लें, नहीं, सबको चारों ओर से चौक पार करना है। इस आपाधापी में गाड़ियां फंस जाती हैं। न तो सिंग्नल लाइट के जलने का किसी को इंतजार करना है न बुझने का। बस उन्हें तो चौक पार करना ही है। लाइट भी इतने कम समय के लिए जलती है पूरे वाहन पार हो ही नहीं पाते या फिर इतने देर तक जलती रहेगी कि वाहन पार होने के बाद भी लाइट जलते रह जाती है। प्रायः यह रोज का ही काम है।

रोज ट्यूशन व कोचिंग करने वाले व रोज ही अपनी ड्यूटी कर लौटने वालों के कारण रोज ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी के यातायात का तो भगवान ही मालिक है। त्योहारों के समय तो पूछो ही मत। अगर भूले से एमजी, जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक चले गए तो भीड़ के कारण चलना मुश्किल हो जाता है।

सत्ती बाजार से कोतवाली चौक तक जो रोड के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए थे वह रास्ता समतल नहीं किया गया है जिसके कारण रोड ऊबड़-खाबड़ हो गया है जिससे वाहन चलाना ही दूभर है। पहले तो व्यापारियों के वाहन खड़ी होने के कारण भीड़ हो जाती थी और अब गड्ढे के कारण उस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। क्या राजधानी की यातायात सुविधा सुलभ हो पाएगी?

**एक परेशान पाठक, रायपुर**

# सिटी यूथ फॉलो कर रहे कान्हा कॉन्सेप्ट फॉर सक्सेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीवन जीने के तरीके को अगर किसी ने परिभाषित किया है, तो वो कृष्ण हैं। उन्होंने कर्म से होकर परमात्मा तक जाने वाले मार्ग लोगों को समझाया है। उन्होंने यह सिद्ध किया है कि कर्म का कोई विकल्प नहीं। कृष्ण का संपूर्ण जीवन ही एक प्रबंधन की किताब है। ऐसे में शहर के युवा अपने आइडल कान्हा के कॉन्सेप्ट को जीवन में सफलता के लिए फॉलो कर रहे हैं। जन्माष्टमी के खास मौके पर आइए जानते हैं कृष्णा के कौन से कॉन्सेप्ट जो युवाओं को जीने की राह दिखा रहे हैं।

### जीवन का नाम संघर्ष है

कारागृह में जन्में कृष्ण। पैदा होते ही रात में यमुना पार कर गोकुल ले जाया गया। तीसरे दिन पूतना मारने आ गई। यहां से शुरू हुआ संघर्ष देह त्यागने से पहले द्वारिका डुबोने तक रहा।

कॉन्सेप्ट- कृष्ण कहते हैं आप कोई भी हों, संसार में आए हैं तो संघर्ष हमेशा रहेगा। परिस्थितियों से भागो मत, उसके सामने डटकर खड़े हो जाओ। क्योंकि, कर्म करना ही मानव जीवन का पहला कर्तव्य है।

### स्वस्थ्य शरीर से हर विजय

कृष्ण का बचपन माखन-मिश्री खाते हुए गुजरा। ये संकेत हैं कि जीवन में आहार का त्याग नहीं करना चाहिए। बचपन में शरीर को अच्छा आहार मिलेगा तो ही इंसान युवा होकर वीर बनेगा।

कॉन्सेप्ट- यह सीख ये पैरेंटिंग के दौर से गुजर रहे युवाओं के लिए बड़ा मैसेज है, वे अपने बच्चों को ऐसा खाना दें, जो उनको बल दे। सिर्फ स्वाद के लिए ही ना खिलाएं।



**अपने आइडल कान्हा के सिद्धांतों पर अमल करते हैं युवा**

### पढ़ाई किताबी नहीं रचनात्मक हो

कृष्ण ने अपनी शिक्षा मध्य प्रदेश के उज्जैन में सांदीपनि ऋषि के आश्रम में रह कर पूरी की थी। कहा जाता है 64 दिन में उन्होंने 64 कलाओं का ज्ञान हासिल कर लिया था। वैदिक ज्ञान के अलावा उन्होंने कलाएं सीखीं।

कॉन्सेप्ट- शिक्षा ऐसी ही होनी चाहिए, जो हमारे व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास करे। संगीत, नृत्य, आत्मरक्षा की कलाएं सीखाने की आदत बचपन से होनी चाहिए।

### रिश्तों से ही जीवन है

कृष्ण ने जीवनभर कभी उन लोगों का साथ नहीं छोड़ा, जिन्हें मन से अपना माना। अर्जुन से वे युवावस्था में मिले, जिन्हें अपना मानकर रिश्तों के लिए कई लड़ाई लड़ी।

कॉन्सेप्ट- सांसारिक इंसान की सबसे बड़ी धरोहर रिश्ते ही हैं। अगर किसी के पास रिश्तों का थाती नहीं है, तो वो इंसान संसार के लिए गैर जरूरी है। इसलिए, अपने रिश्तों को दिल से जिएं, दिमाग से नहीं।

### शांति के मार्ग का चुनाव

कृष्ण ने महाभारत युद्ध के पहले शांति से समझौता करने के लिए पांडवों और कौरवों के बीच मध्यस्थता की। हालांकि दोनों ही पक्ष युद्ध लड़ने के लिए आतुर थे, लेकिन कृष्ण ने हमेशा चाहा कि कैसे भी युद्ध टल जाए।

कॉन्सेप्ट- जरा-जरा सी बातों पर लोग हत्या कर रहे हैं। मनमुटाव कर रहे हैं। ऐसे में झगड़ों से बचते हुए समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए, क्योंकि मन की शांति ही श्रेष्ठ है।

### लीडर बने श्रेय ना लें

कृष्ण ने दुनियाभर के राजाओं को जीता था, लेकिन कभी सिंहासन नहीं छीना। उन्होंने राजाओं को हराकर उसे बिठाया जो उस गद्दी के लिए श्रेष्ठ हो। वे कभी किंग नहीं बने, हमेशा किंगमेकर की भूमिका में रहे।

कॉन्सेप्ट- खुद आगे बढ़ने की होड़ में दूसरों को पीछे ना खींचे। ऐसे लोगों को आगे बढ़ाने में मदद करें जो वाकई में योग्यता रखते हैं। वहीं ऐसी टीम निर्माण में लीडर की भूमिका निभाएं।

### इनका कहना है

स्टूडेंट लाइफ में कई उतार-चढाव होते हैं। हमेशा मनोदशा एक जैसी नहीं रहती है। ऐसे में कृष्ण के कान्सेप्ट हर स्थिति से लड़ने की प्रेरणा देते हैं।

– **ऋतु जायसवाल,** स्टूडेंट

घर-परिवार में कभी मनमुटाव तो कभी उलझन हो जाती है। ऐसे में कान्हा के उपदेश हमेशा याद आते हैं कि कर्म करो फल की चिंता मत करो।

– **विभूति गुप्ता,** होममेकर

कृष्ण की एक-एक बात युवाओं के लिए गाइडेंस है। उनके कॉन्सेप्ट को जीवन में शामिल करके बेहतर चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सकता है।

– **आनंद कुमार,** लाइफ कोच

## भाजयुमो ने किया सदस्यता अभियान का शुभारंभ,हरी झंडी दिखाकर प्रदेश अध्यक्ष ने किया सदस्यता रथ को रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश के द्वारा, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के निर्देश पर संपूर्ण प्रदेश में वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत में प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के द्वारा भाजपा रानीताल संभागीय कार्यालय में जबलपुर के सदस्यता अभियान के रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं गुब्बारे आसमान में छोड़कर औपचारिक रूप से सदस्यता अभियान शुरू किया गया!!




भाजयुमो जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत माननीय प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा सदस्यता रथ को हरी झंडी दिखाकर एवं गुब्बारे आसमान में छोड़कर की गई एवम साथ ही साथ पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान हेतु जारी नंबर 7000230230 पर मिस कॉल करके नए युवा सदस्यों को भारतीय जनता युवा मोर्चा से जोड़ा जाएगा।

सदस्यता अभियान हेतु इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवम तिवारी, जबलपुर जिला सदस्यता प्रभारी हरीश ठाकुर, जय रोहाणी ,अतुल दुबे,मानव घनघोरिया, ईशान नायक, शुभम अरिहंत, कांत वर्मा,गोपाल गुप्ता,शरद विश्वकर्मा, रविद्र तिवारी, अनिकेत रावत, अंकित पाठक, अर्पित दुबे, आयुष सिंह, विवेक सिंह,प्रशांत गुप्ता, रानेश खरे, निक्की रजक,वैभव चौरसिया, शुभम रजक,रिंकू श्रीवास, वरूण सिंह,हर्षित राय,आशु रजक,अभिषेक तिवारी,रोहन वैद्य, ओम तिवारी,ऋषभ शुक्ला,योगी शर्मा,पर्व अग्रवाल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विकास के विषयों पर हिंदी निबंध प्रतियोगिता में 4500 से ज्यादा बच्चों ने दिये उपयोगी टिप्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** जानी मानी शैक्षणिक, साहित्यिक संस्था मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से मातृभाषा हिंदी को प्रोत्साहित करने एवं नगर विकास के विषयों पर स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार चौथे वर्ष भी जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जुलाई माह से विभिन्न स्कूलों में चल रही प्रतियोगिता में 3 अगस्त तक 4500 से अधिक बच्चों ने अपने विचार निबंध के माध्यम से लिपिबद्ध किये हैं। वहीं तकरीबन 90 स्कूलों ने अपनी सहभागिता इस प्रतियोगिता में दर्ज करवाई है। मेगा माइंड के साथ संयुक्त रूप से जारी मातृभाषा के प्रचार-प्रसार के इस अभियान में बच्चों का अभूतपूर्व उत्साह नजर आ रहा है। विगत वर्ष 80 शालाओं के 34 सौ से अधिक बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस वर्ष भी कक्षा छठवीं से आठवीं तक स्वच्छ जबलपुर स्वस्थ जबलपुर विषय पर बच्चों ने निबंध लिखे हैं। वहीं कक्षा 9 वीं से कक्षा बारहवीं तक महानगर का स्वरूप लेता जबलपुर विषय पर बच्चे अपने विचार लिख रहे हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से दोनों वर्गों में शामिल हुए 4500 से अधिक बच्चों और उसके माधयम से उनके परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया है। आगामी 8 सितंबर को ग्रुप ए छठवीं से आठवीं तक के बच्चों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मानव जीवन में आयोजित होगा। 9 सितंबर को ग्रुप बी के कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों के लिए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मानस भवन में आयोजित होगा।




संस्था द्वारा विजयी बच्चों को दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को 11,000, 5100 और 3100 रूपयों की राशि नगद इनाम में

## नर्मदा रिवर फ्रंट के बनने से जबलपुर को धार्मिक पर्यटन की पहचान मिलती : तरुण

**जबलपुर, देशबन्धु।** यह हमारा सौभाग्य है कि हमारा शहर पावन पुण्य सलिला माँ नर्मदा के किनारे बसा हैं 7 नर्मदा नदी न केवल हमारे लिए आस्था का केंद्र है बल्कि हमारे शहर के अधिकांश हिस्से में इसका जल जीवनदायनी भी है 7 नर्मदा नदी के प्रति करोड़ों लोगों की आस्था को ध्यान में रखते हुए कमलनाथ के नेतृत्व वाली कॉंग्रेस सरकार के दौरान नर्मदा नदी को कायाकल्प करने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नर्मदा रिवर फ्रंट परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी और बजट वर्ष 2019-20 में परियोजना के लिए प्रारम्भिक रूप से वित्तीय प्रावधान भी किया गया था, किन्तु पिछले 20 वर्षों से प्रदेश भाजपा सरकार का जबलपुर और महकौशल के साथ भेदभाव और उपेक्षा के भाव के साथ काम करने और राजनैतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित भाजपा ने प्रदेश में अनैतिक रूप से हुए सत्ता परिवर्तन के बाद नर्मदा रिवर फ्रंट जैसी महत्वपूर्ण परियोजना के साथ एक बार पुन: देखने को मिली हैं। उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक श्री तरुण भनोत ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर लगाया है। श्री भनोत ने बताया कि साधु, संतों और नर्मदा नदी के प्रति आस्था रखने वाले लोगों की मांग पर तत्कालीन कॉंग्रेस की सरकार द्वारा नर्मदा रिवर फ्रंट को लेकर डीपीआर तैयार कारवाई गई थी और परियोजना के स्वीकृति उपरांत उनके वित्त मंत्री रहते हुए बजट में 10 करोड़ रुपये की प्रारम्भिक रूप से वित्तीय प्रावधान किया गया था, 7 जबलपुर के 150-200 किमी की परिधि में कान्हा, बांधवगढ़, पेंच नैशनल टाइगर रिजर्व के लिए देशभर से पर्यटकों का जबलपुर आना होता है।



## श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर शोभा यात्रा निकाली गई

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस पर शहीद स्मारक गोल बाजार से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें सर्वप्रथम प्रभु श्री राम का पूजन अर्चन कर पूज्य संतों के सानिध्य में शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें जिसमें स्वामी नरसिंह दास महाराज पगला नंद महाराज शोभायात्रा में सम्मिलित हुए यात्रा विभिन्न मार्गो से भ्रमण कर उन्हें शहीद स्मारक गोल बाजार प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें महाकौशल प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह चौहान, प्रदीप गुप्ता, विभाग मंत्री पंकज, सुमित सिंह ठाकुर एवं विभाग एवं जिले के समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त प्रखंड के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

## पोर्टिबिलिटी से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-के वाय सी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज करें विक्रेता

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को पोर्टेबिलिटी से खाद्यान्न प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर एवं ई-केवायसी पीओएस मशीन पर अनिवार्यत: दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश टांडेकर ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उपभोक्ताओं को राशन का वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा राशन दुकान की पीओएस मशीन में समस्त उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज करने के निर्देश दिये गये है।

उन्होंने बताया कि कुछ हितयाही पोर्टिबिलिटी के तहत अपनी निर्धारित राशन दुकान से राशन प्राप्त न कर सुविधा अनुसार अन्य राशन दुकान से राशन प्राप्त करते है। लेकिन देखने में यह आ रहा है कि कुछ उचित मूल्य दुकानों के विक्रेता पोर्टिबिलिटी से राशन तो देते हैं पर उपभोक्ताहओं की ई-केवायसी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज नहीं कर रहे हैं । इससे ई-केवायसी एवं मोबाइल नम्बीर दर्ज करने के कार्य की प्रगति प्रभावित हो रही है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने समस्त उचित मूल्य दुकानदारों को हिदायत दी है कि पोर्टिबिल्टी से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-केवायसी एवं मोबाइल नम्बर दर्ज करने की जिम्मेदारी सामग्री प्रदाय करने वाले विक्रेता की होगी। जो विक्रेता ऐसा नहीं करेंगे उनके विरूद्ध मध्यप्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2005 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

# लाल में रुको, हरी में जाओ, दुर्घटना को दूर भगाओ

**जबलपुर, देशबन्धु।** वाहन चालकों को यातायात के नियमों के विषय में आज जानकारी देने नगर पालिका निगम जबलपुर के द्वारा भारत सरकार की मनसा अनुसार स्वच्छ पवन नील गगन अभियान चलाया गया। यह अभियान शहर के हर चौराहों पर चलाया गया। जिसमें बताया गया कि लाल सिग्नल होने पर अपने वाहन को बंद करने तथा यातायात नियमों का पालन करने से हम दुर्घटना को भी दूर भागते हैं और पर्यावरण को भी शुद्ध रखने में सहायक होते हैं। आज अभियान को तीन पत्ती चौराहा, नादरा ब्रिज, शास्त्री ब्रिज, एवं बंदरिया तिराहा पर चलाया गया। अभियान में यातायात से जुड़े हर नियमों को बड़े ही बारीकी से वाहन चालकों को बताया वह सिखाया गया। एक तरफ बैनर पोस्टर तो दूसरी तरफ अभियान में शामिल लोगों ने वाहन चालकों से विनम्र अपील करते हुए यह नियम बताएं। आगामी दिनों में इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 की तैयारी की कड़ी में यह प्रथम आयोजन था। आगामी 2 अक्टूबर तक अलग-अलग दिवसों में इस अभियान के तहत वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएं, मशाल रेलिया का आयोजन कर जन जागरूकता के कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

## यातायात नियमों का पालन करने चलाया जा रहा विशेष अभियान




**एन यू एल एम के महिला कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले दो सामुदायिक संगठक के विरुद्ध निगम आयुक्त ने की कड़ी कार्रवाई-** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत एक महिला कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकाश में आया तब निगमायुक स्वप्निल वानखडे स्वयं संज्ञान लेकर संबंधित विभाग के अधिकारी को अभद्र टिप्पणी करने वाले सामुदायिक संगठकौ के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये । निगम आयुक्त के निर्देशानुसार विभाग प्रमुख द्वारा दोनों सामुदायिक संगठको के खिलाफ निलंबन संबंधित प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया। जहां पर निगमायुक्त ने तत्काल प्रभाव से दोनों सामुदायिक संगठको को निलंबित कर दिया है। प्रकरण की सूक्ष्म जांच के उपरांत सामुदायिक संगठको के विरुद्ध बर्खास्तगी की भी की कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर स्वयं स्वप्निल वानखडे ने बड़ी गंभीरता दिखाते हुए बड़ी तत्परता से कार्रवाई करते हुए कहा कि तत्काल ही एक (महिला उत्पीड़न निवारण) सेल का गठन किया जाए जिससे कि भविष्य में इस तरह की कोई पुनरावृति न होने पाएं।

## महाराज की गद्दी में आज आलोक तिवारी के जन्म दिवस पर भजन संध्या का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराज की गद्दी में आज गुरूवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं भू-लोकवासी पंडित ओंकार महाराज के पुत्र आलोक तिवारी के जन्म दिवस के पावन मौके पर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर शानदार आयोजन के दौरान भक्ति भाव से ओत-प्रोत भजनों की प्रस्तुती की जायेगी। रात्रि आठ बजकर तीस मिनट से कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आलोक मित्र मंडल ने सभी जनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। इसके पहले आलोक तिवारी मिलौनीगंज स्थिति विभिन्न धर्मस्थलों पर पूजन अर्चन कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली के लिये प्रार्थना करेंगे। इसके साथ ही भाजपा नेता आलोक तिवारी के जन्म दिवस पर अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गये हैं, श्री तिवारी के शुभचिंतकों द्वारा इस तरह के आयोजन रखे हैं। जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

## समाजसेवी सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया का सम्मान कांग्रेसजनों ने किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि युवा समाजसेवी उद्योगपति सुमित विश्वनाथ दुबे कालिया का सम्मान समारोह नया गांव स्थित उनके निवास स्थान पर कांग्रेसजनों ने किया और उनसे निवेदन किया कि विश्वनाथ दुबे जी की समाजसेवा की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए आप हम सबका नेतृत्व करें, और शहर प्रदेश और देश के अंदर एक नई दिशा और दशा तय करें, उन्होंने भी जबलपुर के विकास के लिए एवं समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़कर हर तरीके की मद्द का भरोसा दिलाया, कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा इस अवसर पर श्री कालिया का पुष्पहारों, पुष्पगुच्छ, पगड़ी बंधन एवं स्मृति चिन्ह एवं नाम की मॉय स्टॉम्प की योजनांतर्गत डाक टिकिट उपहार स्वरूप भेंट की, इस अवसर पर श्री कालिया द्वारा प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांडा ने बताया कि श्री कालिया का सम्मान कर कांग्रेसजनों ने एक नई चेतना का संचार हुआ। मिलनसार व्यक्तिव के धनी कालिया से मिलकर कार्यकर्ता अभिभूत हो गए, अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता से भी उन्होंने आत्मीता के साथ बातचीत की और कहा कि मैं भी आपके बीच का हूं और आप विश्वनाथ दुबे जी की जगह मुझे अपनी हर समस्या बता सकते है, और मैं उन्हें हल कराने के लिए सदैव तात्पर्य रहूंगा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कांडा, राजेन्द्र चौधरी, सरोज कांडा, दीपक सिंह राजपूत, पिंकी ठाकुर, उषा महाजन, रूपलाल यादव, दलवीर सिंह जस्सल, बलजीत सिंह, बी.के. तिवारी, उमाकांत चौकसे, आलोक मिश्रा, टीटू शर्मा, सोनू कांडा, अरविंद जामनिक, शुभम शिवहरे संजय वर्मा, मुनीर अहमद अंसारी, बाबू खान, बलविंदर मान, कुमुद मुराब, बिना परिहार, यासमीन, आशोक राय, अशोक प्रजापति, दयावंत राव, अनील गुप्ता, श्याम सोलंकी, शालनी सहित अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## लायंस क्लब सेंट्रल द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** नवीन विद्याभवन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपियर टाउन जबलपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सेंट्रल जबलपुर द्वारा संस्था के 35 शिक्षको का सम्मान साल श्रीफल से किया गया एंव 40 बच्चों को कापी किताब वितरण का कार्यक्रम किया गया। इसमें संस्था के अध्यक्ष श्री राधे श्याम अग्रवाल संस्था के सचिव अजय अग्रवाल संस्था के कोषाध्यक्ष भरत लाल साहू उपस्थित रहे। लायंस क्लब के मुख्य अतिथि के रूप में एम.जे. एफ. लायन सुधीर जैन प्रथम वाइस डि. गर्वनर आयोजन अध्यक्ष लायन अजय गुप्ता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन भारत साहू सचिव लायन गिरीश वर्मा कोषध्यक्ष उमाशंकर सिंह जी.एम.टी. आर्डिनेटर लायन भरत अग्रहरि जोन चेयरपर्सन लायन पप्पी खान मास्टर आफ सेरोमनी के रूप में लायन प्रकाश नेमा लायन एम.पी. दुबे के साथ अन्य लायन सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे, कार्यक्रम के संबोधन में मुख्य अतिथि लायन सुधीर जैन द्वारा शिक्षक दिवस के महिमा पर प्रकाश डाला गया लायन भरत साहू द्वारा शिक्षक दिवस पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित किया गया, सभी शाला के प्राचार्य व एवं बच्चे कार्यक्रम में उपस्थित रहे इनको सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सचिव लायन गिरीश वर्मा द्वारा किया गया।

## जनआशीर्वाद यात्रा में शामिल होने केंद्रीय मंत्री कुलस्ते 9 को मझौली पहुंचेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने शनिवार 9 सितंबर को सुबह 10 बजे मण्डला जिले के ग्राम जेवरा से कार द्वारा मझौली पहुंचेंगे। श्री कुलस्ते मझौली, इन्द्राना, पनागर, नूनपुर और पाटन में जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होंगे तथा शाम 4 जबलपुर से वायुयान द्वारा नईदिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# शंखों के जय घोष स प्रारंभ होगी श्री कृष्ण की विशाल शोभायात्रा

## 51 झांकियों, भजन मंडलियों के साथ लगभग 100 वाहन होंगे शामिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आज 07 सितम्बर 2023 गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा अपरान्ह 2.00 बजे पुराना बस स्टैण्ड से श्री नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य नरसिंहदास जी महाराज के संरक्षण एवं नगर के समस्त पूज्य संतों की पावन उपस्थिति में निकाली जाएगी

शोभायात्रा में श्रीकृष्ण मंदिर गोरखपुर की 25 झांकियां, 5 हरिनाम संकीर्तन मंडल, बैंड दल, गोपाल लाल जी मंदिर हनुमान ताल की 10 झांकी, गोपाल मंदिर घमापुर की 5 सजीव झांकियो के साथ श्री कृष्ण के विशिष्ट विग्रह, बैंड, महाराष्ट्र से पधारी साधु संतों की मंडली, जय श्री कृष्णी सभा गीता मंदिर बाई का बगीचा की 5 झांकी, श्रीकृष्ण मंदिर छोटी ओमती की 15 झांकी, श्री श्याम मंडली, बैंड, अखाड़ा, श्रीराम मंदिर मदन महल की 10 झांकी , हनुमान जी का सजीव विग्रह, जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक की 10 संजीव झांकियो के साथ संकीर्तन मंडलियों, झूलेलाल मंदिर की 2 झांकी, यादव महासभा की 25 झांकियां, पारंपरिक ग्वाल बालों की नृत्य मंडली, के साथ




नगरीय एवं ग्रामीण मठ मंदिरों, धार्मिक सामाजिक, सांस्कृतिक समितियों की सहभागिता रहेगी । शोभायात्रा पुराना बस स्टैण्ड नगर निगम चौक से प्रारंभ होगी,जो मालवीय चौक,सुपर मार्केट,गंजीपुरा, लार्डगंज, बड़ा फुहारा होते हुए कमानिया गेट, सराफा चौक, कोतवाली थाना से घोड़ा नक्कास,हनुमानताल,गोपाल लालजी मन्दिर होते हुए बड़ी खेरमाई मंदिर से होकर भानतलैया चौक स्थित त्रिमूर्ति मंदिर परिसर में संत सभा व आशीर्वाद के साथ शोभायात्रा का समापन होगा । आप सभी परिवार, ईष्ट मित्रों सहित भगवान श्रीकृष्ण की इस दिव्य एवं भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर अपने जीवन को कृतार्थ करने का आग्रह श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, चंद्र कुमार भनोत,अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, बाबू विश्वमोहन,लकी भाटिया, प्रेम पुरी, पप्पन मिश्रा, सत्येन्द्र शर्मा, राजेश सेठी, अभिषेक आराध्य, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, कैलाश साहू, संजय गोस्वामी, सुनीता चावला, अंजु भार्गव, मीना कुशवाहा, गीता पांडे, प्रतिभा भापकर, आभा साहू, रजनी साहू, कृष्ण यादव, जगदीश साहू, मनोज नारंग, डॉ संदीप मिश्रा, विध्येश भापकर, राजेन्द्र यादव, नीरज मिश्रा, प्रियाशु हिमांशु शास्त्री सहित सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने किया है।

## श्री कृष्णा जन्माष्टमी शोभा यात्रा की तैयारी, यादव महासभा के पदाधिकारियों ने लिये कई निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी यादव समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर एक विशाल शोभा यात्रा निकाल रही है शोभा यात्रा का आकर्षण परा बानीशि अहीर नृत्य लीजेंम डांडिया मुगदर गोवर्धन पर्वत की झांकियां आदि प्रस्तुति की जाएगी जिनकी तैयारी के लिए अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारी की एक विशेष बैठक श्री संजय यादव जी प्रदेश महासचिव अखिल भारत वर्षीया यादव महासभा के कार्यालय पर संपन्न हुआ बैठक में संभागीय अध्यक्ष विजय यादव शहर अध्यक्ष मनोज यादव जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़ा प्रदेश महासचिव नरेश यादव संजय यादव राकेश यादव दीपक यादव गुलाब यादव जितेंद्र यादव आदि पदाधिकारी उपस्थित थे, श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शोभा यात्रा 7 सितंबर दोपहर 2: 00 बजे बस स्टैंड के पास से आरंभ होगा, प्रथम चरण में समाज के विशिष्ट जनो और बुजुर्गों को पगड़ी पहनकर सम्मान किया जाएगा, तत्पश्चात शोभायात्रा आरंभ होगी जो शहर की प्रमुख मार्ग तीन पत्ती चौराहा श्याम टॉकीज सुपर मार्केट बड़ा फवारा कोतवाली मिलोनीगंज हनुमान ताल से होते हुए भानतलिया में समाप्त होगा। विजय यादव नरेश यादव संजय यादव बालोद यादव शिव यादव मधु यादव मनोज यादव रामकुमार बड़ा गुलाब यादव गुल्लू भैया राकेश यादव दीपक यादव रश्मि यादव कंचन यादव सीताराम यादव असित यादव गोलू यादव गौतम यादव राकेश यादव महादेव पहलवान धर्मेंद्र यादव बाल मुकुंद यादव जितेंद्र यादव राजकुमार यादव साहित्य सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा आम जनों से शोभा यात्रा में पहुंचने की अपील की है।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का वितरण आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट मैं आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के सानिध्य में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आज साय 4 बजे से भगवान राधा कृष्ण का 11 फलों के रस से अभिषेक होगा भक्तों को वृंदावन धाम से आए पूजित मोर पंख का प्रसाद स्वरूप निशुल्क वितरण होगा। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया कि आश्रम में मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ भोजन प्रसादी महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

# कैनवास पर संजोए कृष्ण के रंग





**जबलपुर, देशबन्धु।** कैनवास पर कलाकारों ने कृष्ण के विविध रंग दिखाए। इनमें कृष्ण की लीलाएं दिखी, तो प्रकृति और मानव के लिए कृष्ण का संदेश भी नजर आया। कृष्ण की लीलाओं पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता ललित कला संस्थान और कलाविद भगवान दास गुप्ता शैक्षणिक उत्थान समिति के तत्वावधान में हुई। कार्यक्रम में 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, श्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संदीप जैन प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम की कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ चित्रकार डॉ. हरि भटनागर, मुख्य अतिथि ब्योहार डॉ. अनुपम सिंहा ने कहा कला से युवाओं की प्रतिभा में निखार होता है। कार्यक्रम में प्रिया सौंधिया, सूर्यांश नीखरे, आयुष कुशवाहा, आस्था जैन, श्रेयांश विश्वकर्मा को विजेता चुना गया। जजमेंट रेखा चौधरी, डॉ. वैष्णवी चित्रकार, डॉ. रेणु पांडेय ने किया। इस मौके पर डॉ. अरूणा, डॉ. अजय कुमार गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, शैलजा सुल्लेरे मौजूद थीं।

## रानी दुर्गावती कलावीथिका में सदाबहार गीतों की सजी महफिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्वत के पीछे चंबेला गांव..., वादा करले साथिया..., झिलमिल सितारों का आंगन होगा...जैसे गीतों से मेलोडी मेकर्स म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या आयोजित हुई। रानी दुर्गावती कलावीथिका कलाकारों की सुमधुर प्रस्तुति से गूंज उठा। गायक कलाकारों ने 38 गीतों की एक के बाद एक प्रस्तुति देकर माहौल खींचा। इस दौरान किशोर ताम्हणे, अमरजीत मल्होत्रा, अनिल वाजपेई, दिलीप पंचभाई, सी.एम कोरी, श्रीमति पूर्णिमा अग्रवाल, पल्लवी फाटक, प्रिया चौधरी, श्यामलाल शर्मा ने गीत गाए। इस मौके पर संगीत निदेशक अनिल चंम्पुरिया, संरक्षिका डॉ. सुनंदा पंचभाई, उमालता चंम्पुरिया, पराग ताम्हणे, प्रमोद सुकीर्ति, अजय बैनर्जी मौजूद थे।

# दरबारे रब्बानी मे उर्स आज से



**जबलपुर, देशबन्धु।** हुजूर शहीदे मिल्लत अल्लामा सैय्यद अब्दुल वदूद कादरी सूफी रब्बानी रहमतुल्ला अलेह का 40वा उर्स मुबारक व हुजूर मसीहे मिल्लत हज़रत अल्लामा अल्हाज सैय्यद मुहम्मद दाऊदुल कादरी जाने मसीह नश्तर रब्बानी का 13वा उर्स मुबारक सज्जादानशीन हजरत अल्लामा मुफ्ती सैय्यद मुहम्मद फैज़ानुरब व अमजद रब्बानी साहब की कयादत मे आनंदनगर समीपस्थ खानकाहे मशाएख ए रब्बानिया शरफाबाद मे मनाया जाएगा। उर्स शरीफ के मौके पर आज दोपहर 3.30 बजे चादर संदल जुलूस खानकाहे मशाएख ए रब्बानिया से निकाला जाएगा जो मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान समीपस्थ दरबारे रब्बानी पहुंचेगा जहाँ परंपरानुसार गुल पोशी व चादर पोशी एवं हल्केए जिक्र कादरिया किया जाएगा जिसके उपरांत दुआएँ खैर की जाएगी और तबरूख तक़सीम किया जाएगा। अल्हाज सैयद अहमद रब्बानी, मौलाना सैयद असद रब्बानी, मौलाना सैयद इरफान अशहद रब्बानी, मतीन अंसारी, गुलाम गौस (दरबारी खादिम), चाँद कुरैशी, अमीन रब्बानी, मोहसिन खान, बबलू कुरैशी, नज्मुद्दीन कुरैशी (बब्बी), हाफिज इरफान अहमद ने अक़ीदतमंदो से शिरकत फरमाकर सवावे दारैन हासिल करने की गुजारिश की है।

# ओपनिंग एड्रेस में बताई भर्ती प्रक्रिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनसीसी कैम्प की ओपनिंग एड्रेस में कैडेट्स ने सेना में जाने की प्रक्रिया समझी। इस दौरान जहां डॉक्यूमेंटेशन क्लीयर हुए, वहीं कैम्प गतिविधियों से रूबरू करवाया गया। बुधवार को वनएमटीआर में 2एमपी गर्ल्स बटालियन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल दिनेश कुमार जैसवाल, डिप्टी कैम्प कमांडेट मेजर कनकलता चौरे मौजूद थे।



# पर्यावरण के सारथी बनकर लगाए पौधे




**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में पर्यावरण के सारथी बनकर प्रोफेसर और छात्रों ने कॉलेज परिसर में पौधे लगाए। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद रोजगार एवं स्थानन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में क्लाइमेट एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण के लिए उतना ही जरूरी है जितना व्यक्ति को जीने के लिए भोजन। इस मौके पर डॉ. तनूजा चौधरी, डॉ. एसके वाजपेयी, डॉ. जया वाजपेयी, डॉ. आरपीएस चौधरी, डॉ. आरपीएस चंदेल, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. मंजुला वाजपेयी, डॉ. प्रतीक्षा गौर, डॉ. राजश्री कपूर मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 07 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी। नक्षत्र-रोहिणी**

**मेष**
परिवार और कार्य के क्षेत्र में समझौतापूर्ण व्यवहार से संघर्ष टाल सकेंगे। किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा होने की आशंका रहेगी।

**वृषभ**
विचारों की दृढ़ता के साथ आप सावधानीपूर्वक काम करेंगे। व्यवस्थित रूप से आर्थिक विषयों का आयोजन कर सकेंगे। अपनी रचनात्मकता को निखार सकेंगे।

**मिथुन**
आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा।

**कर्क**
आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद अनुभव करेंगे।

**सिंह**
- नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे।

**कन्या**
आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे। भाई-बंधुओं से लाभ होगा।

क.

**तुला**
आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें।

**वृश्चिक**
दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे। इसमें मित्रों, परिजनों का साथ मिलेगा।

**धनु**
आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी।

**मकर**
आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।

**कुंभ**
नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी। खर्च बढ़ेगा।

**मीन**
आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा।

मा.

# मरियम हमारी मुक्ति में सहायक



**जबलपुर, देशबन्धु।** निर्मला चर्च कांचघर में स्वास्थ्य की माता वेलांगनी का महापर्व एवं नौरोजी प्रार्थना के सातवे दिन फादर संजय टोप्पो ने कहा ्पवित्र शास्त्र बाइबिल में नबी सिमियोन ने कहा- हे प्रभु मुझे शांति के साथ विदा कर क्योंकि मेरी आंखों ने तेरे उद्धार (मुक्ति) को देख लिया है लुकस(2ः29, 30)मानव मुक्ति के लिए पिता परमेश्वर की जो योजना थी उसमें मां मरियम ने हाँ और आमीन के साथ मानव मुक्ति के केंद्र प्रभु यीशु मसीह को जन्म देकर पूर्ण किया! आज( 2 पतरस 1.5,6,7)के वचन अनुसार माता मरियम अपने सभी भक्तों से कहती है इसी प्रकार तुम सब प्रकार का यत्न करके अपने विश्वास पर सद्गुण, और सद्गुण पर समझ, और समझ पर संयम, और संयम पर धीरज, और धीरज पर भक्ति ,भक्ति पर भाईचारे की प्रीति ,और भाईचारे पर प्रीति पर प्रेम बढ़ाते जाओ! क्योंकि जहां प्रेम होता है वहां स्वयं येशु होते है, जो हमारी मुक्ति का एकमात्र केंद्र है !क्योंकि ये मरियम ने स्वयं कहा क्योंकि जीवन की आत्मा की व्यवस्था ने मसीह यीशु में मुझे पाप की, और मृत्यु की व्यवस्था से स्वतंत्र कर दिया है (रोमियो 8:1,2) अर्थात मुक्त किया है,आप सांसारिक रूप से मुक्ति केवल येसु से प्राप्त कर सकते हैं आज 7 सितंबर फादर रंजीत लाकरा मैनेजर सेंट थॉमस स्कूल जबलपुर माता मरियम प्रभु यीशु की आदर्श शिष्य विषय पर अपने प्रवचन देंगे। निर्मला चर्च के फादर क्रिस्टोफर फादर ,जेवियर ने सभी मां के भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में निर्मला चर्च पहुंचकर आध्यात्मिक लाभ लेने की अपील की है।

## निशुल्क स्वास्थ्य नेत्र शिविर का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु ।** न्यू जबलपुर गारमेंट्स मैन्युफैक्चर एसोसिएशन जबलपुर के द्वारा गोहलपुर मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जॉच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डॉक्टर प्रियंक दुबे, डॉक्टर आकाश गुहेरिया , डॉक्टर तरुण अहरवाल ,डॉक्टर विद्यारतन वरकड़े, डॉक्टर ऋषिका सिंह द्वारा 1000 से ज्यादा मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया। समिति पदाधिकारी ने बताया कि इस तरह के आयोजन हमारी समिति समय-समय पर आयोजित करती आ रही है, चश्मा एवं दवाइयां मरीज को समिति की तरफ से निशुल्क वितरित की गई। शिविर का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल अहमद अंसारी उपाध्यक्ष ईश्वर वासवानी सयुक्त सचिव ताजाराम चोधरी एवं अन्य सदस्यों द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया।

## अरुणिता ने जीता गोल्ड मेडल



**जबलपुर, देशबन्धु।** अरुणिता सिंह चौहान कक्षा 5वी स्कूल, सेंट गेब्रियल हा. से. स्कूल रांझी ने SCKFI संस्था द्वारा प्रायोजित 2015 राज्य स्तरीय प्रतियोगिग 2023 उज्जैन में कराते व फाइटिंग में गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वे डॉ. विनती सिंह की बेटी हैं।

## क्लासिक पावर लिफ्टिंग 10 सितंबर को

**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक खेल संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन एवं जिला पावरलिफ्टिंग संगठन के सचिव एस तनदेलु ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जिला स्तरीय क्लासिक पावर लिफ्टिंग ओवरऑल महिला एवं मास्टर पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर को सामुदायिक भवन गोकलपुर में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का भार 08 सितंबर को नर्मदा हेल्थ क्लब घमापुर में शाम 4: 00 बजे किया जाएगा। सभी खिलाड़ी अपना वेट देने हेतु समय पर उपस्थित हों।

## प्रदेश के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बढ़ाने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि संघ के द्वारा मुख्य मंत्री महोद्य को पत्र लिख कर प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बड़ाने की मांग की गई है, क्योंकि वर्षों से प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट नहीं बड़ाया गया, जिससे कर्मचारियों का इस बढ़ती हुई मंहगाई के दौर में किराय के मकान में रहना दूभर हो गया है। क्योंकि जहां एक तरफ शासन द्वारा हाऊस रेन्ट अति न्यूनतम राशि के रूप में दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में हाऊस रेन्ट कर्मचारियों का बड़ाया जाना चाहिए। क्योंकि इतनी न्यूनतम राषि से न तो परिवार के रहने लायक किराय का मकान ही मिल पाता है और न ही बिजली का बिल जमा किया जा सकता है क्योंकि जितनी राषि हाऊस रेन्ट के नाम पर मिलती है उससे कहीं ज्यादा तो बिजली का बिल प्रतिमाह आता है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, दिनेष गौंड़, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, हेमन्त ठाकरे, क्रिस्टोफर नरोन्हा, एनोस विक्टर, रउफ खान, गुडविन चार्ल्स, सुनील स्टीफन, रवि जैन, वीरेन्द्र श्रीवास, योगेष ठाकरे, मान सिंह आर्मो, सुधीर अवधिया, सुधीर पावेल, संतोष चैरसिया, आषाराम झारिया, भागीरथ सिंह, लक्ष्मण झारिया, त्रिलोक सिंह, अनूप सिन्हा, समर सिंह ठाकुर, वसुमुद्दीन, रामकुमार कतिया, राजेष सहारिया, नीलेष पटेल, सुनील श्रीवास्तव, गोपीषाह, अजय मिश्रा, चैतन्य कुषरे, आषीष कोरी, शरीफ अंसारी, आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की हैं कि प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बढ़ाया जाए।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

## श्रीमती शशि काबरा का निधन



**जबलपुर, देशबन्धु।** चंदन मेंशन राइट टाउन गोल बाजार निवासी जबलपुर जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष श्री शरद काबरा की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कावरा का आकस्मिक निधन हो गया। हर्ष काबरा की माताजी थी. अंत्येष्टि रानीताल मुक्तिधाम में संपन्न हुई।

**श्री भगवती शरण शर्मा-** करमेता पोल्ट्री फार्म के पीछे निवासी श्री भगवती शरण शर्मा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ब्रजेश सोनी-** आजाद चौक गोरखपुर निवासी श्री काशी प्रसाद सोनी के पुत्र श्री ब्रजेश सोनी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्रीमती मगन देवी-** बंगला नं. 19/ई वेस्टलैंड खमरिया निवासी श्री वेद प्रकाश की धर्मपत्नी श्रीमती मगन देवी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राजेन्दर सिंह गांधी-** एकता विहार रतन नगर रोड मदनमहल निवासी श्री राजेन्दर सिंह गांधी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री जसवंत कुमार अहिरवार-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री जसवंत कुमार अहिरवार (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी-** भोला नगर सिंधी कैंप निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद सोनी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री शिव कुमार शर्मा-** ग्वारीघाट निवासी श्री शिव कुमार शर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री शंकर लाल ठाकुर-** माढ़ोताल नई बस्ती श्री शंकर लाल ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुजीत कुमार चटर्जी-** ग्वारीघाट निवासी श्री सुजीत कुमार चटर्जी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतपाल आनंद-** नारायण चौक निवासी श्री सतपाल आनंद का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री दीप नारायण दुबे-** सराफा कमानिया स्थित बड़े जैन मंदिर के पास निवासी श्री दीप नारायण दुबे (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री मतोले यादव-** घमापुर पानी की टंकी के पास निवासी श्री मतोले यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री पन्ना लाल बर्मन-** कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री पन्ना लाल बर्मन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तिज्जो बाई विश्वकर्मा-** अधारताल स्थित पचमठा मंदिर के पास निवासी श्री राम प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती तिज्जो बाई विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# उजारपुरवा स्थित कुएं में मिली युवक की लाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** लार्डगंज थाना अंतर्गत उजारपुरवार क्षेत्र स्थित एक कुएं में युवक की लाश उतारते मिली। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीयजनों ने जब लाश को उतारते देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्रीयजनों की मदद से लाश को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार उजारपुरवा क्षेत्र में रहने वाले युवक भीमराव की लाश बुधवार को मनमोहन नगर के एक कुएं में मिलने से सनसनी फैल गई।

भीमराव किसी काम से गए तो लौटे नहीं। जिसपर परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी। भीमराव की लाश मिलने की खबर पाते ही परिजन, रिश्तेदारों सहित अन्य लोग पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उजारपुरवा क्षेत्र में रहने



वाले भीमराव प्राइवेट जॉब करते थे। मंगलवार की दोपहर में अपने काम पर निकले। इसके बाद देर शाम तक लौटकर नहीं आए। भीमराव

## घटना की जांच में जुटी पुलिस, आसपास कर रही पूछताछ

के घर न आने से परिजन चितिंत हो गए, जिन्होंने अपने स्तर पर भीमराव की तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह मनमोहन नगर में कुछ लोगों ने कुएं में लाश देखी तो पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला। कुएं में लाश मिलने की खबर पाते ही परिजन व रिश्तेदार पहुंच गए, जिन्होंने शव की शिनाख्त भीमराव के रुप में की। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# कार के अंदर बैठकर युवक खिला रहा था ऑनलाइन सट्टा, पुलिस ने पकड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रिकेट मैच शुरू होते ही क्रिकेट के सटोरिये भी सक्रिय हो जाते हैं। बीते तीन दिनों में लगातार पुलिस ने क्रिकेट के ऑनलाइन सटोरियों को पकड़ा है।

इसी कड़ी में बीती रात श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान मैच में कार में बैठकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक युवक को पुलिस ने सिविक सेंटर क्षेत्र से पकड़ा है। इस संबंध में ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि बीती रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि सिविक सेंटर चौपाटी में सफेद रंग की क्रेटा कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 9595 में एक युवक अफगानिस्तान एवं श्रीलंका के बीच चल रहे एशिया कप के एक दिवसीय क्रिकेट मैच पर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। जिस पर तत्काल सूचना पर क्राइम ब्रांच एवं ओमती थाना की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिविक सेंटर क्षेत्र में दबिश दी गई। जहां सिविक



सेंटर में बताये नंबर की क्रेटा कार खड़ी दिखी।

जिसका गेट खोलकर देखा तो कार में बैठा युवक वन प्लस कम्पनी का मोबाइल लिये था, जिसे चैक करने पर मोबाइल में आईडी खुली हुई मिली जो ऑनलाइन रूपये का लेनदेन कर क्रिकेट का सट्टा खिला रहा था। मोबाइल में 30 लाख रूपये का अकाउण्ट पाया गया। जिसमें से 2204986 का बैलेंस था। उक्त युवक ने पूछताछ पर अपना नाम शतवीर सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी चिंतामन साहू कॉलोनी महानद्दा बताया। शतवीर सिंह के कब्जे से वन प्लस, ओप्पो, रियलमी कम्पनी के 3 एण्ड्रॉयड मोबाइल एवं 3 लावा, माईक्रोमेक्स, आईटेल कम्पनी के कीपेड मोबाईल तथा नगद 9 हजार रूपये एवं एक छोटी डायरी जिसमें लेन देन का हिसाब लिखा हुआ है तथा क्रेटा कार क्रमांक एमपी 20 सीएफ 9595 जप्त करते हुये सटोरिये शतवीर सिंह के खिलाफ अपराध दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

# नगर निगम के अधिकारी की मां के गले से चेन झपट कर भागे बाइक सवार लुटेरे

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर लुटेरे सक्रिय हो गये हैं। जो वृद्ध लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। लोगों का पता पूछने के बहाने यह लुटेरे उनके करीब जाते हैं और गले में पहने आभूषण में झपट्टा मारके भाग जाते हैं। वारदात को अंजाम देने का समय भी सुबह का होता है।

इस बार तो इन लुटेरों ने नगर निगम स्मार्ट सिटी के अधिकारी की मां को अपना शिकार बनाया है। गढ़ा थाना अंतर्गत बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरों ने के. जी. बोस कॉलोनी, डॉ. मुखर्जी नर्सिंग होम के पीछे (होपवेल हॉस्पिटल) इन्द्रा गांधी वार्ड गढ़ा में पता पूछने का बहाना करते हुये नगर निगम स्मार्ट सिटी अधिकारी अंकुर खरे की वृद्ध बीमार मां के गले से पलक झपकते लगभग



डेढ़ तोले की सोने की चैन झपट कर भाग गये। सुबह का समय था तो अधिकतर लोग सो रहे थे। जिसके कारण किसी ने वृद्धा की आवाज नहीं सुनी। अंदर से उनका बेटा बाहर निकला। अपने बेटे को वृद्धा ने घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजन अपनी मां को लेकर गढ़ा थाना पहुंचे। और रिपोर्ट दर्ज करायी। घटना स्थल के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी पीड़ितों ने पुलिस थाने में जमा करा दी है। जिससे आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिल सके। रिपोर्ट के तत्काल पुलिस एक्शन मोड आयी और घटना स्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। इस घटना से कॉलोनी निवासियों में अत्यधिक रोष व्याप्त है। क्षेत्रीयजनों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस की गस्त कम होती है। जिसके कारण ऐसे लुटेरों को मौका मिल रहा है। व इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

# शराब तस्करी करते युवक गिरफ्तार, 320 पाव देशी शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रामपुर में एक युवक को पुलिस ने बड़ी संख्या में देशी शराब के पाव के साथ पकड़ा है। इस संबंध में गोरखपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि आशा ब्यूटी पार्लर की बाजू वाली गली रामपुर में एक युवक प्लास्टिक की बोरियों में भारी मात्रा में शराब बेचने के लिये रखे हुये ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक बोरियां रखे खड़ा दिखा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। जिसने अपना नाम मिथलेश कोरी उम्र 21 वर्ष निवासी टेण्डर 2 माण्डवा रामपुर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह दो बोरियों में 320 पाव देशी शराब रखे मिला। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 320 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ मप्र आबकारी अधिनियम का अपराध दर्ज कर लिया है।

# गांजा बेचते 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** हनुमानताल अंतर्गत पुलिस ने प्रेमसागर व शारदा मंदिर पहाड़ी पर छापा मारकर दो गांजा तस्करों को दबोचा है। दो से लगभग 3 किलो गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में हनुमानताल थाना प्रभारी एम.डी. नागोतिया ने बताया कि बुधवार को क्राईम ब्रांच एवं थाना हनुमानताल की संयुक्त टीम द्वारा प्रेमसागर मंदिर के पीछे खड़े युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने अपना नाम राजा गुप्ता उम्र 24 वर्ष निवासी प्रेमसागर बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह पिट्ठू बैंग के अंदर गांजा रखे मिला। जो तौल करने पर 1 किलो 200 ग्राम होना पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने गांजा के संबंध में बताया कि अभिलाष सोनकर

## मुख्य आरोपी की पुलिस को तलाश, 3 किलो गांजा जप्त

निवासी प्रेमसागर से 12 हजार रूपये में खरीद कर लाया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जप्त करते हुये आरोपी राजा गुप्ता एवं अभिलाष सोनकर के के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

इसी प्रकार क्राईम ब्रांच एवं थाना हनुमानताल की संयुक्त टीम द्वारा शारदा नगर पहाड़ी में दबिश दी। जहां खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने अपना नाम ॠषि कोष्टा उम्र 22 वर्ष निवासी शांतिनगर गली नम्बर 1 मेट्रो अस्पताल के पीछे गोहलपुर बताया, जो तलाशी लेने पर सफेद रंग के प्लास्टिक के थैले के अंदर काली रंग की पॉलीथीन में गांजा रखे मिला। जो तौल करने पर 1 किलो 800 ग्राम होना पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि अभिलाष सोनकर निवासी प्रेमसागर से 18 हजार रूपये में खरीदना बताया। आरोपी ॠषि कोष्टा के कब्जे से 1 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त करते हुये आरोपी ॠषि कोष्टा एवं अभिलाष सोनकर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।

दोनों ही प्रकरणों में अभिलाष सोनकर का सामने आने से पुलिस को अभिलाष सोनकर की सरगर्मी से तलाश है।

# कार जलाने के मामले की जांच सात दिन में हो जायेगी पूरी

## डॉग को केंटोमेंट एक्ट के तहत हमेशा के लिये सुलाया गया था

**जबलपुर,देशबन्धु।** सदर बाजपेयी कम्पाउंड में डॉग को जहर देकर मारने के कथित आरोप व उसके बाद कारों में आगजनी को लेकर दायर मामले का हाईकोर्ट ने पटाक्षेप कर दिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ को शासन की ओर से बताया गया कि प्रकरण की जांच सात दिनों में पूर्ण हो जायेगी। जिस पर न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि प्रकरण की विवेचना जारी है, यदि उस पर कोई कमी रहती है तो याचिकाकर्ता सक्षम न्यायालय में जाने स्वतंत्र है।

यह मामला सदर निवासी नेत्रा नाथन की ओर से हाईकोर्ट में दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि उनकी कार में 31 जुलाई को पथवार किया गया। इसके बाद 1 व 2 अगस्त को उनकी कार में आग लगा दी गई। दोनों प्रकरण की रिपोर्ट उनके द्वारा केंट थाने में दर्ज कराई गई। याचिका में कहा गया कि अनावेदक नादन जोसफ को उन्होनें कार के पास देखा था। कुत्ते को जहर देकर मारने का विरोध करने के कारण अनावेदक नादन तथा राकेश उससे दुष्मनी रखते थे। सुनवाई के दौरान एकलपीठ को बताया गया कि कुत्ते सड़क से गुजरने वाले व्यक्तियों को काटते थे। केंटोमेंट एक्ट के प्रावधान के तहत ही कुत्तों को हमेशा के लिये सुलाने कार्रवाई की गई थी। पुलिस ने पथराव के मामले की जांच पूर्ण कर ली है और तीन दिनों में चालान न्यायालय में पेश हो जायेगा। इतना ही नहीं बाजपेयी कम्पाउंड के रहवासी आरसी ग्राउंड में अवैध तरीके से अपने वाहनों की पार्किंग करते थे, जिन्हें नोटिस दिया गया। कार में आगजनी की घटना का कोई विडियों फुटेज नहीं मिला है। सात दिनों में जांच पूर्ण कर ली जायेगी। जिसके बाद न्यायालय ने उक्त आदेश के साथ मामले का पटाक्षेप कर दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

### पाक्सो की अदालत ने एक हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिगा को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को अदालत ने दोषी करार दिया। पाक्सो की विशेष अदालत ने आरोपी शिवांश पटेल को 20 साल सश्रम कारावास व एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने पीड़िता को 50 हजार रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के भी आदेश दिये है।

अदालत को अभियोजन पक्ष ने बताया कि पीड़िता के पिता ने बरगी




थाने में शिकायत दर्ज करायी कि उनकी बेटी 19 जून 2019 की राशि अचानक से घर से गायब हो गई। जिसका आसपास व रिश्तेदारों में पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चल रहा है। कोई पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर मामले को जांच में लिया। इसके बाद 28 जून 2019 को पीड़िता को कटनी के झिंझरी से आरोपी शिवांश उर्फ बिट्टू के साथ दस्तयाब किया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया था कि आरोपी शिवांश से किराये के मकान में पत्नी बतौर साथ में रखे हुए था। इतना ही नहीं आरोपी ने कई मर्तबा उसके साथ शरीरिक संबंध बनाये। जिस पर पुलिस ने दुराचार व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा सुनाई। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा।

## पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट कर रुपये छीनने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

### नोटिस जारी, अधीनस्थ कोर्ट का रिकार्ड भी तलब

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्राईम ब्रांच और बेलबाग थाना पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट कर रुपये छीनने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। जस्टिस एके पालीवाल की एकलपीठ ने मामले में लगे आरोपों को काफी गंभीरता से लिया। इसी के साथ नौ पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। एकलपीठ ने मामले में अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड भी पेश करने के आदेश दिये है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

यह मामला जबलपुर निवासी सोनू उर्फ सूरज सोनकर की ओर से दायर किया गया है। जिसकी ओर से अधिवक्ता वीके ॠषि ने पक्ष रखा। जिन्होने बताया कि 30 जुलाई 2020 की शाम 5 बजे आवेदक रास्ते से जा रहा था। उसी समय क्राइम ब्रांच के आरक्षक अजय यादव, वीरेंद्र सिंह, देवेन्द्र, महेन्द्र उपाध्याय व बेलबाग थाने के सत्येन्द्र यादव, शेर सिंह, अनुराग, पंकज एवं रोहित त्रिवेदी ने याचिकाकर्ता को रोका और कहा कि टीआई साहब बुला रहे हैं। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उससे कहा कि बहुत शिकायत करता है, 20 हजार रुपए दे वरना झूठे केस में फंसा देंगे। पुलिस कर्मियों ने उसकी जेब में रखे 15 सौ रुपए छीन लिए और जातिसूचक अपमान करते हुए उससे मारपीट की। याचिकाकर्ता ने मामले की शिकायत आईजी से और उसके बाद जिला अदालत में परिवाद दायर किया गया। परिवाद निरस्त होने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

## सीधी के वकील कमलकांत की सनद निलंबित, 50 हजार का जुर्माना

### पक्षकार की बिना सहमति के मृत्यू दावा में किया था राजीनामा

**जबलपुर, देशबन्धु।** पक्षकार की बिना सहमति के एक वकील द्वारा राजीनामा कर नौ लाख रुपये लेने मामले को मप्र स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) ने काफी गंभीरता से लिया। एसबीसी की अनुशासन समिति-बी के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी व मणिकांत शर्मा ने मामले के आरोपी सीधी के अधिवक्ता कमलकांत मिश्रा उर्फ कमलकांत गौतम गंभीर व्यवसाय कदाचरण का दोषी पाया। जिसके बाद उनकी सनद तीन साल के लिये निलंबित कर दी। इसके अलावा 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की कार्यकारी सचिव गीता शुक्ला ने बताया कि सीधी निवासी जगदम्बा प्रसाद पाठक ने अधिवक्ता कमलकांत मिश्रा के खिलाफ शिकायत की थी। जिसमें कहा गया था कि उनके 24 वर्षीय पुत्र की एक दुर्घटना में मृत्यू हो गई थी। बेटे की मृत्यु उपरांत वकील मिश्रा उनके घर पहुंचे और 25 हजार रुपये लिये और कहा कि डेढ़ करोड़ क्षतिपूर्ति के रूप न्यायालय द्वारा दिलायेंगे। इसके बाद न्यायालय में केस पेश कर अधिवक्ता मिश्रा ने पक्षकार जगदम्बा पाठक की बगैर अनुमति व हस्ताक्षर के न्यायालय में राजीनामा आवेदन पेश कर दिया। इतना ही नहीं पक्षकार की बिना सहमति और स्वीकृति के लोक अदालत में नौ लाख रुपये में राजीनामा कर लिया। पेश किये दस्तावेजों और साक्ष्यों का अवलोकन कर एसबीसी की अनुशासन समिति ने अधिवक्ता कमलकांत मिश्रा को व्यवसायिक कदाचरण का दोषी पाया।

**जुर्माने की राशि में से 30 हजार पीड़ित पक्ष को मिलेंगे-**

एसबीसी द्वारा अधिवक्ता पर लगाये गये 50 हजार के जुर्माना अदायगी पर 30 हजार की राशि पीड़ित पक्षकार को दिये जायेंगे। शेष 20 हजार की राशि परिषद के खाते पर जमा होगी। जुर्माना राशि अदा न होने पर छः माह का अलग से निलंबन रहेगा।



# लायंस क्लब जबलपुर सेंट्रल द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** नवीन विद्याभवन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेपियर टाउन में शिक्षक दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सेन्ट्रल जबलपुर द्वारा संस्था के 35 शिक्षकों का सम्मान साल श्रीफल से किया गया एवं 40 बच्चों को कॉपी किताब वितरण का कार्यक्रम किया गया इसमें संस्था के अध्यक्ष राधे श्याम अग्रवाल संस्था के सचिव अजय अग्रवाल संस्था के कोषाध्यक्ष भरत लाल साहू उपस्थित रहे। लायंस क्लब के मुख्य अतिथि के रूप में एमजेएफ लायन सुधीर जैन प्रथम वाइस डि गर्वनर, आयोजन अध्यक्ष लायन गुप्ता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन भारत साहू सचिव लायन गिरीश वर्मा कोषाध्यक्ष उमाशंकर सिंह जीएमटी आर्डिनेटर लायन भरत अग्रहरि जोन चेयरपर्सन लायन पप्पी खान मास्टर आफ सेरोमनी के रूप में लायन प्रकाश नेमा लायन एमपी दुबे के साथ अन्य लायन सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सचिव लायन गिरीश वर्मा द्वारा किया गया।

# सार्वजनिक दंगल 8 सितम्बर को

**जबलपुर,देशबन्धु।** जन्माष्टमी पर्व पर प्रतिवर्ष लगभग 81 वर्षा से कोरोनाकाल के तीन वर्षों को छोड़कर सार्वजनिक त्रि-दिवसीय शानदार ईनामी दंगल का आयोजन खलीफा छिदामीलाल व्यायाम शाला प्रांगण रानीताल जबलपुर में 8 सितम्बर से 10 सितम्बर तक आयोजित है। आयोजन में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू पूर्व केबिनेट मंत्री सम्मानीय श्री लखन घनघोरिया विधायक विनय सक्सेना, विधायक श्री अशोक रोहाणी एवं जिला अखाड़ा संघ जबलपुर के 72 अखाड़ों के उस्ताद खलीफा, कुश्ती प्रेमी प्रतिष्ठित नागरिक तथा बाहरी पहलवान भी आमंत्रित है। इस व्यायाम शाला में पहलवान नि:शुल्क व्यायाम करते हैं दंगल भी व्यायाम शाला के खुले प्रांगण में नि:शुल्क आयोजित होता है व्यायाम शाला की ओर से पहलवानों को प्रमाण पत्र, शील्ड नगद राशि देकर सम्मानित किया जाता है।

# शुभम भाजपा जिला प्रभारी नियुक्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी खेल प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू की सहमति से भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे भाजपा के महा-सदस्यता अभियान का जिला प्रभारी शुभम रजक को नियुक्त किया गया है। शुभम रजक ने बताया



कि खेल प्रकोष्ठ का महा सदस्यता अभियान मंडल एवं बूथ स्तर होगा, जिसमें हर वर्ग के युवाओं एवं खिलाड़ियों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा शुभम रजक वर्तमान में जिला सह संयोजक पद पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं इसी को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिला प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



# चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर व्यापारियों ने थाना प्रभारी गोहलपुर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर,देशबन्धु।** चंडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने चंडाल भाटा ट्रांसपोर्ट नगर में भारती चोरी की घटनाओं के विरोध में थाना प्रभारी गोहलपुर राजपाल सिंह बघेल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि हमारे व्यापारियों की दुकानों से आए दिन चोरी हो रही है कुछ लोग जो वहां के नशेड़ी वगैरह हे वह लोग चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं एवं वहां पर बाहर से आने वाले ट्रक ड्राइवर को स्प्रे डालकर बेहोश कर देते हैं एवं उनका पैसा एवं मोबाइल एवं ट्रैकों से सामान चोरी कर लेते हैं इसी तरह स्पेयर पार्ट्स की दुकान एवं ट्रांसपोर्टो का सामान आए दिन चोरी हो रहा है इस इन बातों से परेशान होकर ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी परमवीर सिंह राजेश अग्रवाल बबलू सुधीर भागचंदानी बृजमोहन सिंह ठाकुर राजेश जैन आशीष पिशणानी मिक्की आहूजा कमलप्रीत सिंह बंगा गगनदीप सिंह कमरूत भाई जान विराग पौराणिक जमील भाई जान रूपेश साहू शीतल ठाकुर कुंदन विश्वकर्मा आदि ट्रांसपोर्ट उपस्थित थे पहले ट्रांसपोर्टर ने थाना प्रभारी राजपाल सिंह बघेल का स्वागत उनकी नई पदस्थापना पर किया थाना प्रभारी ने तुरंत कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# मोटर सायकिल की टक्कर से वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबजार थाना में 5-9-23 को मेडिकल कालेज से सूचना मिली कि 5-9-23 को चौथा मील महाराष्ट्र बैंक के सामने थाना गोराबजार मे सड़क दुर्घटना में घायल सलूला बर्मन उम्र 70 वर्ष को उपचार के लिए पत्नी कलिया बाई द्वारा लाया गया था जिसे डाक्टर ने चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुॅची पुलिस को कलिया बाई उम्र 65 वर्ष निवासी चण्डी मोहल्ला जमतरा ने बतायी कि 5-9-23 को सुवह अपने पति सलूला बर्मन के साथ न्यायालय जा रही थी, रास्ते में पति सलूला बर्मन महाराष्ट बैंक तिलहरी मे रूपये निकालने के लिये जैसे ही मुड़े लगभग 10-30 बजे एकता मार्केट तरफ से आ रही मोटर सायकल के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पति को टक्कर मार दिया जिससे पति गिर गये उन्हें सिर में चोट आई फ़िर वह अपने पति का उपचार के लिए डाक्टर पाण्डे क्लीनिक बिलहरी में ले गयी इलाज कराया और अपनी बेटी को बुला कर पति को से मेडिकल कॉलेज लेकर गई जहां डाक्टर ने चैक कर पति सलूला बर्मन का मृत घोषित कर दिया पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने पत्रकारों से किया परहेज

## पुलिस की कार्यप्रणाली से पत्रकारों में रोष

पाटन देशबन्धु। आगामी त्योहारों के मद्देनजर दिनांक 5 सितंबर 2023 को शाम 6ः30 पाटन थाने के द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर परिषद के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित पार्षदगण एवं समाजसेवी, डीजे वाले,नगर की समितियों के सदस्यगण और पाटन ब्लाक का प्रशासनिक अमले की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी लेकिन नवागत थाना प्रभारी नवल आर्य एवं पाटन थाना स्टाप के द्वारा नगर के पत्रकारों को उक्त बैठक में आमंत्रित नही किया गया ऐसा क्यों है इसकी प्रमुख वजह यह है कि पाटन ब्लाक के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुलिस के सरक्षण में जगह जगह अवैध शराब बिकवाई जा रही है जिसकी निष्पक्ष खबर लगातार मीडिया में प्रकाशित होती रहती है। पिछली शांति समिति की बैठक में कुछ पत्रकार साथियों ने नगर एवं ग्रामीण इलाकों में बिक रही अवैध शराब का मुद्दा उठाया था यही वजह है कि पाटन पुलिस नगर के पत्रकारों को शांति समिति की बैठक में बुलाने से परहेज करती है।



**इनका कहना है**-पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य ने नगर के सभी पत्रकार बंधुओं को शांति समिति की बैठक में आमंत्रित किया था, ऐसा टीआई ने मुझे बताया है।

**लोकेश डाबर,**
**पुलिस एसडीओपी, पाटन**

# नगर में आज मनाई जाएगी जन्माष्टमी

## जगह-जगह होंगे मटकी फोड़ कार्यक्रम

**पाटन देशबन्धु।** पाटन ब्लाक के अंतर्गत आने वाले नगर एवं ग्रामीण इलाकों में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जा रहा है। नगर के नृत्य गोपाल मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जायेगा उसके अलावा जगह जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर्व भादो माह की श्रीकृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व मनाया जा रहा है।



### शिक्षक दिवस पर अधिवक्ता संघ ने रिटायर्ड शिक्षक प्रेमदास बैरागी का किया सम्मान

**बरेला, देशबन्धु।** हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ के परिवार द्वारा शारदा मंदिर रिछाई स्थितशासकीय माध्यमिक. रिछाई विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्तप्रेमदास बैरागी रामायणी सर को सम्मानित किया।इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक माध्यमिक परीक्षा विद्यालय के समस्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर हाई कोर्ट अधिवक्ता संघ केएड रघुवंश प्रसाद पांडे,एड इंद्रमणि दुबे, एड प्रभात रंजन त्रिवेदी, एड आशीष सिंग, एड संजय झरिया उपस्थित थे।

### श्रीराधा कृष्ण के विविध रूपों में सजे बच्चे

**बरेला, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर. नगर के विभिन्न स्कूलों में श्री राधा कृष्ण के विविध रूपोंऔर विभिन्न वेशभूषा धारी बच्चों ने.श्री राधा कृष्ण का स्वांग रचकर लोगों को भाव विभोर किया।इस अवसर पर नगर के. कोतवाली मोहल्ला निवासी नन्हे-मुन्ने बच्चों. अनन्या साहू और नैतिक साहू नेभी विभिन्न वेशभूषा धारण कर. केएल सोनकर इंग्लिश मीडियम स्कूल में जन्माष्टमी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए. इस अवसर पर प्राचार्य मदन साहू नेप्रभारी प्राचार्य आनंद साहू ने. सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### नवागत प्राचार्य का संघ ने किया स्वागत

**बरेला, देशबन्धु।** शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला में नव पदस्थ प्राचार्य श्री आशीष पंड्या ने पदवार ग्रहण किया इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र एवं संकुल केंद्र में पधारे प्रचाय का स्वागत मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पदाधिकारीयो द्वारा किया गया इस अवसर पर संघ कि शहजाद सिंह द्विवेदी, रजनीश कुमार पांडेय ,दालचंद पासी, किशोर दुबे,मनोज सिंह, सुरेंद्र चौबे,शेर सिंह, डीके विश्वकर्मा शुभ संदेश सिंघौर राममिलन बरकड़े दिनेश पासी महेंद्र रंग डाले चिंतामणि तिवारी बालकिशन झरिया, आदि मौजूद रहे

## सार-समाचार



### शांति समिति की बैठक : त्यौहार हर्षोल्लास से मनाने का लिया निर्णय

**पनागर, देशबन्धु।** आगामी त्योहारों के संदर्भ में थाना पनागर प्रांगण में शांति समिति की एक आवश्यक मीटिंग नगर के गणमान्य जनों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई जिसमें सी एसपी प्रियंका मरकाम तहसीलदार प्रजीत बसोड़ थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह एवं मध्य प्रदेश विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता असाटी जी नगर कार्यालय उपस्थित रहे जिसमें कृष्ण जन्माष्टमी के साथ आने वाले दिनों में गणेश उत्सव और दुर्गा उत्सव पर भी चर्चा की गई जिसमें यादव महासभा नगर इकाई द्वारा आयोजित शोभायात्रा एवं अभिमन्यु चौक पर विराजमान भगवान कृष्ण की झांकी स्थापित की गई प्रतिमा स्थल पर भजन कीर्तन आर्केस्ट्रा संध्या के कार्यक्रम के संदर्भ में चर्चा हुई यह पर्व सभी लोगों ने सर्वसम्मति हर्षोल्लाह से मनाने निर्णय लिया और प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं जिसमें यातायात मैं सुधार और विद्युत निरंतर मिले ऐसा निर्णय लिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल विमल जैन सांसद प्रति निधि एवं अध्यक्ष तहसील अधिवक्ता फोरम आदर्श व्यापारी संघ अध्यक्ष पदम मोदी विधायक प्रतिनिधि आनंद जैन मिंचू शरद खजांची गोवर्धन खेटपॉल संतोष सैनी रामनिवास गौतम पार्षद दीपू नामदेव मुकेश वंशकार बहादुर राय इंद्र कुमार पटेल बाबू खान नगर पालिका कर्मचारी मनोज पटेल मनोज चौधरी गोरेलाल यादव सतीश यादव राजेश यादव आदि अनेक गणमन नागरिक उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी पर भजन संध्या आज

**पनागर, देशबन्धु।** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर यादव महासभा पनागर द्वारा विशाल भजन संध्या कार्यक्रम आज दिन बुधवार को रात्रि 9ः00 बजे सेअभिमन्यु चौक पनागर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें महानगर के महान कलाकार मनीष अग्रवाल उर्फ मोनी अंगना पधारो महारानी फेम एंड पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी कार्यक्रम में श्री जगदीश यादव प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा मुख्य अतिथि एवं प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका पनागर विवेक पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत जबलपुर विमल जैन रामकुमार यादव बडड़ा जिला अध्यक्ष यादव महासभा मनोज पटेल दाऊ ब्लॉक अध्यक्ष महाराजपुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे कार्यक्रम संरक्षक डॉक्टर सत्येंद्र सिंह यादव आयोजक गोरेलाल यादव संयोजक विजय यादव संभाग अध्यक्ष यादव महासभा केशव यादव झम्मू यादव सतीश यादव गोपी यादव मनीष यादव शरद यादव गोविंद यादव मुन्ना यादव गुड्डू यादव राजू यादव आदि ने समस्त क्षेत्रीय जनता से कार्यक्रम में उपस्थित की अपील की है 7 सितंबर दिन गुरुवार को दोपहर 3.30 बजे से भगवान कृष्ण की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### वैश्य महासम्मेलन की बैठक एवं कजलिया मिलन

**पनागर, देशबन्धु।** वैश्य महासम्मेलन जबलपुर ग्रामीण की तहसील इकाई पनागर की बैठक एवं कजलिया मिलन कार्यक्रम, आज बुधवार को शाम 6 बजे तहसील अध्यक्ष पदम मोदी के निवास पर आयोजित है ।कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री श्री संदेश जैन, प्रदेश महिला इकाई अध्यक्ष श्री मति ज्योति जैन, जिला जबलपुर ग्रामीण प्रभारी, श्री दयाशंकर कनकने,जिला जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष श्री संजय साहू, तहसील प्रभारी विमल जैन महिला इकाई की महामंत्री श्रीमती मनीषा मोदी जी की उपस्थिति प्रमुख रूप से रहेगी। तहसील अध्यक्ष पदम मोदी, मनोज चौधरी जिनेश खजांची आलोक कटंगा ने समस्त वैश्य समाज के पदाधिकारी से उपस्थित होने की अपील की है।

### नि:शुल्क आंखों की जांच शिविर आयोजित

**कुंडम, देशबन्धु।** 80 मरीजों का आंख से पीड़ित व्यक्तियों का निशुल्क हुआ जांच शिविर संपन्न सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल कुंडम के माध्यम से शिविर लगाया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्रीय 80 लोग आंखों के मरीज पहुंचे शिविर में कुछ मरीजों को निशुल्क चश्मा भी वितरण किया गया वहीं पर ए एस जी नेत्र चिकित्सालय जबलपुर से आए डॉक्टरों ने भी अपना इस सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल पर जांच शिविर में सहयोग करते हुए मोतियाबिंद के आंखों के मरीजों कोऑपरेशन करने के लिए कहा गया और इस अवसर पर कुंडम सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल तहसील तिराहा विधायक आवास के सामने एकमात्र दुकान है जिसमें आंखों की जांच होती है और चश्मा भी बनाए जाते हैं निशुल्क आंखों की जांच शिविर संपन्न हुआ।

# शिक्षक चाकर नहीं राष्ट्रनिर्माता हैं

**पाटन देशबन्धु।** शिक्षक ज्ञान प्रदाता है वह चाकर न होकर राष्ट्रनिर्माता है वही कर्म को पूजा मानकर कार्य करने वाले शिक्षक हमेशा समाज में सम्माननीय रहे हैं और आगे भी रहेंगे उक्त विचार ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन में इस वर्ष सेवा निवृत हुए और पाटन क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के सम्मान समारोह में बोलते हुए समिति अध्यक्ष ठाकुर रणधीर सिंह,संकुल प्राचार्य श्रीमति के श्रीवास,



पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण शेखर सिंह, सांसद प्रतिनिधि बालचंद जैन राजेंद्र सिंह,सुरेंद्र सिंह आदि ने व्यक्त किये। व्यवस्थापक डॉ विष्णुदत्त त्रिपाठी गोविन्द विश्वकर्मा,घनश्याम बबेले, विष्णु प्रसाद पाठक, हरिनारायण कुररिया,बलराम यादव ने शॉल,श्रीफल और संम्मान पत्र भेंटकर शिक्षकों का अभिनन्दन किया इस अवसर पर विमल जैन,पं राजाराम त्रिपाठी,एस डी नामदेव, शिवराज पटेल,हरिश्चन्द्र जैन, शेख समद मंसूरी,गणेश चौबे, के पी चढ़ार सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बहनों को मृत बताकर फर्जी तरीके से जमीन का नामांतरण कराने के बाद लोन लेने वाला गिरफ्तार

## बदेरा थाना पुलिस की कार्रवाई

**सतना, देशबन्धु।** भूमिस्वामी बहनों को मृत बताकर जमीन का फर्जी तरीके से नामांतरण कराने के बाद यूको बैंक से 10 लाख रुपए से अधिक का लोन निकाल कर धोखाधड़ी करने वाला मास्टर माइंड आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह कुशवाहा, एसडीओपी मैहर राजीव पाठक के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई है। इसमें पूर्व थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी के साथ मौजूदा थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार सोनी की अहम भूमिका रही।



**यह है मामला:** थाना बदेरा में 12 जुलाई को आइपीसी की धारा 417, 420, 467, 468, 471, 474, 120बी के तहत दर्ज अपराध में धारा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट बढ़ाई गई थी। जिसमें भदनपुर निवासी बताकर जमीन के वास्तविक भूमिस्वामी 2 बहनों को मृत बताकर करीब 10 एकड़ जमीन 2 आरोपियों ओमप्रकाश कोल एवं गिरधारीलाल कोल ने स्वंय के नाम राजस्व न्यायालय मैहर से नामांतरण करा ली थी। नामांतरित भूमि का स्वयं को भूमि स्वामी बताकर यूको बैंक से दोनों आरोपियों ने करीब 12 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत करा लिया था।

**तहसीलदार ने कराई जांच-** इस प्रकरण में राजस्व न्यायालय तहसीलदार मैहर ने जांच कराते हुए नामांतरण को निरस्त कर दिया था। फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपियों के विरूद्ध थाना बदेरा में प्रकरण दर्ज कराया था। प्रकरण के मास्टर माइंड एक अन्य तीसरे आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी, लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देते हुए फरार था। 5 सितंबर को आरोपी की सूचना सतना में होने की मिलने पर थाना बदेरा पुलिस एवं निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी तत्कालीन थाना प्रभारी बदेरा हाल थाना प्रभारी यातायात ने घेराबंदी कर आरोपी रावेन्द्र मिश्रा पिता रामनरेश मिश्रा निवासी ग्राम रूझौड़ी को गिरफ्तार किया।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का 21 को पाटन होगा आगमन, तैयारियों में जुटे कांग्रेसी



**पाटन, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ का आगामी 21 सितम्बर 2023 दिन गुरुवार को प्रातः 10ः30 बजे पाटन आगमन पर कांग्रेस परिवार के द्वारा विशाल आमसभा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जिसकी तैयारियां को लेकर पाटन विस क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष ठा.विक्रम सिंह ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी के द्वारा एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया जाएगा जिसको मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ संबोधित करेंगे जिसमें समस्त पत्रकार बंधु सादरआमंत्रित रहेंगे उसके पश्चात ब्लाक अध्यक्ष,मंडलम अध्यक्ष,सेक्टर प्रभारियों की बैठक होगी उसके पश्चात श्री कमलनाथ एक विशाल आम सभा को संबोधित करेंगे। पाटन विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी एवं कांग्रेस पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता प्रदेश के यशस्वी नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आगमन को लेकर उत्साहित है हम सभी लोग मिलकर अपने नेता के स्वागत की तैयारियां में जुटे हैं। जब इस संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त करने कांग्रेस पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष नीलेश जैन से बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि आगामी 21 सितंबर 23 को सुबह 10.30 श्री कमलनाथ का पाटन आगमन हो रहा है। अभी जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पास ऑफिशियल कार्यक्रम की जानकारी संभवता 2-3 दिनों में जैसे ही मिलती है मीडिया को उपलब्ध करा दी जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए 8 सितम्बर को पहुंचने अपील

## कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के वरिष्ठ नेता पंडित योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में कर्मचारी संघ के नेताओं की व्यवस्थित रणनीति बनाई गई। ओके जानकारी देते हुए संघ के के जी पाठक,योगेंद्र मिश्रा ने बताया जिसमें कहा गया कि सभी को एकत्रित होकर पुरानी पेंशन बहाली के लिए आवाज को बुलंद करते हुए 08 सितम्बर 2023 को सायं 6.00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, के सामने ओमती ( घंटाघर) जबलपुर में माननीय मुख्यमंत्री जी म. प्र. शासन के नाम से माननीय कलेक्टर महोदय जबलपुर को ज्ञापन सौंपा जायेगा । बैठक में योगेन्द्र दुबे, मनीष चौबे,मुकेश सिंह, योगेन्द्र मिश्रा,के जी पाठक, प्रकाश मिश्रा,अनिल दहिया, प्रदीप राय ,हरिशंकर गौतम, गणेश चतुर्वेदी ,आनंद गुप्ता मनोज श्रीवास्तव विजय दुबे ,पहलाद उपाध्याय, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी ,प्रकाश सैनी,उमाकांत पटेल, सुशील दाहिया, नीलेश शुक्ला, संजीव उरमलिया,मंजीत सिंह, सुरेश तिवारी, अनिल ज्योत्षी, रहीम खान,बलराम उपाध्याय, अनिल सहलाम सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# देवी सुरैया मोड़ पर अज्ञात वाहन ने 20 वर्षीय युवक को मारी टक्कर

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत देवी सुरैया मोड़ पर 20 वर्षीय युवक को स्कूटी सवार के द्वारा टक्कर मारने की घटना सामने आई है। पाटन थाने से मिली जानकारी के अनुसार आत्माराम लोधी पिता कोमल प्रसाद लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी उड़ना करैया वर्तमान पता जबलपुर रोड़ पाटन को टक्कर मार दिया जिससे आत्माराम को गंभीर चोटे आई परिजनों के द्वारा घायल को तत्काल मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज करके अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने शिक्षक का किया सम्मान

**पाटन, देशबन्धु।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों द्वारा शिक्षकों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम की तैयारी की एवं अपना मार्गदर्शन करने वाले पूजनीय शिक्षकों का सम्मान करके उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर छात्रों ने बहुत सी सुंदर प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। इस पावन अवसर पर संस्था के प्राचार्य चरण सिंह ठाकुर ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा ही उन्नति की कुंजी है शिक्षा मनुष्य को आदर्शवान बनती है तथा अभीष्ट लक्ष्यों की सिद्धि हेतु सहयोग करती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्ति में अनुशासन का बहुत महत्व है अतः हमें आज से ही कृत संकल्पित होकर अपने



लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए कमर कस लेनी चाहिए तथा निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन अर्थात पढ़ाई करना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षा एवं समाजसेवी पूरन सिंह ठाकुर पूजा बाबा उपप्राचार्य सुजीत सिंह वरिष्ठ शिक्षक बृजेश विश्वकर्मा , अनिल पटेल , जसपाल सिंह, हेमंत शर्मा , नीरज पटेल , धनंजय प्यासी, अंशुल दुबे, अश्वनी दुबे , मनीषा ठाकुर, रश्मि विश्वकर्मा , ज्योति रैकवार , शिवानी नामदेव , अर्चना बर्मन , कीर्ति जैन , प्रिया तिवारी, वर्षा साहू , भावना सेन , निहारिका विश्वकर्मा सहित सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# कुशनेर विद्यालय के शिक्षक जिला स्तर पर सम्मानित

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशनेर के दो शिक्षक जिला स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित हुए।अपने शिक्षकीय जीवन में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण छात्रों और समाज में जिनका नाम है।अच्छा परीक्षा परिणाम और शाला के विकास में अनुपम योगदान है। विद्यालय के सुनीता गुप्ता और जीनत रसूल अंसारी को यह जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान प्राप्त हुआ।प्राचार्य जगत सिंह मार्को, उत्तम मिरी,अर्चना शुक्ला,सरोज चौधरी,ज्योति बोरिया, निशा दहायत,विभा चौबे,संगीता श्रीवास्तव,प्रतिभा वर्मा,अनीता शांडिल्य, मनोत्तमा पटेल,महिमा सोनी,राजेंद्र बर्मन,रितेश श्रीवास्तव,दिनेश यादव, सत्यनारायण शर्मा,विशाखा गौतम तोवेंद्र बघेल,अभिषेक बर्मन आदि ने बधाई प्रेषित की है।

# बालिका मंडल एवं महिला परिषद ने शिक्षकों का किया सम्मान



पनागर, देशबन्धु। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर ब्राह्मी विद्या बालिका मंडल पनागर एवं शांतिनाथ महिला परिषद पनागर द्वारा आज शिक्षकों का सम्मान किया गया एवं शिक्षक का महत्व समझा एवं सभी शिक्षकों ने अपने-अपने अनुभव हम सभी के बीच साझा किया और वह आज कैसे शिक्षक बने यह रास्ता भी उन्होंने हमें बताया इस अवसर पर जैन समाज सभा के अध्यक्ष राजेश कटंगा पूरन खजांची वीरेंद्र जैन संतोष जैन शिक्षक प्रभात मोदी अभिनंदन चौधरी महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती समीक्षा चौधरी श्रीमती रजनी मोदी श्रीमती अंशुल असगरी बालिका मंडल की अध्यक्ष कुमारी सुशिमा मोदी आकांक्षा जैन तीसरा चौधरी नम्रता जैन एवं श्रीमती कामिनी खजांची श्रीमती राजकुमारी चौधरी श्रीमती मगन जैन श्रीमती कीर्ति जैन श्रीमती शगुन मोदी श्रीमती आशा रानी जैन श्रीमती मृदुल असगरी श्रीमती स्वाति मोदी श्रीमती विमला खजांची आदि उपस्थित रहे।

## चक्रवात की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

साओ पाउलो। ब्राजील के दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में चक्रवात के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गी, जबकि अन्य व्यक्ति और एक जोड़े की बाढ़ में बहने से मौत हो गयी ।तूफान के कारण राज्य की राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित अर्जेंटीना और उरुग्वे की सीमा से लगे राज्य के 15 से अधिक शहरों में बाढ़ आ गई।

# कैश संकट दूर करने में पाक नेता बेदम, अब आर्मी चीफ ने बढ़ाया कदम



**इस्लामाबाद।** जनरल मुनीर ने शनिवार को पाकिस्तान के 50 प्रमुख व्यवसायियों के साथ चार घंटे की लंबी मैराथन बैठक की, जिसमें बिजनेसमैन ग्रुप (बीएमजी) के अध्यक्ष जुबैर मोतीवाला, कराची चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष तारिक यूसुफ और पाकिस्तान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन के अध्यक्ष इरफान इकबाल शेख शामिल थे। ये बैठक पेट्रोल और डीजल की ऊंची कीमतों , यूटिलिटी बिलों और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपये के रिकॉर्ड मूल्यह्रास सहित जीवनयापन की बढ़ती लागत के विरोध में शनिवार को व्यापारियों की हड़ताल के बाद हुई है।

एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, सेना प्रमुख ने व्यापारिक समुदाय को सऊदी अरब की अपनी हालिया यात्रा के बारे में बताया और कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने उन्हें विशेष निवेश सुविधा परिषद (एसआईएफसी) के तहत पाकिस्तान में 25 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने का आश्वासन दिया है। इसी बैठक में जनरल मुनीर ने व्यवसायियों को अपनी अगली यात्रा में कतर और कुवैत से 25-30 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश लाने का आश्वासन भी दिया।

जियो न्यूज वेबसाइट की एक अन्य रिपोर्ट में पाकिस्तान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री फेडरेशन के अध्यक्ष इरफान इकबाल शेख के हवाले से कहा गया है कि सेना प्रमुख ने व्यापारिक समुदाय से कहा है कि सऊदी अरब ने पाकिस्तान को आईटी, खनिज, कृषि और रक्षा में निवेश का आश्वासन दिया है। शेख के हवाले से कहा गया, आर्मी चीफ मुनीर ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान से 10 अरब अमेरिकी डॉलर रखने का अनुरोध किया है। इसे पाकिस्तानी रुपये या सामान के रूप में वापस किया जाएगा ताकि विदेशी मुद्रा बढ़ सके।

व्यापारियों के साथ लंबी बैठक में सेना प्रमुख ने कहा है कि वह नौकरशाही की बाधाओं को दूर करने के लिए विशेष निवेश सुविधा परिषद पर भरोसा कर रहे हैं, जिन्हें सऊदी क्राउन प्रिंस ने निवेश में बाधाओं के रूप में पहचाना है।

रिपोर्ट में मोतीवाला को यह कहते हुए रिपोर्ट किया गया है कि पाकिस्तान में जब भी कोई नया सेना प्रमुख आता है, वब व्यापारियों के साथ मीटिंग करता है लेकिन जनरल मुनीर का बॉडी लैंग्वेज अपने पूर्ववर्तियों के साथ व्यापारियों की बैठकों की तुलना में अलग थी।

जनरल मुनीर अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा कर चुके हैं और अब उनकी कतर और कुवैत जाने की योजना है।

## आज का इतिहास

1701- जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1812- बोरोडिनो के युद्ध में नेपोलियन ने रूसी सेना को हराया।
1813- अमेरिका के लिए पहली बार 'अंकल सैम' का सम्बोधन हुआ।
1822- ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1860- लेडी एलगीन नामक जहाज के लेक मिसीगन डूब जाने से 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई।
1906- बैंक ऑफ़ इंडिया की स्थापना हुयी।
1921- अमेरिका के न्यू जर्सी में पहली मिस अमरिका सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।
1923- विएना में इंटरपोल की स्थापना हुई।
1931- लंदन में गोलमेज सम्मेलन का दूसरा सत्र शुरू हुआ।
1950- हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया।
1977- इथोपिया ने सोमालिया के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।

## सुडोकू 6309

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 7 | | 6 | | | | |
| | | | 4 | | | | 1 | 9 |
| 1 | 2 | | | | | | | 6 |
| | | | 7 | 8 | | | | |
| 7 | 8 | | 5 | | 2 | | 6 | 3 |
| | | | | 4 | 3 | | | |
| 2 | | | | | | | 9 | 8 |
| 5 | 9 | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | | 6 | | 7 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पाक के पास जीवन रक्षक दवाओं को खरीदने के लिए भी नहीं है पैसा

**इस्लामाबाद।** विदेशी मुद्रा की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान को जीवन रक्षक दवाओं की कमी से निपटने के लिए ईरान से मदद की उम्मीद है। करीब छह महीने से अधिक समय से विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण पाकिस्तान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली चरमरा रही है और अब देश बेहद महत्वपूर्ण दवाओं की भारी कमी का सामना कर रहा है। इससे दवाओं तथा स्थानीय स्तर पर दवा बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कच्चे माल दोनों का आयात करने की देश की क्षमता प्रभावित हुई है।

### किश्तवाड़ में आतंकवादी ठिकाने का किया भंडाफोड़

**जम्मू।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। किश्तवाड़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खलील पोसवाल ने कहा कि पुलिस ने सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी जहांगीर सरूरी के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादी ठिकाने से दो कंबल, खाद्य वस्तुएं और निजी उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं, जो ठिकाने में आतंकवादी की मौजूदगी का संकेत देती हैं।

### मेघालय में दो करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त

**शिलांग।** मेघालय पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मंगलवार को एक अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया और हेरोइन जब्त की जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी की पहचान मिजोरम के आइजवाल निवासी थांगसियामाविया पाइते के रूप में हुई है। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान पूर्वी जैंतिया हिल्स जिले के उम्त्यरा इलाके से गिरफ्तार किया गया। वाहन की जांच के दौरान पुलिस को एक छोटा भूरे रंग का कार्टन बॉक्स मिला जिसमें 20 साबुन के डिब्बे थे, जिनमें 252 ग्राम वजन का पीला नारंगी पाउडर भरा हुआ था, जिसमें हेरोइन होने की पुष्टि हुई।

### छात्रों को हीरे की तरह तराशते हैं शिक्षक : सिन्हा

**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर कहा कि शिक्षक छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशता है। शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने शिक्षक को रत्न विज्ञानी बताते हुए कहा कि वह विविध प्रतिभाओं वाले हीरों को परखता है और उन्हें तराशता है। उपराज्यपाल ने कहा कि शिक्षक एक जौहरी है और बहुमूल्य रत्नों को सही आकार और चमक देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एक साथ कई भूमिकाएं निभाता है। वह एक खोजकर्ता है जो छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशने का काम करता है। उपराज्यपाल ने समारोह के दौरान घाटी से पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया।

# महिला टीचरों के प्राइवेट वीडियो बनाता था प्रिंसिपल, 45 से ज्यादा शिकार

**कराची।** पाकिस्तान के कराची शहर में स्कूल के प्रिंसिपल को ब्लैकमेलिंग और 45 से ज्यादा महिला शिक्षकों के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने महिलाओं को ब्लैकमेल करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल किया था। पुलिस को आरोपी के फोन से 25 आपत्तिजनक क्लिपिंग भी मिली हैं।

मामला तब खुला, जब एक महिला टीचर का प्रिंसिपल संग आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया। मामला कराची शहर के गुलशन-ए-हदीद में एक निजी स्कूल का है। यहां के प्रिंसिपल इरफान गफूर मेमन को कथित बलात्कार और ब्लैकमेलिंग के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पाकिस्तान स्थित जियो टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, 45 से अधिक महिला शिक्षक प्रिंसिपल इरफान गफूर मेमन द्वारा यौन शोषण का शिकार हुई हैं, जिन्होंने उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का इस्तेमाल किया था।

**कैसे हुआ खुलासा**

पुलिस को इरफान के फोन से करीब 25 छोटी वीडियो क्लिप भी मिलीं। पुलिस ने जांच के लिए सीसीटीवी कैमरों के डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) के साथ-साथ मेमन का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया। मेमन और एक महिला टीचर का वीडियो वायरल होने के बाद यह घोटाला सामने आया। इसके तुरंत बाद, प्रिंसिपल के कार्यालय को सील कर दिया गया और उन्हें सात दिन की शारीरिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, मेमन ने दावा किया कि उसने स्कूल को 100,000 पीकेआर प्रति माह के हिसाब से किराए पर लिया था, साथ ही बताया कि स्कूल में लगभग 10 महिला शिक्षक, पांच पुरुष शिक्षक और 250 छात्र थे। मेमन के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी और ब्लैकमेलिंग के आधार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है।


**नौकरी के बहाने यौन शोषण**

जांच अधिकारी ने जियो टीवी को बताया कि मेमन नौकरी दिलाने के बहाने महिला शिक्षकों का यौन शोषण करता था। आईओ ने कहा, आरोपी वीडियो बनाकर महिलाओं को ब्लैकमेल करता था सिंध के शिक्षा मंत्री राणा हुसैन के आदेश पर, निजी संस्थानों के निरीक्षण और पंजीकरण निदेशालय सिंध ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया। समिति में उप निदेशक कुर्बान अली भुट्टो और सहायक निदेशक जावेद अख्तर और मुमताज हुसैन क़ंबरानी शामिल हैं।

आईओ ने यह भी कहा कि और भी संदिग्ध सामने आए हैं जिनके पास डीवीआर और पीड़ितों के कई वीडियो हो सकते हैं और आश्वासन दिया कि कम से कम दो संदिग्धों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मालिर हसन सरदार ने कहा कि पांच से अधिक महिलाएं मेमन पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए आगे आई हैं। अब तक, पांच महिलाएं उस संदिग्ध की शिकार के रूप में सामने आई हैं जिसकी जांच चल रही है।

हम पीड़ितों से भी आवश्यक जानकारी जुटा रहे हैं। जियो न्यूज से बात करते हुए सहायक आयुक्त नजीर अब्रो ने कहा कि जिला प्रशासन घटना की जांच करेगा और शिक्षा विभाग से भी संपर्क करेगा ताकि छात्र अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

## वर्ग पहेली 6309



**बायें से दायें:-**

१. विवाह की एक रस्म
४. निरपराध,निर्दोष (उर्दू)
६. छुटकारा, मुक्ति (उर्दू)
७. जन्म देना,जनन
८. धनी, समृद्ध
१०. दहाड़
११. वीरान, निर्जन
१३. शिशु की अवस्था, बाल्यकाल
१४. ढीला, सुस्त
१५. चौकन्नापन, जागरुकता
१७. कबीर के पदों का संग्रह
१८. ध्वनि, शब्द
२१. बाजगरी
२२. गणेश
२४. राजा, सम्राट (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. निस्तेज, मुरझाया हुआ
२. झूठी बात
३. विवाह करना
४. जो लेन-देन के मामले में खरा न हो (उर्दू)
५. नाव खेने वाला, नाविक (उर्दू)
९. खून बढ़ाने वाला
११. कमल
१२. राहिल्य
१३. पार्वती, पर्वतपुत्री
१४. उलाहना (उर्दू)
१५. सर्वविदित, सबके सामने (उर्दू)
१६. बड़ा हाथी
१८. डांट, फटकार
१९. दखलंदाजी
२०. स्थान (उर्दू)
२३. देवदूत (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6308

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | वै | धा | नि | क | | व | र्षा | त | र |
| कु | | रा | | पि | छ | ला | | र्जु | |
| च | ढ़ा | वा | | ल | | ह | नु | मा | न |
| न | | हि | | धा | त्वि | क | | | व |
| | इ | क | ता | रा | | | उ | मं | ग |
| | जा | | बू | | कि | ष्किं | धा | | ठि |
| कि | फा | य | त | | स्म | | र | ज | त |
| ले | | था | | प | त | ला | | लि | |
| दा | ब | ना | | व | | चा | टु | का | र |
| र | | म | हा | न | ग | र | | | क्त |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# भारत के जरिए चीन को पस्त कर सकता है अमेरिका, विवेक रामास्वामी ने बताया प्लान

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में साल 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के रिपब्लिकन उम्मीदवारों की रेस में शामिल भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी ने साफ कह दिया है कि अगर चीन को पस्त करना है तो भारत के साथ संबंध और मजबूत करने होंगे। उन्होंने कहा कि खासकर रक्षा क्षेत्र में भारत की मदद करके चीन को पस्त किया जा सकता है।

38 साल के विवेक रामास्वामी ने एक लेख में भारत के साथ संबंध और अपने प्लान को लेकर कई बातें कहीं। उन्होंने भारत के साथ रक्षा तकनीक को साझा करने पर बल दिया। बता दें कि हाल के दिनों में विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता काफी बढ़ी है।

टीवी डिबेट के दौरान ही आठ लोगों में रामास्वामी ने ऑडियंसको अपनी ओर आकर्षित किया था।

**भारतीय नौसेना को मजबूत करने का प्लान**



विवेक रामास्वामी ने एक लेख में कहा, भारत हिंद प्रशांत नीति का अहम साझेदार है। भारत की गुटनिरपेक्ष परंपरा का सम्मान है लेकिन दूसरे देशों पर काबू करने के लिए यह एक अहम सहयोगी हो सकता है। रामास्वामी ने यह भी कहा कि भारत हथियारों का बड़ा आयातक है ऐसे में यह एक अहम साझीदार बन सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ ऑकस स्टाइल की डील सही रहेगी।

इसके तहत भारत को परमाणु पनडुब्बी के क्षेत्र में सहयोग देकर भारतीय नौसेना को सशक्त बनाया जा सकता है।

रामास्वामी ने कहा कि अगर भारतीय नौसेने का पास पर्याप्त पनडुब्बियां होंगी तो ताइवान युद्ध के समय अंडमान और मलक्का जलडमरू मध्य में सैनिक चीन की घेराबंदी कर सकते हैं। अगर चीन ताइवान पर हमला करता है तो मध्य पूर्व से चीन को जाने वाले तेल सप्लाई मार्ग भी रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जापान, फिलीपीन्स और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों को भी रक्षा बजट का विस्तार करने के लिए राजी करना चाहिए।

इसके अलावा यूके और फ्रांस जैसे देशों को गरीब देशों में निवेश करना चाहिए जिससे चीन का प्रभुत्व कम हो सके।

विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता का यह आलम है कि ट्रंप समर्थक भी उनके जयकारे लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि ट्रंप की गैरमौजूदगी में विवेक रामास्वामी बेहतर उम्मीदवार के रूप में सामने आए हैं और उनमें कुछ अलग है। ट्रंप समर्थकों का कहना है कि रामास्वामी उपराष्ट्रपति के तौर पर फिट हो सकते हैं। बुधवार को हुई बहस में वह रिपब्लिकन पार्टी के केंद्रीय व्यक्ति के तौर पर उभरे थे।

**एतराज** *कोल माइन्स के लिए जमीन अधिग्रहण के केंद्र के प्रस्तावित बिल पर झारखंड सरकार ने जताया एतराज,कहा*

# आदिवासियों व मूल निवासियों के अधिकारों का होगा हनन

**रांची, (एजेंसियां)। देश में कोल माइन्स के लिए जमीन अधिग्रहण से संबंधित केंद्र सरकार के प्रस्तावित बिल पर झारखंड सरकार ने कड़ा ऐतराज जताया है। इस बिल के कानून बन जाने पर कोयले के भंडार वाली जमीनों का अधिग्रहण कोल माइन्स के संपूर्ण जीवन काल के लिए किया जा सकेगा। झारखंड सरकार का कहना है कि।**

यह बिल देश और राज्य हित में नहीं है। इसके जरिए ऐसे बदलाव प्रस्तावित किए हैं, जिससे झारखंड जैसे राज्यों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। इससे राज्य के आदिवासियों और मूल निवासियों के हक-अधिकारों का हनन होगा।

झारखंड सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग ने इस बिल पर आपत्तियां दर्ज कराते हुए केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। बता दें कि द कोल बियरिंग एरिया (एक्वीजीशन एंड डेवलपमेंट) अमेंडमेंट बिल,



■ **खान व भूतत्व विभाग ने आपतियां दर्ज कर केंद्र सरकार को पत्र भेजा**

2023 को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय की ओर से प्रस्तावित किया गया है। इसे लेकर केंद्र ने राज्यों से राय मांगी है। इस पर झारखंड सरकार ने कहा है कि इस बिल के जरिए कोल बियरिंग एरिया एक्ट में बदलाव के जो प्रस्ताव हैं, वह जनभावना के भी विपरीत हैं।

झारखंड सरकार की ओर से केंद्र को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पहले से जो कानून अस्तित्व में हैं, उसके तहत सरकारी कंपनियों को आवंटित किए जाने वाले कोल माइन्स पट्टा एक निश्चित अवधि तक के लिए आवंटित किए जाते हैं। अब केंद्र सरकार द्वारा इस बिल के जरिए यह प्रावधान लाया जा रहा है कि कोल माइन्स का खनन पट्टा तब तक के लिए मान्य होगा, जब तक माइन्स में कोयला शेष है। झारखंड सरकार ने अपनी आपत्ति में कहा है कि यह खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 8 तथा खनिज समनुदान नियमावली 1960 के नियम-24 (सी) के विपरीत है। इसी तरह मौजूदा नियम-कानूनों के अनुसार कोल माइन्स के खनन पट्टा का विस्तार किए जाने की स्थिति में राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि मिलती है, लेकिन नए प्रस्तावित संशोधन के अनुसार जब खनन पट्टा माइन्स की पूरी अवधि तक के लिए जारी किया जाएगा तो राज्य सरकार को अतिरिक्त राशि नहीं मिल पाएगी। इससे राज्य के राजस्व का नुकसान होगा। कोल बियरिंग एरिया एक्वीजीशन एंड डेवलपमेंट एक्ट 1957 के प्रावधान के मुताबिक कोयला खनन एवं इससे संबंधित गतिविधियों के लिए ही सरकारी कंपनियों के लिए भू-अर्जन का प्रावधान है। कोल माइन्स के संचालन के लिए स्थायी आधारभूत संरचना कार्यालय, आवासीय सुविधाओं व अन्य के लिए एलए एक्ट 1894 के तहत जमीन अधिग्रहित की जाती है, लेकिन प्रस्तावित संशोधन लागू होने पर सरकारी कंपनियों के लिए अधिग्रहित की गई जमीन को निजी संस्थाओं को भी दी जा सकती है। झारखंड सरकार ने अपनी आपत्ति में कहा है कि सरकारी कंपनियों के लिए अधिग्रहित की जाने वाली जमीन को निजी संस्थाओं को देने से आदिवासियों और मूल निवासियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन होगा।

# [ अर्थ जगत ]

## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 100 अंक चढ़ा

**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट से मिले नकारात्मक रुझानों के बीच हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे दिन हरे निशान पर बंद हुए। दोनों फ्रंटलाइन इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में हल्की बढ़त दर्ज की गई। आज के कारोबार में सेंसेक्स ने 100 अंकों की बढ़त दर्ज की। वहीं, निफ्टी में भी 36 अंको की बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 100.26 अंक यानी 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ 65,880.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,971.13 की ऊंचाई तक गया और नीचे में 65,488.03 तक आया।



## सोने में 100 रुपये की गिरावट, चांदी 700 रुपये लुढ़की



**नयी दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, सोने में बुधवार को गिरावट जारी रही, विदेशी बाजारों से मंदी के संकेतों के कारण दिल्ली के बाजार में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 100 रुपये की गिरावट के साथ 60,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थीं। चांदी की कीमत भी 700 रुपये लुढ़ककर 74,800 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना गिरावट के साथ 1,924 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी की कीमत घटकर 23.35 डॉलर प्रति औंस रह गयी। सोना एक सप्ताह के निचले स्तर पर फिसल गया, क्योंकि अमेरिकी ट्रेजरी आय और डॉलर सूचकांक इस उम्मीद पर आगे बढ़े कि ब्याज दरें ऊंची बने रहने की संभावना है।

## महीने भर में 18 फीसदी महंगा हुआ चना, आगे और तेजी के आसार

*नई दिल्ली। चना के भाव तेजी से बढ़ रहे हैं। महीने भर में चना के भाव एक हजार क्विंटल से ज्यादा बढ़ चुके हैं। कई सालों बाद चना न्यूनतम समर्थन मूल्य से इतना महंगा बिक रहा है। कारोबारियों के मुताबिक आगे चना की कीमतों में और तेजी आ सकती है। चना महंगा होने की वजह कमजोर आपूर्ति के बीच त्योहारी मांग निकलना मानी जा रही है।*

**महीने भर में 1,000 रुपये से ज्यादा चढ़े चना के दाम**- जानकारों का कहना है कि बीते कुछ सालों से कारोबारियों को चना के कारोबार में खास लाभ नहीं हो रहा था। इसलिए कारोबारियों ने इसे रोककर रखने की बजाय बेचने पर जोर दिया। जिससे दो-तीन साल पुराना चना का स्टॉक अब खत्म हो गया है। चना की त्योहारी मांग भी निकल रही है। लिहाजा चना के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। एक महीने के दौरान चना के दाम 1,000 रुपये से अधिक बढ़कर 6,500 से 6,600 रुपये प्रति क्विंटल हो चुके हैं।

एक कमोडिटी एक्सपर्ट ने कहा कि सरकार भले ही 135 लाख टन चना उत्पादन का दावा करे, लेकिन कारोबारी अनुमान के मुताबिक उत्पादन 100 लाख टन भी नहीं है। मंडियों में चना की कम



आवक के आंकड़े भी बताते है कि इसका उत्पादन कम है। इस साल एक मार्च से 5 सितंबर तक मंडियों में 14.95 लाख टन चना की आवक हुई, जो पिछले साल की समान अवधि की 19.93 लाख टन आवक से 25 फीसदी कम है। आवक कम होने के बीच मांग बढ़ने से चना की कीमतों में तेजी को सहारा मिल रहा है। बीते एक माह में चना 18 फीसदी महंगा हो चुका है। इस समय चना के भाव 6 साल के उच्च स्तर पर हैं। जानकारों के मुताबिक वर्ष 2016-17 में चना के भाव 100 रुपये किलो तक चले गए थे। इसके बाद अब चना की कीमतों में इतनी तेजी का माहौल है।

**आगे 7,000 रुपये से ऊपर जा सकते हैं चना के भाव**- कारोबारियों के मुताबिक आगे चने की कीमतों में और तेजी आ सकती है। चना की नई फसल अगले साल जनवरी-फरवरी में आना शुरू होगी, जबकि अभी त्योहारी मांग और मजबूत होने वाली है।

नेफेड भी अपने स्टॉक से चना ऊंचे भाव पर ही बेच रहा है। यह भाव 6,200 से 6,400 रुपये क्विंटल है। लिहाजा आगे चना के भाव और बढ़ने की संभावना है।

कारोबारी अनुमान के मुताबिक चना के भाव के 7,000 रुपये क्विंटल से ऊपर जा सकते हैं। फिलहाल चना की कीमतों में तेजी का ही माहौल है।

अगर सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के लिए स्टॉक लिमिट लगाती है, तो तेजी कुछ समय के लिए थम सकती है। नेफेड ने 25 अगस्त से चना की बिक्री शुरू की है और अब तक करीब 82 हजार टन चना बेच चुका है।

## रुपया 10 पैसे टूटकर 83.14 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर

*नई दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 83.14 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती से रुपये की धारणा प्रभावित हुई।*

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से बुधवार को भारतीय रुपये में गिरावट आई। इसके अलावा कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भी रुपये पर असर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.08 पर खुला और दिन के कारोबार के दौरान यह 83.02 से 83.18 के दायरे में घूमने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव से 10 पैसे



टूटकर 83.14 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपया इससे पहले इसी साल 21 अगस्त को 83.13 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा था। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 33 पैसे की गिरावट के साथ 83.04 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 104.73 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.44 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## टैक्सपेयर्स की सुविधा के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने किया बड़ा बदलाव

### अब सिर्फ 10 दिन में प्रोसेस होगा आयकर रिटर्न

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 6.98 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मंगलवार को इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने को लेकर एक बड़ा अपडेट जारी किया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने बयान में कहा कि टैक्सपेयर द्वारा वेरिफिकेशन होने के बाद इनकम टैक्स रिटर्न को प्रोसेस करने में लगने वाले समय को घटाकर 10 दिन कर दिया गया है। सीबीडीटी ने कहा कि करदाताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए आयकर विभाग लगातार प्रयास कर रहा है।

**टैक्स डिपार्टमेंट ने कम किया एवरेज प्रोसेसिंग टाइम**- सीबीडीटी ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दाखिल रिटर्न के लिए वेरिफिकेशन के बाद आयकर रिटर्न का एवरेज प्रोसेसिंग टाइम वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 82 दिनों और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 16 दिनों की तुलना में घटाकर 10 दिन कर दिया गया है। सीबीडीटी ने कहा, 'आयकर विभाग आईटीआर को त्वरित और कुशल तरीके से प्रोसेस्ड करने के लिए तैयार है।'

**6.98 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न हुए दाखिल**- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि एफवाय 2022-23 के लिए 6.98 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किए गए, जिनमें से 6.84 करोड़ वेरफाइड हैं। छह करोड़ से ज्यादा आईटीआर यानी कुल सत्यापित रिटर्न में से 88 प्रतिशत को प्रोसेस्ड किया जा चुका है। आयकर विभाग ने बयान में कहा है कि टैक्स असेसमेंट ईयर 2023-24 के लिए 2.45 करोड़ से अधिक रिफंड पहले ही जारी किए जा चुके हैं। आयकर एवं कॉरपोरेट कर से संबंधित शीर्ष निकाय सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि कुछ आयकर रिटर्न (आईटीआर) के मामले




में टैक्सपेयर्स की तरफ से कुछ जानकारी न मुहैया कराने या जरूरी कदम न उठाने से विभाग उनका रिटर्न प्रोसेस नहीं कर पा रहा है। सीबीडीटी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए दाखिल किए गए कुल आईटीआर में से लगभग 14 लाख रिटर्न को करदाताओं ने अभी तक सत्यापित नहीं किया है।

इसके अलावा विभाग ने 12 लाख करदाताओं से आय से संबंधित अतिरिक्त जानकारी मांगी है और इस संबंध में उन्हें ई-फाइलिंग खातों से अवगत करा दिया गया है।

## 6 साल के उच्च स्तर पर चीनी का भाव

### 15 दिनों में 3 फीसदी बढ़ी कीमत

*नई दिल्ली। देश में चीना की कीमतों के भाव आसमान छू रहे हैं। चीनी के घरेलू दाम इस समय 6 सालों के हाई लेवल पर हैं। बाजार की मानें तो चीनी के कम उत्पादन की आशंका के चलते भाव में इतना इजाफा हुआ है वहीं चीनी के दामों के बढ़ने के पीछे एक फैक्टर मॉनसून भी है। इस साल मानसून में कमजोरी के चलते भी भावों में उछाल देखा गया है।*

इलका कारण ये है कि कमजोर मॉनसून रहा तो देश में गन्ने के उत्पादन पर बुरा असर पड़ सकता है। इसी आशंका के चलते चीनी की कीमतें सितंबर 2017 के बाद सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच चुकी है। बीते 15 दिनों में चीनी के दाम में 3फीसदी तक का इजाफा दर्ज किया गया है।

**क्यों बढ़ रहे हैं चीनी के दाम?** देश में त्योहारी सीजन में चीनी की मांग बढ़ने की संभावना है जिसके कारण भी चीनी के दाम चढ़े है। देश के जो प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य हैं वहां पर कम बारिश हुई है। इसी के चलते देशभर में गन्ना उत्पादन की कमी को लेकर आशंका पैदा हो गई है। बाजार की बात करें, तो बाजार को उम्मीद है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का उत्पादन घट सकता है। वहीं नए सीजन में उत्पादन में भारी



गिरावट की आशंका है। नए सीजन में चीनी का उत्पादन 3.3 प्रतिशत घटकर 3.17 करोड़ टन संभव है। महाराष्ट्र में चीनी की एक्स-मिल कीमत 05 सितंबर 2023 को बढ़कर 3,630-3,670 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है, जो 1 अगस्त 2023 को 3,520-3,550 रुपये प्रति क्विटल थी।

**लग सकती है स्टॉक लिमिट!** रिपोर्ट्स की मानें तो सरकार दामों को नियंत्रित करने के लिए चीनी पर स्टॉक लिमिट लगा सकती है। मिलों, होल सेलर्स की लिमिट तय हो सकती है।

इस बीच अगर इंटरनेशनल मार्केट पर नजर डालें तो यहां भी चीनी के दाम में इजाफा दर्ज कियचा गया हैष । थाईलैंड, इंडोनेशिया में चीनी के दाम चढ़े हैं। वहीं एसडीए ने हाल ही में कहा है कि चीनी का ग्लोबल स्टॉक 13 सालों के निचले स्तरों पर पहुंचा है।

## बिकने की तैयारी में हल्दीराम! 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकती है टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स




**नई दिल्ली।** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लोकप्रिय भारतीय स्नैक फूड ब्रांड हल्दीराम में कम से कम 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की संभावनाओं की तलाश कर रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के हवाले से कहा गया कि टाटा ग्रुप की उपभोक्ता इकाई हल्दीराम की कम से कम 51त्न हिस्सेदारी खरीदने के लिए बातचीत कर रही है, लेकिन वह 10 अरब डॉलर के मूल्यांकन को लेकर सहज नहीं है।

**10 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के लिए बेन कैपिटल से भी हो रही बात**- यदि दोनों कंपनियों के बीच यह डील सफलतापूर्वक संपन्न हो जाती है तो टाटा ग्रुप की सीधी टक्कर पेप्सी और अरबपति मुकेश अंबानी की रिलायंस रिटेल से होगा। सूत्रों ने कहा कि हल्दीराम, जो भारत में एक घरेलू नाम है, 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री के बारे में बेन कैपिटल सहित निजी इक्विटी फर्मों के साथ भी बात कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, जो ब्रिटेन की चाय कंपनी टेटली ) का मालिक है और भारत में स्टारबक्स के साथ साझेदारी करता है, हिस्सेदारी खरीद पर बातचीत कर रहा है।

**टाटा ने कहा हल्दीराम की मांग बहुत अधिक**- बातचीत की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक तीसरे व्यक्ति ने कहा कि टाटा 51त्न से अधिक खरीदना चाहता था, लेकिन उसने हल्दीराम से कहा है कि उसकी मांग बहुत अधिक है।

सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि संभावित अधिग्रहण टाटा के लिए एक रोमांचक अवसर का प्रतिनिधित्व करता है। सूत्रों ने आगे कहा, ''टाटा को एक चाय कंपनी के रूप में देखा जाता है। हल्दीराम कंज्यूमर स्पेस में बहुत बड़ा है और इसकी व्यापक बाजार हिस्सेदारी है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि वह बाजार की अटकलों पर टिप्पणी नहीं करता। हल्दीराम के मुख्य कार्यकारी कृष्ण कुमार चुटानी और बेन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**हल्दीराम की शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई**- परिवार द्वारा संचालित हल्दीराम की शुरुआत 1937 में स्थापित एक छोटी सी दुकान से हुई है और यह अपने कुरकुरे भुजिया स्नैक के लिए प्रसिद्ध है, जो मॉम-एंड-पॉप स्टोर्स पर 10 रुपये से भी कम में बेचा जाता है। यूरोमॉनिटक इंटरनैशनल के मुताबिक भारत के 6.2 अरब डॉलर के नमकीन स्नैक बाजार में हल्दीराम की करीब 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस बाजार में लेज़ चिप्स के लिए मशहूर पेप्सी का भी लगभग 13 प्रतिशत हिस्सा है। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। कंपनी के पास स्थानीय भोजन, मिठाईयां और पश्चिमी व्यंजन बेचने वाले लगभग 150 रेस्तरां हैं।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स ने वायकॉम18 के साथ साझेदारी में अपना चौथा ओरिजनल गीत इम्तिहान रिलीज किया

**नई दिल्ली।** रॉयल स्टैग बूमबॉक्स, वायकॉम 18 के साथ गठबंधन में संगीत की एक नई शैली पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें बॉलीवुड की मधुर धुन और हिप हॉप के मिश्रण से जनरेशन लार्ज की ओरिजनल साउंड का निर्माण होता है। संगीत हर पीढ़ी के लोगों में भावनाएँ जगा देता है, इसलिए यह सीग्राम के रॉयल स्टैग के लिए जोश का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज के आधुनिक समय में युवा ग्राहक संगीत के रोमांचक व नए रूपों में ज्यादा रुचि रखते हैं। 'लिविंग इट लार्ज' की भावना का जश्न मनाते हुए और मणिपाल, भुवनेश्वर, पुणे, इंदौर एवं देहरादून में अपने अनूठे ऑन-ग्राउंड अनुभवों से हजारों संगीत-प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर देने के बाद, रॉयल स्टैग बूमबॉक्स 4 ओरिजनल संगीत ट्रैक के लॉन्च के साथ अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। रिलीज होने वाले चैथे ओरिजनल म्यूजिक ट्रैक में मधुर गायिका, नीति मोहन और प्रतिष्ठित रैपर, ईपीआर का अनूठा गठबंधन है। ईपीआर ने कहा मुझे रॉयल स्टैग बूमबॉक्स का हिस्सा बनने की बहुत खुशी है। एक अद्वितीय मंच है जिसने मेरे जैसे रैप कलाकारों को भारत में विकसित होते हिप हॉप को आगे बढ़ाने का अवसर दिया है। मुझे इम्तिहान में नीति मोहन के साथ काम करके बहुत मजा आया। मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को यह पसंद आएगा।

गायिका नीति मोहन ने कहा एक कलाकार के रूप में रॉयल स्टैग बूमबॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म को एक नये संगीत का निर्माण करते देखकर बहुत अच्छा लगा। इस प्लेटफॉर्म के कॉन्सेप्ट के अनुसार ही हमारे गीत इम्तिहान में हिप हॉप और बॉलीवुड को बहुत दिलचस्प तरीके से एक साथ पेश किया गया है।

## भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनीः चौहान

**मुंबई।** एनएसई के एमडी और सीईओ, आशीष कुमार चौहान ने पहली तिमाही की जीडीपी वृद्धि पर कहा की भारत का पहली तिमाही का 7.8 फीसदी वृद्धि जीडीपी आंकड़ा शानदार है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। अमेरिकी आर्थिक वृद्धि लगभग 2 प्रतिशत है, चीन के भी इसी सीमा के आसपास रहने की उम्मीद है, और यह और नीचे जा रहा है। वहीं भारत दुनिया का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। पहली तिमाही में, सेवा क्षेत्र में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है और यह काफी समय से विकास का केंद्र रहा है, कुल मिलाकर 35 प्रतिशत निवेश बहुत उत्साहजनक है। भारत भविष्य के लिए निर्माण कर रहा है, ताकि तेज विकास हासिल किया जा सके।



## स्कोडा ने कुशाक और स्लाविया के नए वैरिएंट के साथ उत्सव का शुभारम्भ किया

**नई दिल्ली।** भारत में सबसे सुरक्षित, उच्चतम मूल्यांकन वाली, टक्कर-परीक्षित कारों के निर्माता, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक ओनिक्स प्लस और स्लाविया ऐम्बिशन प्लस के साथ दो नए उत्पादों की घोषणा की है। दोनों वैरिएंट त्योहारी कीमत, आकर्षक नए एक्सचेंज लाभ और विशेष कॉरपोरेट योजनाओं के साथ हैं। ये सभी विशेष सुविधायें सीमित अवधि तक उपलब्ध हैं।



कुशाक ओनिक्स प्लस में बिल्कुल नए आरवी ग्रुस अलॉय और एक विंडो क्रोम गार्निश है। फ्रंट ग्रिल रिब्स और पिछले भाग में ट्रंक गार्निश अब क्रोम में तैयार किए गए हैं। ओनिक्स प्लस 1.0 टीएसआई इंजन द्वारा संचालित होगा, जो मैनुअल ट्रांसमिशन से जुड़ा होगा। कुशाक ओनिक्स प्लस की कीमत 11.59 लाख रुपये है और यह केवल कैंडी व्हाइट और कार्बन स्टील रंगों में उपलब्ध होगा। स्लाविया ऐम्बिशन प्लस को फ्रंट ग्रिल, नीचे के ओर दरवाजे और ट्रंक गार्निश के लिए क्रोम पैकेज से सजाया गया है। कार में इन-बिल्ट डैशकैम होगा और यह सभी मौजूदा रंग के विकल्पों में उपलब्ध हैं। कुशाक ओनिक्स प्लस की तरह ही, स्लाविया ऐम्बिशन प्लस में भी 1.0 टीएसआई इंजन की विशेषता होगी। ग्राहक 6-स्पीड मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्पों के बीच चुनाव कर सकते हैं। स्लाविया एम्बिशन प्लस 12.49* लाख रुपये की विशेष त्योहारी कीमत पर उपलब्ध है। मेड-फॉर-इंडिया, रेडी-फॉर-द-वर्ल्ड एमक्यूबी-एओ-इन प्लेटफॉर्म पर आधारित, कुशाक और स्लाविया कंपनी के भारत 2.0 प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं और अपने सबसे कामयाब वर्ष 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.13 |
| एक यूरो | 89.21 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 10434 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.06 |
| एक जापानी येन | 0.56 |

महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज
फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।
चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

सोहन लाल एण्ड संस
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 74100
चांदी रिफाइन -75500

दुल्हन श्री आभूषण
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500 चांदी टंच- 74100
चांदी रिफाइन -75500

परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 73 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
टेलर्स वारिस
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## फिर सक्रिय हुआ मानसून, बारिश का दौर चला, आंकड़ा 46 इंच पर पहुंचा

### डिंडौरी, अनूपपुर, बालाघाट, दमोह, सागर, सीधी, सिंगरौली में बारिश का यलो एलर्ट जारी




**जबलपुर, देशबन्धु।** मौसम का मिजाज बदला है। दो दिनों से बारिश का दौर चला। इससे लोगों को राहत मिली। अब तक गर्मी और धूप से मौसमी बीमारी से प्रकोप से शहरवासी परेशान रहे। वायरल फीवर का असर कम हुआ है। ऐसा इसलिये हो रहा है कि क्योंकि तापमान में कमी आई है।

अभी तक बारिश का आंकड़ा 46 इंच के उपर पहुंचने को तैयार है। अगले दो से चार दिनों तक नगर और आस-पास बूंदा-बांदी की संभावना बनी रहेगी। समाचार लिखे जाने तक नगर में बारिश का दौर शुरू हो गया था।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी मे सर्कुलेशन एक्टिव है। इसके चलते लो प्रभाव का एरिया बन गया है। इसके सुखद परिणाम मिले हैं। मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। ट्रफ लाइन भी यहा से गुजर रही है। इसी से जबलपुर और आस-पास बारिश हुई। 18 से 19 तक बारिश का दौर चलने की बात कही जा रही है। मौसम विभाग की माने तो बाहर सितंबर के बीच भी मानसून की बारिश हो सकती है। बंगाल की खाड़ी मे चक्रवात हवाओं का घेरा बढ़ेगा, जो बारिश के लिये अच्छा संकेत माना जा सकता है।

अगले चौबीस घंटे में डिंडौरी, बालाघाट के साथ ही सीधी, जबलपुर, सिंगरौली, पन्ना, उमरिया, मंडला, दमोह, अनूपपुर, सागर, शहड़ोल, टीकमगढ़, छतरपुर, सिवनी, कटनी, के लिये यलो एलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बारिश हो रही है। जिस तरह से बारिश हो रही है उससे किसानों को राहत है। धान और दूसरी फसलों के लिये अभी होने वाली बारिश अमृत के समान कही जा रही है। इस तरह की बारिश की उम्मीद पिछले कई दिनों से किसान लगाये हुये थे जिनका इंतजार फिलहाल खत्म हो गया है।

## बालाघाट के चौरिया-चिलौरा के जंगल से पुलिस ने बरामद किया नक्सली विस्फोटक





**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में कई वर्षों से नक्सली हलचल होती चली आ रही है। नक्सलियों ने कई वारदातों को अंजाम भी दिया है। पुलिस ने भी नक्सली उन्मूलन अभियान भी चला रही है। लेकिन अभी भी बालाघाट जिले में समय-समय पर नक्सली कोई न कोई हरकत करते रहते हैं। हालांकि बीते वर्ष में बड़े इनामी नक्सलियों को मार गिराने में बालाघाट पुलिस को मिली बड़ी सफलता के बाद नक्सली थोड़े सरेंडर हैं और गतिविधियों में कमी आयी है। हालांकि बैनर और पर्चे के माध्यम से नक्सली अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इसी बीच चुनाव से पूर्व पुलिस ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के अनुसार लांजी थाना अंतर्गत प्रतिबंधित नक्सली संगठन भारतीय कम्प्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के मलाजखंड और तांडा दलम के नक्सली सदस्य अवैध शस्त्र और गोला बारूद के दम पर शासन और कानून के विरूद्ध लगातार अपनी गतिविधियां संचालित करते हुए पुलिस बल और मुखबिरों की हत्या करने के आशय से लगातार सक्रिय है। आगामी चुनाव के मद्देनजर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के जंगल में सर्चिंग बढ़ा दी गई है।

बालाघाट पुलिस के नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत मंगलवार को लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत घोर नक्सल प्रभावित चौरिया-चिलौरा के जंगल में सर्चिंग के दौरान हॉकफोर्स और सीआरपीएफ 123 बटालियन की संयुक्त टीम को छिपाकर रखा गया नक्सली विस्फोटक डंप मिला है। नक्सलियों ने पुलिस पार्टी पर हमला करने के उद्देश्य से रखे गये तीन कुकर बम में दो कुकर बम को बीडीडीएस टीम ने डेटोनेट किया। जबकि एक कुकर बम को सुरक्षित खोलने पर उसमें जिलेटिन रॉड, कीले और कार्डेक्स वायर मिला है। इसके अलावा डंप में भारी मात्रा में यूरिया, चारकोल, सल्फर, अमोनियम नाइट्रेट, कार्डेक्स वायर, कुकर, ऑरी, आयरन पाईप सहित अन्य सामग्री मिली है। जिसके बाद जिले के जंगलो में सर्चिंग और डॉमिनेशन की कार्यवाही पुलिस ने तेज कर दी हैं।

## डिंडौरी में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी में बड़ा घोटाला



### किसानों को हर बोरी पर देना पड़ा दो-तीन किलो धान

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिले में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में फर्जीवाड़ा का मामला सामने आया है। वेयरहाउस संचालक ने घोटालेबाज अफसरों की पोल खोलते हुए मामले की शिकायत एसडीएम से की है। आठ महीने पहले नागरिक आपूर्ति निगम ने शहपुरा तहसील मुख्यालय में गुप्ता वेयरहाउस में 16 हजार 709 बोरी धान का भंडारण कराया था। इसका वजन 6683 क्विंटल होता है। समर्थन मूल्य पर किसानों से जब धान खरीदा जाता है तो एक बोरी में 40 किलोग्राम धान लिया जाता है। किसानों को प्रति बोरी 40 किलोग्राम के हिसाब से ही भुगतान होता है। नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारीयों ने ऑनलाइन पोर्टल में गुप्ता वेयरहाउस में भंडारित धान का वजन 418 क्विंटल बढ़ाकर दर्ज किया।

418 क्विंटल धान हुआ गायब-

नागरिक आपूर्ति निगम के मुताबिक धान की प्रत्येक बोरी का वजन 42 से 43 किलोग्राम है। ऑनलाइन पोर्टल में धान के अधिक वजन को देखते हुए वेयरहाउस संचालक ने भंडारित धान का भौतिक सत्यापन कराने एसडीएम से शिकायत की है। नागरिक आपूर्ति निगम विभाग के मुताबिक गुप्ता वेयरहाउस में भंडारित 16 हजार 709 बोरी धान का वजन 7101 क्विंटल है तो वेयरहाउस संचालक के मुताबिक 16 हजार 709 बोरी धान का वजन 6683 क्विंटल होता है। ऐसे में 418 क्विंटल धान कहां गायब हो गया, यह बड़ा सवाल है। किसानों का आरोप- हर बोरी पर दो-तीन किलो धान अतिरिक्त लिया

शहपुरा इलाके के किसान बताते हैं कि धान खरीदी केंद्रों में उनसे प्रति बोरी 42 किलोग्राम धान भरवाया गया। भुगतान 40 किलोग्राम के हिसाब से ही किया गया। किसानों से प्रति बोरी दो-तीन किलोग्राम धान अतिरिक्त लिया गया। किसानों का यह भी आरोप है कि ज्यादा धान भरवाने पर आपत्ति दर्ज़ कराई तो प्रभारियों ने धान रिजेक्ट करने की धमकियां दी।

## मझखेता में आदमखोर बाघ को टीम ने पकड़ा

### तीन माह में तीन की ले चुका था जान, कई लोगों पर हमला कर किया था जखमी

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र के नजदीकी गांव मझखेता में दहशत मचाने वाले बाध को पार्क की टीम ने काबू कर लिया है। बाघ ने हमेशा ही गांव की तरफ रूख किया करता था। बीते कुछ दिनों ने उसने कई लोगों पर हमला किया। बाघ के हमले में अब तक तीन लोगों की मौत चुकी है।



उमरिया के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिसर्व में आतंक का पर्याय बन चुके बाघ को प्रबंधन ने रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद कर लिया है। बीते दो सप्ताह की मशक्कत के बाद पार्क की टीम को बाघ को काबू करने में सफलता हासिल हुई है। वहीं, अब पार्क के 72 कर्मचारियों और सात हाथियों का दल बीते दो सप्ताह से बाघ की निगरानी और उसे रेस्क्यू कर उस क्षेत्र से हटाने में जुटा था। उल्लेखनीय है कि आतंकी बाघ ने टाइगर रिसर्व के समीपी गांव मझखेता सहित आधा दर्जन गांवों में दहशत बना रखी थी। तीन माह में तीन लोगों के ऊपर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था।

इसके बाद से इलाके में हड़कंप और आक्रोश की स्थित बनी हुई थी। तब पार्क प्रबंधन ने बाघ को उस इलाके से हटाने की रणनीति के तहत बाघ का रेस्क्यू कर बाड़े में कैद कर दिया है।

## पेशी में आये आरोपियों को वकीलों ने कोर्ट के बाहर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर के जिला न्यायालय परिसर के बाहर बुधवार को पेशी करने बाहर निकले आरोपियों को वकीलों ने जमकर लात-घूंसों से पीटा। पुलिस ने शिवांश शर्मा की हत्या और उसके भाई आयुष एवं उसके दोस्त वत्सल गर्ग की हत्या के प्रयास के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। पुलिस जब आरोपियों को परिसर से बाहर ला रही थी तभी वकीलों ने आरोपियों के साथ झूमाझटकी और मारपीट शुरू कर दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से पुलिस घबरा गई और बड़ी मुश्किल से आरोपियों को बचाते हुए दौड़कर जीप में बैठाया और वहां से रवाना किया।

दरअसल झांसी रोड थाना क्षेत्र के शनिवार-रविवार की देर रात शिवांश शर्मा जब अपने दोस्त विवेक दीक्षित के साथ कटोराताल रोड पर चौपाटी पर गया था तो वहां मौजूद कुछ बदमाशों से उसका बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। बदमाशों ने इस विवाद में शिवांश पर चौकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से घबराकर उसका दोस्त विवेक वहां से भाग निकला। विवेक ने शिवांश के भाई आयुष को घटना की जानकारी दी। आयुष अपने दोस्त वत्सल गर्ग के साथ वहां पहुंचे और भाई को बचाने लगे तो आरोपियों ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें उन्हें भी गंभीर चोट आई। चाकू से हमला करने के बाद आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में टीमें लगाईं और तीन आरोपियों पुष्पेंद्र परिहार, नरसिंह और शेरू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने शाम के समय तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया और जब पुलिस तीनों को लेकर बाहर निकल रही थी तभी वकीलों ने उनके साथ झूमाझटकी और मारपीट कर दी।

## जबलपुर रेल मंडल ने 5 माह में ही 25 करोड़ रुपए से अधिक की करी कमाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** बिना टिकट यात्रियों से रेलवे का खजाना लगातार भर रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने तो चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम 5 माह में ही 25 करोड़ 32 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना यात्रियों से वसूला। यह कार्रवाई वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक विश्व रंजन के निर्देशन में टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा जबलपुर मण्डल में लगातार की जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम पांच माह (अप्रैल से अगस्त 2023 तक) में बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के 3.26 लाख मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 25.32 करोड़ रुपये वसूल किया गया। इस प्रकार अनियमित टिकट यात्रियों के केवल अगस्त माह में 50 हजार मामले पकड़े गए, जिनसे किराया एवं बतौर जुर्माना सहित रुपये 3.45 करोड़ रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन ने यात्रियों से उचित टिकिट लेकर यात्रा करने की अपील की है।



## गुस्साए छात्रों ने शिक्षक दिवस के दिन प्राचार्य को ही स्कूल में कर दिया बंद

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के ग्राम बिलासपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नाराज छात्रों ने हंगामा कर दिया। शिक्षक दिवस के मौक पर विद्यालय के प्राचार्य मकसूदन प्रसाद साहू को स्कूल के भीतर ही कैद कर दिया। छात्र स्कूल के बाहर प्रदर्शन करने लगे। शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक को स्कूल में कैद करने की खबर से प्रशासन में हड़कंप मच गया।

आनन-फानन में प्रशासनिक अधिकारी बिलासपुर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी और निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्र माने और प्रदर्शन बंद किया।

इस घटना के संबंध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक गोविंद द्विवेदी ने बताया है कि बिलासपुर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पेयजल सहित अन्य सुविधाओं का अभाव है। इस बात से नाराज छात्रों को समस्या का सामना करना पड़ता है।



कई बार शिकायत के बाद भी जब प्रशासन ने आवश्यक सुविधाएं बहाल नहीं कराई तो छात्र उग्र हो गए और प्रदर्शन का रास्ता चुन लिया। हालांकि प्रशासन ने शीघ्र ही सुविधाओं के विस्तार का भरोसा दिया है।

## अनुग्रह राशि देने के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका खारिज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। यह याचिका राज्य शासन व आदर्श विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के प्राचार्य की ओर से दायर की गई थी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने महाविद्यालय के प्राचार्य पर पांच हजार रुपए की कॉस्ट भी लगाई है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि प्राचार्य लिटिगेशन कॉस्ट की राशि अनावेदिका शांति कुशवाहा को 15 दिन के भीतर भुगतान करें प्रकरण के अनुसार शांति कुशवाहा ने पति की मृत्यू उपरांत हाईकोर्ट में अनुकंपा नियुक्ति के लिये हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने 28 अक्टूबर 2016 को आदेश दिया था कि अनुकंपा नियुक्ति के एवज में याचिकाकर्ता को दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाये। वहीं शासन की ओर से कहा गया कि याचिकाकर्ता का पति दैनिक वेतन भोगी के रूप में पदस्थ नहीं था।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 126
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 130
मुर्गा जम्बो - रु. 130

मो.-9039925000, 9425800409

## दमोह में दिव्यांग चरवाहे को दबंगों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र के दलपतपुरा गांव में एक दिव्यांग चरवाहे के साथ चार युवकों ने लाठी, डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। पिटाई से उसकी पूरी पीठ पर चोटों के निशान पड़ गए। पीड़ित को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया। वहीं, पुलिस ने मुलाहिजा कराने के बाद चारों आरोपियों पर मामला दर्ज किया और दो को गिरफ्तार कर लिया।

दिव्यांग उदा पिता दल्ला बंजारा निवासी दलपतपुरा 40 वर्ष पैर से दिव्यांग है और भैंस चराने का काम करता है।





मंगलवार शाम आरोपियों के खेत में भैंस घुस गई और जब तक दिव्यांग युवक भैंसों को खेत से बाहर निकालता उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। घायल को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल भेजा गया और पुलिस को सूचना दी। रजपुरा थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया की दिव्यांग युवक की शिकायत पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ लिया और अन्य दो की तलाश जारी है।

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये | FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY
(ONLY FOR FEMALE)



हेयर वाश,
हेयर कट,
फेस ब्लीच,
हैंड डी -टेन पैक,
फेस डी -टेन पैक,

7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है



एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496



1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

